


रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बोले- सेनाओं का एकीकरण नीतिगत मामला नहीं - 12



भारत ईएफटीए व्यापार समझौता आज से लागू - 12



गाजा युद्ध खत्म करने के लिए ट्रंप की 20 सूत्री योजना, नेतन्याहू भी सहमत - 13



पाकिस्तानी खिलाड़ियों की छींटाकशी का जवाब कप जीतना था - 14


आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
25.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.05
सूर्यास्त 05.58

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

आश्विन शुक्ल पक्ष नवमी 07:01 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 1 अक्टूबर 2025, वर्ष 6, अंक 312, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


## सपा पार्षद के ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन पर चला बुलडोजर, कांप्लेक्स-बरात घर सील

### बरेली बवाल : पुलिस पर फायरिंग का आरोपी मुठभेड़ में गोली लगने से जख्मी, गिरफ्तार

- गिरफ्तार 17 आरोपी अदालत में पेश करने के बाद भेजे गए जेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में हुए बवाल के बाद मौलाना तौकीर रजा के करीबियों पर लगातार गाज गिर रही है। नगर निगम और बीडीए की टीमें मंगलवार को सुबह से ही कार्रवाई को लेकर सक्रिय रहीं। बीडीए की टीम ने नरियावल में जरी कारोबारी के बरात घर और सपा पार्षद के कोहाड़ापीर स्थित कांप्लेक्स को सील कर दिया।

वहीं सपा पार्षद का नाले के ऊपर अवैध रूप से चल रहा ई-चार्जिंग स्टेशन नगर निगम की टीम ने ध्वस्त कर दिया। उधर, उपद्रव के दौरान पुलिस पर फायरिंग करने वाले आरोपी ताजिम को पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही अलग-अलग थाना पुलिस ने 16 अन्य फरार उपद्रवियों को गिरफ्तार किया। डॉ. नफीस समेत अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। गिरफ्तार सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।



सुर्खा बानखाना के रजा चौक में सपा पार्षद के अवैध चार्जिंग स्टेशन को तोड़ता बुलडोजर।

बीडीए की टीम मंगलवार को दोपहर करीब दो बजे फायर बिग्रेड समेत अन्य प्रशासनिक अफसरों के साथ बिथरी क्षेत्र के नरियावल पहुंची और जरी कारोबारी हाजी शराफत के बरात घर को सील कर दिया। एक हजार वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल में बने इस बरात घर का मानचित्र बरेली विकास प्राधिकरण से स्वीकृत नहीं है। टीम सपा पार्षद ओमान रजा के कोहाड़ापीर स्थित सैनेटरी सामान के कांप्लेक्स में पहुंची। इसका निर्माण भी बीडीए के मानकों के अनुसार नहीं किया गया था। टीम ने इसे भी सील कर दिया। इस दौरान कुछ देर आवागमन भी प्रभावित रहा। हालांकि बीडीए की कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ।

उधर, नगर निगम की टीम दोपहर करीब तीन बजे सपा पार्षद ओमान रजा के बानखाना स्थित आवास के पास बने एक भवन में पहुंची। यहां नाले की जमीन पर बने गोदाम में पार्षद की ओर से अवैध रूप से ई-चार्जिंग स्टेशन चलाया जा रहा था। गोदाम के अंदर एक दर्जन से अधिक ई-रिक्शा चार्ज होते मिले। टीम ने चार्जिंग स्टेशन को ध्वस्त कर दिया। दिन भर चली कार्रवाई के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, सीओ प्रथम आशुतोष शिवम समेत नगर निगम और बीडीए के अफसर मौजूद रहे। उधर, आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के आह्वान पर जुमे की नमाज के बाद आई लव मोहम्मद पोस्टर को लेकर विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर पथराव और फायरिंग करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी मंगलवार को भी जारी रही। इस प्रकरण में वांछित ताजिम को बारादरी पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गोली मार कर जख्मी करने के बाद गिरफ्तार कर लिया।

इसके साथ ही बवाल में शामिल फरार 14 आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने तथा बारादरी पुलिस ने एक बाल अपचारी समेत तीन को गिरफ्तार किया है। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने अब तक कुल 73 आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है।

#### तौकीर के बहनोई का घर सील करने पर हंगामा

प्रेमनगर के सुर्खा बानखाना स्थित मौलाना तौकीर के बहनोई मोहसिन हसन खां का घर सील करने पहुंची बीडीए की टीम को कड़ा विरोध झेलना पड़ा। ध्वस्तीकरण शुरू होने से पहले ही भवन स्वामी मोहसिन हसन खान और उनके भाई ने कोर्ट का स्टे ऑर्डर दिखाकर कार्रवाई रोकने की कोशिश की। पुलिस ने दोनों भाइयों को हिरासत में लेकर शांति भंग की आशंका में चालान किया है। बीडीए अफसर भी दो दिन बाद कार्रवाई की बात करते हुए वहां से चले गए।

#### 8 जगह पकड़ी 1 करोड़ रुपये की बिजली चोरी

मौलाना तौकीर रजा खां के रिश्तेदार मोहसिन रजा खान के घर और सपा पार्षद ओमान रजा के ई रिक्शा चार्जिंग स्टेशन पर बिजली विभाग ने भी कार्रवाई की है। विजिलेंस टीम ने ई रिक्शा चार्जिंग स्टेशन समेत 8 जगह से 1 करोड़ रुपये से अधिक की बिजली चोरी पकड़ी है। बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### ब्रीफ न्यूज

#### इंडिगो की उड़ान को मिली बम की धमकी

**नई दिल्ली।** मुंबई से राष्ट्रीय राजधानी आने वाली इंडिगो की एक उड़ान को मंगलवार सुबह बम की धमकी मिली। उड़ान संख्या 6ई-762 में लगभग 200 लोग सवार थे और सुरक्षा एजेंसियों ने इस धमकी को अस्पष्ट पाया। इंडिगो के एक प्रवक्ता ने बताया कि मंगलवार को मुंबई से दिल्ली जाने वाली उड़ान संख्या 6ई-762 में सुरक्षा संबंधी खतरे का पता चला जिसके बाद स्थापित प्रक्रिया का पालन करते हुए हमने संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचित किया। दिल्ली हवाई अड्डे पर इस उड़ान के लिए पूर्ण आपातस्थिति घोषित कर दी गई थी।

#### भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय मल्होत्रा का निधन



**नई दिल्ली।** भाजपा की दिल्ली इकाई के पहले अध्यक्ष और पांच बार दिल्ली के सांसद रहे वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा (93) का मंगलवार सुबह निधन हो गया। मल्होत्रा का पिछले कुछ दिन से एम्स में उपचार चल रहा था। मल्होत्रा का पार्थिव शरीर 1 अक्टूबर को दोपहर 12 से दो बजे तक भाजपा कार्यालय में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। अंतिम संस्कार लोधी रोड श्मशान घाट पर होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित कई नेताओं ने शोक व्यक्त किया।

## कई जिलों में आफत बनकर टूटी बारिश, 7 लोगों की मौत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कानपुर, उन्नाव सहित कई जनपदों में हुईं बिजली गिरने की घटनाएं
- आगरा, मथुरा, मैनपुरी, लखीमपुर फिरोजाबाद में जनजीवन प्रभावित

**अमृत विचार :** विदा होने से पहले मानसून ने अचानक जोरदार असर दिखाया है। प्रदेश के कई जिलों में हुई बारिश ने जहां उमस से लोगों को राहत दिलाई तो वहीं कई जिलों में आफत बनकर टूटी। कानपुर, उन्नाव, आगरा, मथुरा, मैनपुरी और फिरोजाबाद में बारिश का कहर देखने को मिला। लखनऊ, सीतापुर, बरेली व बाराबंकी में रिमझिम बरसात हुई।

महोबा के थाना महोबकंठ के कनकुआं गांव निवासी सीतारानी (45) पुत्री ममता (26) के साथ खेत में मूंगफली उखाड़ने के लिए गई थी। बिजली गिरने से दोनों की मौत हो गई। वहीं बपरेथा गांव निवासी अरविंद (32) बकरियों को चरा रहा था तभी बिजली गिरने से मौत हो गई।

उधर, कन्नौज जिले में तेज बारिश के साथ बिजली गिरने से दो महिलाओं समेत तीन की मौत हो गई। बिजली गिरने से बिरियन नगला, छिबरामऊ निवासी वीरेंद्र कुमार (50), तालग्राम थाना क्षेत्र में महिला सीता और इंदरगढ़ क्षेत्र में महिला सोनी की मौत हो गई।

दो मवेशियों की भी मौत हुई है। आगरा में बिजली गिरने से जगनेर थाना क्षेत्र के गांव शाहगंज में मंगलवार को राजेश पत्नी देवेंद्र की मौत हो गई। वहीं दूसरी जगह खेत पर काम कर रहे धीरेन्द्र व भोलू गंभीर रूप से झुलस गए। मथुरा में एक कार पानी में डूब गई, जिसमें पूरा परिवार फंस गया। जैसे-तैसे ट्रैफिक पुलिस वालों ने बचाया। वहीं, लखीमपुर और मैनपुरी में भी झमाझम बारिश हुई है। बारिश के चलते किसानों की पकी हुई धान की फसल भी खराब हो गई।

आईएमडी के मुताबिक, नोएडा, गाजियाबाद, बागपत, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, मथुरा, लखनऊ, कानपुर, झांसी एवं बुंदेलखंड के जिलों समेत करीब 40 जिलो में आंधी के साथ मध्यम बारिश हो सकती है।

#### उमस से राहत, कई जिलों में यलो अलर्ट

मंगलवार को हुई बारिश से उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग का कहना है कि यह राहत दशहरे तक जारी रहेगी। हालांकि, अक्टूबर के पहले सप्ताह तक राज्य के पूरे हिस्से से मानसून लौट जाएगा। लेकिन बंगाल की खाड़ी में बने नए अवदाब के कारण एक सप्ताह तक कई हिस्सों में बारिश हो सकती है। ऐसे में कई जिलों में येलो अलर्ट भी जारी है।

## बहराइच में भेड़ियों ने किया हमला, वृद्ध दंपती की मौत

संवाददाता, कैसरगंज (बहराइच)

### आतंक जारी

- तीन अन्य घायल, ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को खदेड़ा

**अमृत विचार:** कैसरगंज तहसील के मंझारा तौकली ग्राम में आदमखोर भेड़ियों का हमला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार की आधी रात के बाद मड़हे (झोपड़ी) में सो रहे बुजुर्ग दंपती पर भेड़ियों ने हमला कर उन्हें मार डाला। दोनों के क्षत-विक्षत शव मंगलवार की सुबह मिले। हमले में अन्य तीन लोग भी घायल हुए हैं।

सूचना पर वन विभाग के एसडीओ राशिद जमील दलबल के साथ मौके पर पहुंचे तो ग्रामीणों ने लाठी-डंडा लेकर उन्हें दौड़ा लिया। सबने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। एसडीओ राशिद जमील की गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है।

कैसरगंज रेंज के मंझारा तौकली गांव के प्यारेपुरवा निवासी खेदन (75) पत्नी मनकी (65) के साथ खेत की रखवाली को गए थे। आधी रात बाद दोनों खेत में ही बनी झोपड़ी में सो गए। मंगलवार सुबह नौ बजे तक उनके घर न लौटने पर परिवार के लोग खेत गए। वहां



देखा कि दोनों के शव क्षत-विक्षत पड़े थे। भेड़ियों ने दोनों के शरीर के ऊपरी हिस्से को खा लिया था। ग्रामीणों का कहना है कि गन्ने के खेतों में भेड़ियों का झुंड घूमता देखा गया है।

भेड़िए के हमले में मीना देवी, धनपतिया और सेबरी भी घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया। दो दिन पहले इलाके में एक भेड़िए के मारे जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली थी, लेकिन फिर हमले में हुई दो मौतों से ग्रामीणों में आक्रोश है।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रजापति पर जेल में हमला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/अमेठी

- गोसाईंगंज जिला जेल में हुई घटना, सिर पर लगी गंभीर चोट
- जेल अस्पताल में दूसरे बंदी ने विवाद होने पर किया हमला

**अमृत विचार :** गोसाईंगंज की जिला जेल में बंद पूर्व कैबिनेट मंत्री और समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता गायत्री प्रसाद प्रजापति पर मंगलवार देर शाम रॉड से हमला किया गया। हमले में उनके सिर में गंभीर चोट आई है। जेल अस्पताल में इलाज के दौरान पांच टांके लगाए गए। शुरुआती जांच में जेल के अंदर दूसरे बंदी से विवाद की बात सामने आई है। देर रात गायत्री को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जेल प्रशासन घटना की जांच कर रहा है।

सामूहिक दुष्कर्म व खनन घोटाले के आरोपी सपा सरकार के पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति गोसाईंगज जिला जेल में बंद हैं। डायबिटीज, बीपी, गुर्दा, कमर दर्द समेत दूसरी बीमारियों के चलते लम्बे समय से उन्हें जेल अस्पताल में रखा गया है।

मंगलवार देर शाम 6.30 बजे अस्पताल में सफाई करने वाले बंदी विश्वास ने उनके ऊपर अचानक हमला कर दिया। जांच में सामने आया कि पूर्व मंत्री ने सफाई करने वाले बंदी विश्वास को पानी देने के लिए बुलाया था। वह देर से पहुंचा। इस पर पूर्व मंत्री ने अमर्यादित टिप्पणी की। जिससे नाराज होकर विश्वास ने पास में पड़ी आलमारी के रॉड से गायत्री पर हमला कर दिया। गायत्री चीखते हुए अस्पताल से बाहर की तरफ भागे। बंदी ने दोबारा रॉड से हमला किया तो वह फर्श पर गिर पड़े। इसी बीच दूसरे बंदियों ने दौड़ाकर हमलावर को पकड़ लिया।

अस्पताल में तैनात जेलकर्मियों ने तत्काल डॉक्टर को बुलाया। डॉक्टर ने गायत्री से सिर से बह रहे खून को रोकने का प्रयास किया। इसके बाद टांके लगाए। वरिष्ठ जेल अधीक्षक आरके जायसवाल के मुताबिक जेल अस्पताल में भर्ती गायत्री प्रजापति की एक सफाई करने वाले बंदी से विवाद हुआ। नाराज बंदी विश्वास ने रॉड से पूर्व मंत्री के सिर पर वार कर दिया। सिर में मामूली चोट थी। जेल के डॉक्टर उपचार कर रहे हैं। हालत खतरे से बाहर है।

उम्मीद | 12 सेक्टर पर विभाग तैयार कर रहे हैं मसौदा, 2026-27 के बजट में दिखेगी झलक

## तीन माह में तैयार होगा विकसित यूपी का रोडमैप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश-2047 के विजन डॉक्यूमेंट का रोडमैप दिसंबर तक तैयार हो जाएगा। इस रोडमैप के जरिए प्रदेश को अगले दो दशकों में विकसित राज्यों की श्रेणी में लाने का खाका खींचा जा रहा है।

रोडमैप में शामिल कार्यक्रमों पर विभाग जनवरी 2026 से काम शुरू करेंगे, जिसकी शुरुआती झलक 2026-27 के बजट में देखने को मिलेगी। मुख्यमंत्री के समक्ष इसे अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि यह विजन डॉक्यूमेंट प्रदेश के हर नागरिक की आकांक्षाओं



को प्रतिबिंबित करेगा। इसी उद्देश्य से सरकार लगातार जनता से सुझाव (फीडबैक) जुटा रही है। अब तक 15 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लोग शामिल हैं। सेक्टरवार मसौदों को विभाग हितधारकों और विशेषज्ञों से विमर्श के बाद तैयार करेंगे। हर सेक्टर को अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्य तय किए जाएंगे, ताकि योजनाएं केवल कागज पर न रहकर व्यवहारिक धरातल पर भी उतरें। योगी का उद्देश्य है कि वर्ष 2047 तक प्रदेश वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान स्थापित करे।

औद्योगिकीकरण, कृषि आधुनिकीकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, शहरी और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में संतुलित प्रगति पर जोर दिया जाएगा। यह रोडमैप आने वाले वर्षों में प्रदेश की विकास यात्रा की आधारशिला साबित होगा। नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार के अनुसार, विभाग 30 नवंबर तक सेक्टरवार मसौदा तैयार कर लेंगे। दिसंबर में मुख्य सचिव समिति इसकी समीक्षा करेगी, अनुमोदन के बाद इसे योगी के समक्ष रखा जाएगा। लक्ष्य है कि जनवरी 2026 से रोडमैप में शामिल कार्यक्रमों पर क्रियान्वयन शुरू कर दिया जाए।

#### सरकार का 12 सेक्टरों पर फोकस

विभागों को 12 प्रमुख सेक्टरों पर विस्तृत रोडमैप तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, सूचना प्रौद्योगिकी और उभरती तकनीकें, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सुरक्षा और सुशासन शामिल हैं।




## न्यूज ब्रीफ

### युवक ने की खुदकुशी

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक 35 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। उसका शव गांव के बाहर पेड़ पर फंदे से लटका मिला। परिवार के सदसय पहुंचे और शव को फंदे से उतारा। फिर पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

### महिला को किया घायल

**बीसलपुर :** मोहल्ला दुबे निवासी प्रमोद कुमार की पत्नी रविता गुप्ता ने दी तहरीर में बताया, पड़ोसी दंपति और उसके बेटे ने घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला किया। उनके जेठ रामपाल गुप्ता को घायल कर दिया। बचाने का प्रयास किया तो उनकी भी पिटाई की।

### युवक की मौत

**बीसलपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला दुर्गाप्रसाद निवासी पप्पू की तबीयत खराब हो गई। परिवार के लोग सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। दरोगा विपिन कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद पप्पू की मौत की पुष्टि हो सकेगी।

### शादी से किया मना

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया उसकी पुत्री की शादी ग्राम रिछुलिया निवासी युवक से तय की गई थी। उसने डेढ़ लाख रुपये खर्च किया। अचानक शादी करने से मना कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गांव में दूर होगी समस्या

**बीसलपुर, अमृत विचार :** प्रशासन ग्रामवासियों के द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार सुबह 10 से शाम 5 बजे तक ब्लॉक के ग्राम सावेपुर, रसिया खानपुर, मीरपुर वाहनपुर स्थित मिनी सचिवालय में ग्राम पंचायत स्तरीय चौपाल में निस्तारण गांव में ही अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर तहसील स्तर के सभी अधिकारी चौपाल में उपस्थित रहेंगे।

# आढ़तें गुलजार, सरकारी क्रय केंद्र भी तैयार

## मंडी समिति में क्रय केंद्रों के लिए वारदाना व अन्य संसाधन पहुंचे, धान का आढ़तों पर चल रहा 1500 से 1800 रुपये प्रति क्विंटल दाम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** धान खरीद की शुरुआत 3 अक्टूबर से होगी। इस बार भी किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाने के साथ ही पारदर्शिता के दावों के साथ इसकी शुरुआत की जाएगी। मंडी समिति में इसकी तैयारियां चल रही। वहीं, पखवाड़ा भर से आढ़तें गुलजार हैं। मंडी में हर तरफ धान का ढेर लगा हुआ है।



मंडी समिति पीलीभीत में आढ़त के बाहर लगे धान के ढेर। ● अमृत विचार

नमी की अधिकता के चलते अभी किसान को अपना धान औने-पौने दाम पर बेचना पड़ रहा है। हालांकि शुरुआती दिनों में सरकारी खरीद को लेकर उम्मीद कम ही जताई जा रही है। इतना जरुर धान खरीद नजदीक आते ही इसमे खेल करने वाले खिलाड़ी भी तैयारी में जुट गए हैं।

जनपद में धान की खेती बड़े पैमाने पर होती है। पिछले दिनों मूसलधार बारिश के बाद बाढ़ के हालात बन गए थे। जिसमें तमाम खेतों में कई दिन तक जलभराव रहा। जिससे धान की फसल को भी खासा नुकसान पहुंचा। यही वजह रही कि पखवाड़ा भर से मंडी समिति में धान की आवक तेज हो गई थी। सरकारी खरीद की शुरुआत से पहले ही आढ़ते गुलजार हो उठीं। हालांकि अभी तक जो धान पहुंचा, उसमें नमी काफी अधिक रही। जिसकी वजह से डेढ़ हजार रुपये क्विंतल तक धान बिका।

मंगलवार को भी मंडी समिति में किसान अपना धान लेकर पहुंचते रहे। तीन अक्टूबर से शुरू होने वाली धान खरीद के लिए जनपद में अब तक 132 धान क्रय केंद्र बनाए गए हैं। इसमें खाद्य विभाग के 32, पीसीयू के 30, पीसीएफ के 26, यूपीएसएस के 35, एफसीआई के 04 और मंडी समिति के 05 धान क्रय केंद्र शामिल हैं। इस बार धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। तीन दिन पूर्व इसे लेकर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह बैठक कर चुके है। जिसमें बताया था कि खाद्य विभाग के प्रत्येक क्रय केंद्र पर 05 बोरा गांठ उपलब्ध करा दी गई है। धान खरीद के लिए सभी क्रय एजेसिंयां स्वयं सर्विसेबुल/पुराने बोरे का स्वयं खरीद करेगी। एजेंसियों को पूर्व भुगतान के आधार पर मांग के अनुरूप बोरे दिये जायेंगे। 700 से अधिक किसानों द्वारा पंजीकरण कराया जा चुका।

जनपद में राइस मिलों का सत्यापन ई-उपार्जन के माध्यम से किया जा चुका है। धान खरीद सभी क्रय केंद्रों पर सुबह 09 बजे से सायं 05 बजे तक होगी। कांटा बांट का सत्यापन भी पूरा हो चुका है। जनपद में 290 इलेक्ट्रानिक कांटा, 170 नमी मापक यंत्र, 126 डस्टर, 135 विश्लेषण किट, 150 छलना तथा पंखा एवं अन्य उपकरण उपलब्ध हैं। मंगलवार को मंडी समिति पीलीभीत में आढ़तों के बाहर धान के ढेर लगे रहे। आढ़ती ने बताया अभी जो धान पहुंच रहा है। उसमें नमी की मात्रा अधिक है।

### मनमाने ढंग से रिजेक्ट करने पर होगी कार्रवाई

किसानों के धान की नीलामी दिन में दो बार करने के निर्देश दिए गए हैं। नीलामी के समय किसानों के धान की नमी की माप अवश्य की जाए और उसे उसे मंडी समिति अपने अभिलेखों में दर्ज करेगी। ताकि किसानों के धान के डिस्ट्रेस सेल को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति पैदा नहीं होगी। किसानों के धान की नीलामी कराते समय सभी एजेंसियों के कम से कम एक-एक केंद्र प्रभारी के मौजूद रहने के निर्देश हैं। धान क्रय से संबंधित उपकरणों में यदि कोई खराबी आती है तो रियल टाइम उसकी मरम्मत कराने पर जोर दिया गया है। इसके लिए मंडी सचिव को मैकेनिक नामित करने की जिम्मेदारी दी गई। ये भी स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मनमाने ढंग से धान रिजेक्ट किया गया तो दंडात्मक कार्यवाही भी तय है।

## बिठौराकलां में 6 से रामलीला मेला

**बिठौराकलां, अमृत विचारः** गांव बिठौराकलां गांव में श्री रामलीला मेले का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार को मेला कमेटी की बैठक हुई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा तय की गई। 6 अक्टूबर से मेला लगेगा। इसकी शुरुआत राम बारात यात्रा के साथ होगी। 7 को पारंपरिक घन्नई निकाली जाएगी। 8अ से 18 अक्टूबर तक पूरनपुर रोड स्थित बिठौरा कला रामलीला मैदान पर भव्य मेला आयोजित होगा। बैठक में गोपाल मिश्रा को मेला कमेटी का संरक्षक चुना गया। वहीं प्रधान अरविंद कुमार की अगुवाई में अन्य पदाधिकारियों का चयन हुआ। ओमप्रकाश अध्यक्ष, जसपाल माथुर उपाध्यक्ष, पोथीराम प्रबंधक, हरिशंकर उपाध्यक्ष, नंदकिशोर उपाध्यक्ष, बनवारी लाल उपप्रबंधक, आनंद कुमार महामंत्री, गयाप्रसाद कोषाध्यक्ष, नरेंद्र कुमार निरीक्षक और शंकरलाल को प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## अधिवक्ताओं को दी गई सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के सभागार में दो दर्जन से अधिक अधिवक्ताओं को मंगलवार को उत्तर प्रदेश बार काउंसिल की ओर से जारी सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस (सीओपी) दिए गए।

उत्तर प्रदेश बार काउंसिल की ओर से अधिवक्ता के रूप में पंजीकरण कराने के बाद ऑल इंडिया बार काउंसिल द्वारा निर्धारित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अधिवक्ताओं को प्रदेश बार काउंसिल सर्टिफिकेट आफ प्रैक्टिस जारी करती है। सीओपी मिलने के बाद ही अधिवक्ताओं को विधिवत वकालत करने का अधिकार प्राप्त होता है। मंगलवार को जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट ,उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के वर्तमान सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार शुक्ला के प्रतिनिधि अधिवक्ता देव ऋषि शुक्ला ने वितरित किए। इस अवसर पर सचिव आनंद मिश्रा, पूर्व सचिव कुलदीप अवस्थी, सरदार जसविंदर सिंह, महेंद्र मिश्रा, कुसुमेंद्र पांडे आदि मौजूद रहे।

## वंडर बॉक्स से खेल- खेल में सीखेंगे बाल वाटिका के बच्चे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षण देकर बारीकी से दी जानकारी, अब बच्चों को सिखाने की बारी

**अमृत विचार :** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का मंगलवार को समापन हो गया।

प्रशिक्षण में ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर जिले के सभी विकास क्षेत्र से दो-दो अकादमिक रिसोर्स पर्सन, बाल विकास विभाग से दो-दो सुपरवाइ जर सहित कुल 28 प्रशिक्षणार्थी लिए गए। प्रशिक्षण की शुरुआत में प्रतिभागियों का पंजीकरण कराया गया। उसके बाद एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया, जिसमें सभी प्रशिक्षणार्थी सदस्य रहे। मास्टर ट्रेनर एसआरजी वैभव जैसवार ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं निपुण भारत के अंतर्गत पूर्व प्राथमिक (प्री प्राइमरी) शिक्षा को मूलभूत साक्षरता के प्रथम सोपान के रूप में चिन्हित किया गया है। जिले के 697 परिषदीय विद्यालय ऐसे हैं जहां पर को-लोकेटेड यानी एक ही परिसर में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहे हैं। इन विद्यालयों में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से रीडिंग कॉर्नर की व्यवस्था की गई है। बाल वाटिका के नाम से यहां बच्चों को भाषा एवं अंकीय दक्षता की सीख दी जाती है। बच्चों को सीखने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए और उनके दिमाग में सुगमता से चीजें बैठ जाएं इसके दृष्टिगत आईआईटी गांधीनगर की ओर से यह वंडर बॉक्स तैयार किया गया है। इस वंडर बॉक्स में 26 प्रकार की सामग्रियां रखी गई है। वंडर बॉक्स में जानवर पहचाने, फल और सब्जी पहचाने, गिनती पेटी, वर्णमाला देखो, आकार सुडोकू, चेहरों की पहेली, प्यासा कौवा, लोमड़ी और अंगूर, नंबर कार्ड ,10 वृत्त पहेली, कैसे हो, गुड़िया बनाओ, पेग और पहेलियां, क्यूब और किताब, जोड़ बनाओ, वास्तविक मैप, देखो और करो, जानवर के हाथ पैर, ग्रिड शीट समाहित रहेंगे।



प्रशिक्षण के अंतिम दिन कार्ड दिखाते कर्मचारी। ● अमृत विचार


















































## नवम सिद्धिदात्री



मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री हैं। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्र पूजन के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। देवी सिद्धिदात्री की पूजा से केतु का असर कम होता है।

**बीज मंत्र...ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नमः।**

# कूड़े के ढेर मिलने पर एडीएम ने लगाई फटकार

## फजीहत के बाद भी नहीं सुधरे हालातः बीते दिनों एनजीटी के नियमों का उल्लंघन करने पर लगा था जुर्माना

कार्यालय संवाददाता,पीलीभीत

**अमृत विचार** : जुर्माना और कार्रवाई के बाद भी रोडवेज के पास कूड़े के ढेर लगाए जाते रहे। शहर की सड़कों और मोहल्लों में कूड़े के ढेर जिम्मेदारों की लापरवाही की गवाही देते रहे। एनजीटी के नियमों का पालन कराने का हवाला देते हुए सामाजिक वानिकी ने भले ही कुछ दिन पहले कार्रवाई कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली हो, मगर नगर पालिका के स्तर से तस्वीर में कोई सुधार नहीं किया गया। मंगलवार को एडीएम वित्त ने खुद शहर में भ्रमण कर कूड़ा निस्तारण व्यवस्था की हकीकत परखी तो कई जगह कमियां सामने आईं। रोडवेज के सामने कूड़े का ढेर लगा मिला। दुर्गंध और अव्यवस्था मिली। इस पर एडीएम ने नगर पालिका के अफसरों की जमकर फटकार लगाई।

बता दें कि शहर से एकत्र होने वाले कूड़ा निस्तारण करने के लिए डंपिंग ग्राउंड पर डाला जाना चाहिए। मगर, वहां का रास्ता खराब होने के कारण रोडवेज किनारे खाली पड़ी जगह पर नगर पालिका के कर्मचारी कूड़े का ढेर लगाते जा रहे। बीते दिनों सामाजिक वानिकी की ओर से एनजीटी के नियमों का उल्लंघन करने के मामले में 20 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया था। इस पर प्रशासनिक अफसरों ने वहां कूड़ा हटाने के निर्देश दिए। मगर नगरपालिका के जिम्मेदारों ने अनदेखी कर दी। कूड़ा वहां से नहीं हटाया गया। इसके अलावा शहर में तमाम जगह कूड़े की शिकायत भी मिल रही थी। मंगलवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व ऋतु पुनिया ने हकीकत परखने के लिए औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले एडीएम ने एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण किया। वहां कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से नहीं पाया गया। इतना ही नहीं एमआरएफ सेंटर पर कितनी गाड़ियां आ रही है और किस समय में आती है। कुछ भी अंकित नहीं मिला। इसके अलावा अभी तक कितना कूड़ा निस्तारण कर बेचा गया है और क्या आमदनी हुई। इसका भी पालिका के पास कोई रिकॉर्ड मौजूद नहीं मिला। जानकारी मिलते ही ईओ संजीव कुमार सफाई निरीक्षक साबिर अली और स्वच्छ भारत मिशन के डीपीएम अंशुल गुप्ता भी पहुंच गए। इसके बाद एडीएम यहां से रोडवेज के पास पहुंची।

रोडवेज के सामने कूड़े का ढेर लगा मिला, जिससे दुर्गंध उठ रही थी। इस पर एडीएम ने ईओ की फटकार लगाई। उन्होंने ईओ और सफाई निरीक्षक से पूछा कि आखिर कूड़ा यहां से क्यों नहीं हटाया गया है। इस पर दोनों ने डंपिंग ग्राउंड तक पहुंचने का रास्ता न होने के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली नहीं जा रही है। इस पर एडीएम ने फटकार लगाते हुए कहा कि चलो मीरापुर का डंपिंग ग्राउंड का रास्ता दिखाओ। वहां पहुंचने के बाद कीचड़ और दलदल होने की वजह से अफसर ट्रैक्टर पर बैठकर ग्राउंड पर पहुंचे। एडीएम ने डंपिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया। रास्ते के अलावा डंपिंग ग्राउंड का अन्य कार्य भी अधूरा था। जिसको सुधार करने के निर्देश दिए। हालांकि वहां अब रास्ता बनाने के लिए वैकल्पिक तौर पर रबिश डालकर ठीक किया जा रहा है, लेकिन अभी भी घरों से निकलने वाले कचड़े को इधर-उधर फेंका जा रहा है।



रोडवेज किनारे पड़े कूड़े के ढेर में निरीक्षण करतीं एडीएम व नगर पालिका के कर्मचारी।

- **मंगलवार को एडीएम में शुरू की शहर में कूड़ा निस्तारण की जांच, कई जगह मिली खामियां**

### एडीएम ने गंदगी के बीच जाकर परखी हकीकत

एडीएम जब रोडवेज के सामने निरीक्षण करने पहुंची तो वहां फैले कूड़े से दुर्गंध आ रही थी। वहां खड़ा होना भी दूभर हो रहा था। जिसके बाद उन्होंने अपने मुंह और नाक को दुपट्टे से ढक लिया। इतना ही नहीं नगरपालिका के कई कर्मचारी भी दुर्गंध के चलते दूर खड़े रहे। इससे अदांजा लगाया जा सकता है कि वहां रहने वाले और दुकानदारों को दिन भर इस बदबू का सामना करना पड़ता होगा। इसके बाद भी कूड़े का वहां से निस्तारण नहीं किया गया। इस पर एडीएम ने फटकार लगाते हुए तत्काल टीमें लगाकर कूड़ा हटाने के साथ वहां ब्लीचिंग और दवा का स्प्रे करने के निर्देश दिए हैं।

"रोडवेज किनारे कूड़ा डालने के चलते जुर्माना डाला जा चुका है। फिर भी वहां कूड़ा का ढेर लगा मिला। इसको हटाने के निर्देश दिए हैं। डंपिंग ग्राउंड का रास्ता ठीक कराया जा रहा है। सॉलिड वेस्ट मैनजमेंट प्लांट भी देखा गया है। इसकी रिपोर्ट बनाकर उच्चधिकारियों को दी जा रही है। –**ऋतु पुनिया**, एडीएम वित्त एवं राजस्व

### पहले नहीं ली सुध, अब हो रही फजीहत

भले ही नगरपालिका ने डंपिंग ग्राउंड के लिए सालों पहले जगह चिन्हित कर ली हो। मगर जगह चिन्हित करने के दौरान वहां जाने वाले वाहनों के लिए रास्ते का प्रबंधन नहीं किया गया। मीरापुर पहुंचने के बाद डंपिंग ग्राउंड को जाने वाला यह रास्ता पूरी तरह से कच्चा है। जोकि बारिश में दलदल बन जाता है। कूड़ा निस्तारण के लिए वहां प्लांट भी लगवाना शुरु करा दिया गया। मगर तत्कालीन बोर्ड और वर्तमान ने इसके रास्ते को लेकर विचार नहीं किया। जो अब इस बार आई बाढ़ में मुसीबत बनकर उभर रहा। जिससे जिम्मेदारों की फजीहत हो रही है। निरीक्षण के दौरान जब अफसर खुद वहां पहुंचे तो एडीएम की कार तो वहां निकल गई। मगर, ईओ और अन्य कर्मचारियों को ट्रैक्टर पर बैठकर डंपिंग ग्राउंड तक जाना पड़ा।

## शस्त्र और कन्या पूजन में पहुंचे पूर्व विधायक

**बीसलपुर, अमृत विचारः** नगर में नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में द्वारिकापुरम कॉलोनी स्थित राष्ट्रीय युवा विकास संगठन कार्यालय परिसर में कन्या पूजन और शस्त्र पूजन का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर सहभागिता की।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बिथरी चैनपुर के पूर्व विधायक राजेश कुमार मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल रहे। कार्यक्रम आयोजक जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि एवं युवा विकास संगठन के अध्यक्ष नितिन पाठक ने कन्याओं का पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत कराई। उन्होंने कन्याओं का तिलक लगाकर प्रसाद खिलाकर उन्हें उपहार भेंट किए। इस मौके पर पूर्व विधायक पप्पू भरतौल ने कहा कि दशहरा महोत्सव पर हमें आपसी बुराइयों को त्याग कर संगठित होने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नगरवासी शामिल हुए। कन्या पूजन के बाद शस्त्र पूजन की परंपरा निभाई गई और तत्पश्चात प्रीतिभोज का आयोजन हुआ। इस मौके पर पप्पू भरतौल समेत कई लोग मौजूद रहे।

## शहर में आज

- पुलिस लाइन समेत चार स्थानों पर परिवार परामर्श केंद्र शिविर सुबह 10 बजे से।
- रामलीला मैदान में मेघनाद वध लीला का मंचन शाम 05 बजे से।
- मोहल्ला खकरा में चल रहे नवदुर्गा महोत्सव में ज्योति जागरण शाम 07 बजे से।
- गांधी स्टेडियम में बास्केटबॉल चयन/ट्रायल्स शाम 04 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला को पीटा, रिपोर्ट

**पीलीभीत,अमृत विचार** : थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम अमखड़िया निवासी नफीस बानो ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 28 को दोपहर 1:30 बजे उसकी देवरानी समीम ने उसके घर के नल के पास पेड़ के पत्ते इकट्ठे कर दिए थे। जब उसने मना किया तो समीम उसके पति कय्यूम और पुत्र आमिल,कामिल ने मारपीट की। पुत्री दिलशान और बुशरा को भी पीटा।

### युवक से की मारपीट

**पीलीभीत,अमृत विचार** : थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम नांद परसियापुर निवासी महेश कुमार पुत्र अशर्फीलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव की तरन्नुम बेगम पत्नी शराफत यार खां गांव की प्रधान है। वह पुरानी पड़ी सीसी रोड पर ही गलत ढंग से निर्माण करा रही थी। जिस पर उसने संबंधित विभाग के अधिकारियों से इसकी शिकायत की थी, इससे नाराज होकर 28 को शाम 5 बजे जब वह भगवंतपुर गांव की बाजार में सब्जी खरीद रहा था। तभी वहां पर प्रधान पति शराफत यार खां साथी जगदीश के साथ गए और मारपीट की।

### दंपती से की मारपीट

**पीलीभीत,अमृत विचार** : थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम शिवपुरिया निवासी मैकूलालने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 29 की शाम 8 बजे वह पत्नी सुखदेई के साथ घर में खाना खा रहा था। तभी गांव का ही कपिल उसके घर में लाठी लेकर घुस आया। आरोपी ने हमला कर पत्नी की पिटाई कर दी। जब बचाने का प्रयास किया तो उनको भी पीटा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट

**पीलीभीत,अमृत विचार** : ग्राम गौहानिया निवासी रेखा देवी ने कोर्ट के आदेश पर थाना सुनगढ़ी में दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया उसकी शादी 19 अप्रैल 2022 को शिवम निवासी ग्राम सुहास थाना गजरौला से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल वाले दहेज में बाइक और दो लाख रुपये की मांग करना शुरु कर दी।

# सपा ने लगाया पुलिस पर युवक को पीटने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **उदराह गांव में कोटे के चयन की बैठक में दबाव बनाने की कोशिश**

**अमृत विचारः** क्षेत्र के एक व्यक्ति ने घुंघचिहाई थाना पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया है। सपा के प्रतिनिधिमंडल ने इस मामले में संबंधित पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम उदराह निवासी वीरु ने एसपी को दिए शिकायत पत्र में बताया सोमवार को उनके गांव में सरकारी राशन की दुकान का आवंटन करने के लिए मतदान प्रक्रिया चल रही थी। वह अपने परिवार के पक्ष के उम्मीदवार के समर्थन में मतदान करने जा रहे थे। सरकारी खाद गोदाम के पास पहुंचते ही थाना घुंघचिहाई पुलिस ने मतदान करने से रोकने के लिए पिटाई कर दी, उसका मोबाइल भी छीन लिया और कहा कि अगर कहीं शिकायत करने गए तो फर्जी मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया जाएगा। इस मामले में सपा का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की अगुवाई में एसपी से मिलने पहुंचा। प्रतिनिधि मंडल में जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी,जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कट्टर,अमित पाठक,ज्योति प्रकाश शुक्ला आदि थे। एसपी के न मिलने पर लिखित शिकायत की गई। जिलाध्यक्ष ने एसपी से दूरभाष पर वार्ता की और संबंधित पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। सपा जिलाध्यक्ष का कहना है कि घुंघचिहाई पुलिस कोटे की दुकान की बोली को लेकर दबाव बना रही थी। एसपी ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद सपा के प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित के गांव पहुंचकर वहां के लोगों से भी मुलाकात की।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने की छापेमारी, 175 किलो सड़े अमरूद और सेब फिंकवाए

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** जनपद में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री की रोकथाम को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंडियों ओर कोल्ड स्टोरों में छापेमारी की। इस दौरान टीम ने सड़े मिले अमरूद और सेब फेंकवाते हुए संबंधित को हिदायत दी। इसके अलावा टीम ने कन्फेक्शनरी उत्पाद, सेंधा नमक और किशमिश का भी सैंपल लिया।

शासन के निर्देश पर नवरात्रि और दशहरा के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से जनपद में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी अभिहीत अधिकारी स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में छापेमारी की गई। इस दौरान टीम की ओर से जनपद की मंडियों और कोल्डस्टोरों में फल-सब्जियों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एक स्थान से आलू का सैंपल लिया गया। वहीं एक अन्य प्रतिष्ठान पर निरीक्षण के दौरान सड़े 150 किलो अमरूद और 25 किलो सेब को फेंकवा दिया। साथ ही संबंधित व्यापारियों को सड़े-गले फल बिक्री न करने की हिदायत भी दी गई। इसके अलावा टीम ने अलग-अलग दुकानों पर निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने कंफेक्शनरी उत्पाद, सेंधा नमक और किशमिश का सैंपल भी लिया। एकत्रित सैंपलों को जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सतीश कुमार, शांतनु कुमार, प्रेम कुमार यादव आदि शामिल रहे। प्रभारी अभिहीत अधिकारी स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव ने कारोबारियों से त्योहारों के दृष्टिगत स्वच्छता एवं शुद्धता का विशेष ध्यान रखते हुए कारोबार करने की अपील की है। उन्होंने कारोबारियों से किसी भी दशा में कुट्टू आटा का पुराना स्टॉक या खुली बिक्री न करने की चेतावनी दी है। यदि कोई ऐसा करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



सड़े अमरूद को फेंकता फल विक्रेता।

- **दुकानों से सेंधा नमक और किशमिश के लिए सैंपल**
- **अभिहीत अधिकारी के नेतृत्व में की गई छापेमार कार्रवाई**

# आई लव मोहम्मद के पोस्टर हुए चस्पा, समझाने पर उतारे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **कोतवाली क्षेत्र के बेलों के चौराहा का मामला,संभ्रांत लोगों से वार्ता कर उतरवाए पोस्टर**

**अमृत विचार** : बरेली के बाद अब पीलीभीत में भी आई लव मोहम्मद के पोस्टरों ने शहर का माहौल गरमा दिया। सुबह होते ही इसकी चर्चा पूरे इलाके में होने लगी। सूचना मिलते ही पुलिस और खुफिया विभाग की टीम सतर्क हो गईं। संभ्रांत लोगों ने पहल की और समझाया गया। जिसके बाद लोगों ने स्वयं ही पोस्टर उतार दिया।

सोमवार रात शहर के सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित बेलो वाले चौराहे समेत चार स्थानों पर आई लव मोहम्मद लिखे पोस्टर चिपका दिए गए। सुबह जानकारी होने पर क्षेत्र में चर्चा का दौर तेज हो गया। सूचना पाकर कोतवाल सत्येंद्र कुमार, सुनगढ़ी इंस्पेक्टर नरेश त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।पुलिस ने लोगों को समझाने की कोशिश की, मगर वे तैयार नहीं हुए। इसके बाद पुलिस ने इलाके के संभ्रांत लोगों को बुलाकर उनसे बातचीत की। उनकी समझाने पर लोगों ने खुद ही पोस्टर उतार दिए। घटना की जानकारी मिलते ही खुफिया विभाग के कर्मचारी आदि अलर्ट हो गए। एसपी ने सभी सीओ, थाना और चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहने और धर्मगुरुओं व समाज के संभ्रांत व्यक्तियों से संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि शहर में शांति और सौहार्द कायम रहे। इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार ने बताया कि पोस्टर लगाने का मामला संज्ञान में आया था। लोगों को समझाया गया तो उन्होंने स्वयं ही पोस्टर उतार दिए हैं। किसी तरह का कोई विवाद नहीं है।

# चालक-परिचालकों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **डग्गामार वाहनों का संचालन बंद न होने भड़के चालक-परिचालक**
- **प्रांतीय आवाहन पर एकजुट हुए रोडवेज कर्मचारी**

**अमृत विचारः** जनपद में डग्गामार वाहनों का संचालन बंद न होने पर परिवहन निगम के चालक और परिचालक नाराज है। इसके विरोध में चालक-परिचालकों ने रोडवेज डिपो पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने डग्गामार वाहनों का संचालन बंद न होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

जिले में परिवहन व्यवस्था की बात करें तो परिवहन निगम के समांतर की डग्गामार वाहनों का संचालन किया जा रहा है। हालांकि इससे पहले जिम्मेदारों की ओर से डग्गामार वाहनों के विरुद्ध सख्ती बरतते हुए कार्रवाई भी की गई, मगर कुछ दिन बाद ही स्थिति जस के तस हो गई।

इधर मंगलवार को डग्गामार वाहनों के संचालन के विरोध में प्रांतीय समिति के निर्देश पर उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी कल्याण संघ के बैनर तले तमाम चालक और परिचालक रोडवेज डिपो गेट पर एकत्र हुए। यहां चालकों और परिचालकों ने डग्गामार वाहनों का संचालन बंद कराए जाने की मांग को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का कहना था कि डग्गामार वाहनों के संचालन से बसों में पर्याप्त यात्री नहीं मिल पा रहे हैं। जिससे विभाग को बड़े पैमाने पर राजस्व क्षति हो रही है। लोड फैक्टर कम होने पर संविदा चालकों और परिचालकों का वेतन काटा जा रहा है। इससे कर्मचारियों को भी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने चेतावनी दी जल्द डग्गामार वाहनों चालकों पर कार्रवाई नहीं हुई तो जल्द ही उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में शाखा अध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा, शाखा मंत्री शिवप्रकाश, आदित्य शर्मा,अनोखे लाल, राजकुमार, विवेक मिश्रा, योगेंद्र सिंह सहित तमाम कर्मचारी शामिल रहे।

## बैठक में जनप्रतिनिधियों ने रखीं समस्याएं

**पीलीभीत, अमृत विचारः** डीएम की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी गेस्टहाउस में मंगलवार को जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई।

भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, पूरनपुर विधायक प्रतिनिधि ऋतुराज पासवान समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। बरखेड़ा विधायक ने संघ के नाम से थाने में आने वाले लोगों की क्रास चेकिंग की बात कही। असम चौराहे से कचहरी तक चौड़ीकरण की कार्रवाई तथा फ्लाई ओवर निर्माण में तेजी लाने की भी बात कही गई।

# 15 सदस्यीय क्रिकेट टीम की घोषणा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** पीलीभीत वेटरन क्रिकेट टीम की घोषणा मंगलवार को कर दी गई। पंद्रह सदस्यीय टीम के साथ पांच अतिरिक्त खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल किया गया।

चयन समिति को टीम की घोषणा के लिए मशक्कत करनी पड़ी। पंद्रह सदस्यीय टीम में राजेश शर्मा, जगदीश सक्सेना, कृष्ण मोहन, सुनील दुबे, मनोज कुमार, विकास त्यागी, श्रीनिवास, ब्रजेश कुमार, अमित कुमार, जाफर अली, सचिन अग्रवाल, सुरेंद्र बोरा, राजेश गंगवार, राजन कुमार विकेट कीपर को रखा गया है। इसके अलावा अतिरिक्त खिलाड़ी की सूची में हितेश शुक्ला, हिमांशु, कुलदीप कुमार, जसवंत सिंह, रोहित शर्मा विकेट कीपर रखे गए। चयन समिति के सदस्य मोहित अग्रवाल, अनिल महेंद्रू, संजय सहगल, पर्यवेक्षक डॉ.अमिताभ अग्निहोत्री ने गहन मंथन के बाद टीम की घोषणा की। इस मौके पर वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष हरपाल यादव, सचिव जगदीश सक्सेना मौजूद रहे। बताया कि टीम का फिजिकल सेशन तीन व चार अक्टूबर को गांधी स्टेडियम में सुबह आठ बजे से होगा। डॉ.गौर हरि सिंघानिया क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए पीलीभीत का पहला लीग मैच 5 अक्टूबर को शाहजहांपुर में होगा।

### दो अक्टूबर को होगी क्रॉस कंट्री रेस, आज ट्रायल

**पीलीभीत, अमृत विचार** : जिला खेल कार्यालय और प्रशासन के सहयोग से दो अक्टूबर को सुबह 7 बजे से बालक, बालिका ओपन वर्ग में क्रॉस कंट्री रेस स्पर्धा होगी। जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह ने बताया कि दोनों ही वर्गों की रेस गांधी स्टेडियम में होगी। विजेता और उप विजेता पुरस्कृत किए जाएंगे। इच्छुक प्रतिभागी पंजीकरण 1 अक्टूबर की शाम 5 बजे तक करा सकते हैं। वहीं, जिला स्तरीय महिला सीनियर बास्केटबॉल चयन/ ट्रायल्स 1 अक्टूबर की शाम चार बजे गांधी स्टेडियम में, जिला स्तरीय सीनियर फुटबाल पुरुष वर्ग चयन/ट्रायल्स 6 अक्टूबर को शाम चार बजे और जिला स्तरीय बैडमिंटन ट्रायल्स 03 को शाम चार बजे होंगे।

# शिकायत के बाद भी अतिक्रमण पर कार्रवाई नहीं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **घरों के आगे चबूतरे बनाए जाने से जुड़ी की गई थी शिकायत**
- **ईओ की ओर से जारी नोटिस में शिकायतकर्ता का नाम उजागर**

**अमृत विचारः** शहर की एक कॉलोनी में घरों के आगे किए जा रहे पक्के अतिक्रमण से वाहनों की आवाजाही में दिक्कत हुई तो एक युवक ने आईजीआरएस पर शिकायत कर दी। पहले तो कई दिन बाद शिकायत का संज्ञान लिया गया।

उसके बाद छह लोगों को नगर पालिका ईओ की ओर से नोटिस जारी किए गए, उसमें शिकायतकर्ता की पहचान उजागर कर दी। अब शिकायतकर्ता का कहना है कि अभी तक अतिक्रमण के खिलाफ एक्शन तो नहीं लिया गया लेकिन उसकी पहचान उजागर करके दुश्मनी और बढ़वा दी गई है। जबकि उसके स्तर से सहमति के तौर पर कई अन्य लोगों ने भी हस्ताक्षर कर पत्र दिया था। इसे लेकर नगर पालिका के जिम्मेदारों की कार्यशैली पर नाराजगी जताई है। कृष्ण बिहार कॉलोनी में पिछले दिनों हुई बारिश में कॉलोनी की मुख्य सड़क पर कई दिन तक जलभराव रहा था। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने जाम लगाकर नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की थी। खुद राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार मौके पर पहुंचे थे और डीएम को बुलाकर गंदे पानी के भराव के बीच जनता की फरियाद को सुन आश्वस्त किया था। यहां पर नाले के अलावा एक समस्या घरों के आगे किए गए पक्के अतिक्रमण की थी। इसे लेकर एक युवक ने आईजीआरएस पर शिकायत की। जिसमें बताया कई लोगों ने घर के आगे रैंप बनवा लिए थे। जिससे चार पहिया वाहनों के निकलने में दिक्कत आती है।

सरकारी सड़क पर पक्के अतिक्रमण की शिकायत की। नगर पालिका ईओ की ओर से इस शिकायत का संज्ञान लेते हुए 8 सितंबर को छह लोगों को नोटिस जारी किए गए और सात दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने की बात कही गई। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस नोटिस के कई दिन बाद अभी भी हालात जस के तस है। मगर, संबंधित लोगों को भेजे गए नोटिस में उनका नाम उजागर कर दिया है,जिससे अब उनकी बुराई व रंजिश हो गई है।



कृष्ण बिहार कॉलोनी में सड़क पर किया निर्माण।

### अब ईओ खुद देखेंगे मौके पर हालात

इस पूरे मामले में ईओ संजीव कुमार का कहना है, शिकायत के बाद वह कार्रवाई से पहले वह खुद मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लेंगे। ये बात शिकायतकर्ता को भी बताई गई है। वहीं, अब शिकायतकर्ता का कहना है कि अगर मौके पर हालात देखे ही नहीं गए थे तो नोटिस किस स्तर से जारी कर दिए गए। वह भी उनके नाम को लिखकर। शिकायत कर्ता का कहना है कि अतिक्रमण कर्ताओं को मेरा नाम पता चल गया है, इसलिए वे सभी मुझसे रंजिश रखने लगे है।

## हाउस टैक्स वसूली में घोटाला करने वाले तीन कर्मचारी निलंबित

- **रुपये लेने के बाद बकाएदारों के खातों में जमा नहीं किया गया**

**बीसलपुर, अमृत विचारः** नगर पालिका कार्यालय में हाउस टैक्स की वसूली में पिछले कई वर्षों से किए जा रहे लाखों के घोटाले में एफआईआर के बाद तीन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। जिसमें चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपेंद्र कुमार, वसूलीकर्ता रामनिवास और बैकलॉग पिछड़ा वर्ग सफाई कर्मचारी जितेंद्र कुमारहैं।

बता दें कि इन तीनों कर्मचारी समेत पांच के खिलाफ ईओ शमशेर सिंह की ओर से दो दिन पूर्व कोतवाली में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। हाउस टैक्स व अन्य मदों की वसूली में घोटाला करने का आरोप है। तीनों कर्मचारी पालिका कार्यालय में पिछले कई वर्षों से गृहकर , जलकर व अन्य मदों की वसूली का कार्य करते थे। वसूली करने के बाद देनदाताओं के खाते में धनराशि जमा नहीं की गई। वसूली के लिए जारी की गई रसीदें पालिका कार्यालय में जमा करा कर पोस्टिंग करने के निर्देश दिए गए थे लेकिन उस पर भी अमल नहीं किया गया। इस मामले में दो कर अधीक्षक भी नामजद किए गए हैं। ईओ ने बताया कि उपेंद्र कुमार, रामनिवास और जितेंद्र को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की अवधि में यह कर्मचारी कार्यालय से अटैच रहेंगे।



# ऑडिट टीम को नहीं दिए अभिलेख तीन पूर्व प्रधानों पर एफआईआर

## वर्ष 2017-18 में संबंधित ग्राम पंचायतों में तैनात रहे सचिव भी बनाए गए आरोपी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायतों से संबंधित अभिलेख मुहैया न कराने पर बिलसंडा ब्लॉक के तीन पूर्व प्रधानों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गई। एडीओ पंचायत की ओर से बिलसंडा थाने में दी गई तहरीर पर संबंधित तीन ग्राम पंचायतों के सचिवों को भी आरोपी बनाया गया है। पूर्व प्रधानों और सचिवों के विरुद्ध की गई यह कार्रवाई डीएम के निर्देश पर की गई है।

बिलसंडा ब्लॉक की एडीओ पंचायत कृष्णा देवी द्वारा बिलसंडा थाने में दी गई तहरीर मुताबिक ग्राम पंचायत पस्तौर कुईयां, बढेपुरा मरौरी एवं ईटगांव के वार्षिक प्रतिवेदन 2017-18 के अभिलेख ग्राम पंचायतों में तैनात तत्कालीन सचिव/प्रधान को मय अभिलेख के साथ प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए




- डीएम के आदेश पर एडीओ पंचायत ने दी तहरीर, बिलसंडा थाने में हुई कार्रवाई

थे। लेकिन संबंधित सचिवों द्वारा ग्राम पंचायत के अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। जिस पर डीएम द्वारा संबंधित सचिवों और ग्राम प्रधानों के विरुद्ध धारा-14 (क) के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। पुलिस ने वर्ष 2017-18 में ग्राम पंचायत पस्तौर कुईया, बढ़ेपुरा मरौरी और ग्राम पंचायत ईटगांव के तत्कालीन ग्राम प्रधान और सचिव के खिलाफ धारा 14 (क) के तहत एफआईआर दर्ज की है। एडीओ पंचायत कृष्णा देवी ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर संबंधितों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### कई बार मांगे गए थे अभिलेख

मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी सहकारी समितियां एवं पंचायतें के निर्देशानुसार बिलसंडा ब्लाक की ग्राम पंचायत पस्तौर कुईयां, बढ़ेपुरा मरौरी, अंडाह, ईटगांव के वार्षिक प्रतिवेदन 2017-2018 के निस्तारण के संबंध में डीएम द्वारा संबंधित ग्राम पंचायतों के तत्कालीन ग्राम प्रधानों और डीपीआरओ द्वारा तत्कालीन सचिवों से साक्ष्यों सहित अभिलेख मांगे गए थे। आडिट के दौरान इन ग्राम पंचायतों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां पाई गई थीं। इस संबंध में डीपीआरओ की अध्यक्षता में संबंधित लेखा परीक्षकों, संबंधित सचिवों एवं एडीओ पंचायत की बैठक कर अभिलेख मांगे गए। अभिलेख उपलब्ध न कराने पर डीपीआरओ द्वारा बीते 22 मार्च को एडीओ पंचायत की विकासखंड वार समीक्षा कर अभिलेख जमा करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद बीते 01 मई को भी बैठक कर तीन दिन के अंदर अभिलेख मांगे गए। मामला डीएम की अध्यक्षता में गठित सात सदस्यीय कमेटी के बीच पहुंचा। जिसमें संबंधित ग्राम पंचायतों के तत्कालीन ग्राम प्रधानों, तत्कालीन सचिव और वर्तमान सचिवों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश में कहा गया कि यदि 29 सितंबर तक संबंधित एडीओ पंचायत द्वारा संबंधित सचिवों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज नहीं कराई जाती है तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति निदेशक पंचायत राज से की जाएगी। फिलहाल इस मामले में जिम्मेदारों द्वारा रिपोर्ट तो दर्ज करा दी गई है, मगर दर्ज एफआईआर में जिम्मेदारों द्वारा नामों का खुलासा न कर महज औपचारिकता निभा दी गई।

# बच्चों ने दशहरा और गांधी और शास्त्री जयंती मनाई



कार्यक्रम में मौजूद बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल में मंगलवार को दशहरा और गांधी जयंती मनाई गई। छात्रों को रावण दहन के पीछे का उद्देश्य और दशहरा का महत्व बताया ।

छात्रों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता कराई। बच्चे रामायण के विभिन्न पात्रों के स्वरुप में सजकर आए और उनकी भूमिका निभाई। प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा पांच तक के बच्चों ने रंगीन दीयों से सजावट की। प्रबंधक निशांत गोस्वामी दशहरा का महत्व समझाया। छात्रों ने गांधी और शास्त्री की भूमिकाओं को जाना और उनके योगदान को समझा। बच्चों ने स्वदेशी आंदोलन, असहयोग आंदोलन, चंपारण सत्याग्रह, भारत छोड़ो आंदोलन और के भारत-पाकिस्तान युद्ध 1965 से संबंधित स्केच प्रतियोगिता में भाग लिया। संरक्षिका डॉ. सोनिया गोस्वामी ने बच्चों की प्रस्तुति को सराहा। इस मौके पर प्रधानाचार्या जया घोष, अक्षांशी, प्रियका, रुचि गुप्ता, विष्णु प्रिया, सारिका, अभिनव तिवारी, तमन दीक्षित, सुधांशी, प्रज्ञा, काजल, आकांक्षा, सोनम, शाजिया, खुशबू, स्तुति छाबड़ा, अपाला शर्मा, कृपांशी जैसवार, प्रीति ,सविता गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बच्चों को बांटी शिक्षण सामग्री

**पीलीभीत, अमृत विचारः** पूरनपुर में इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी ने लकी चिल्ड्रेन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्वाइंट हैप्पी स्कूल के अंतर्गत बच्चों को पढ़ाई संबंधित सामग्री उपलब्ध कराई। इसके साथ ही बैग ऑफ नॉलेज के अंतर्गत बच्चों को बिना बैग पढ़ाया गया। क्लब अध्यक्ष कल्पना गुप्ता ने बच्चों को डाइनिंग मैनर्स, हेल्थ और हाइजीन की जानकारी दी। शिक्षिकाओं द्वारा कई एक्टिविटीज कराई गई और बच्चों को लर्निंग किट के माध्यम से समझाया गया। समापन पर क्लब अध्यक्ष द्वारा सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्थापक प्रधानाचार्य मधु नागी, शिक्षिका अमनदीप कौर , गुमिंदर कौर, दीपाली महाजन, क्लब की चार्टर अध्यक्ष सलोनी गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष मोनिका गुप्ता समेत अन्य रहे।

# एसएसपी समेत व अफसरों ने किया कन्या पूजन



कन्या पूजन कार्यक्रम में मौजूद सहायक पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अफसर।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत कन्या पूजन किया गया। सहायक पुलिस अधीक्षक समेत अधिकारियों ने कन्याओं को तिलक लगाकर पूजन किया और बर्तन, मिठाई एवं फल वितरित किए। गोद भराई भी की गई। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले स्कूली बच्चों को शिक्षा किट देकर पुरस्कृत किया गया।

महिला कल्याण विभाग की ओर से मरौरी ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय गनेशपुर गौटिया में मंगलवार को हुए कार्यक्रम की शुरुआत सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल ने दीप प्रज्जवलन करके कराई। इसके बाद सहायक पुलिस अधीक्षक, डीडीओ संजय कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने कन्याओं को तिलक लगाकर पूजन किया और पांच बर्तन, मिठाई एवं फल वितरित किए। महिला कल्याण विभाग की ओर से कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले 25 बच्चों को एजुकेशन किट देकर पुरस्कृत किया गया। महिलाओं एवं छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत छात्राओं ने एक दिन की अधिकारी बन किया काम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : मिशन शक्ति 5.0 के तहत इन दिनों छात्राओं और महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। छात्राओं में आत्मविश्वास जगाने के लिए उन्हें एक दिन के लिए अधिकारी बनाकर कामकाज समझाए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को भी कई कार्यक्रम किए गए। थाना स्तर पर गठित एंटी रोमियो स्क्वाड समेत अन्य टीमें क्षेत्र में भ्रमण कर अभियान से जुड़े पंपलेट वितरित करती रहीं।

एसआरएम इंटर कॉलेज बीसलपुर की कक्षा 11 की छात्रा अजरा खातून को एक दिन का कोतवाल बनाया गया। उसने थाना परिसर का निरीक्षण कर अपराध नियंत्रण, पीड़ितों की सहायता और शांति व्यवस्था बनाए रखने से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। और फरियादियों की जनसुनवाई



इंस्पेक्टर बन शिकायतें सुनती छात्रा।

की। अन्य छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली और अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था बनाए रखने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। रानी अवंती बाई स्कूल की छात्राओं को ने भी थाने पहुंचकर पुलिस की कार्यशैली को जाना। पंपलेट से महिला हेल्पलाइन नंबर, साइबर सुरक्षा आदि के बारे में जानकारी दी गई। विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल की कक्षा 10 वीं की छात्रा सिमरन कौर को एक दिन के लिए माधोटांडा थाने का इंस्पेक्टर बनाया गया। इसके अलावा टीमें रोडवेज, रेलवे स्टेशन बाजार समेत अन्य भीड़ वाले स्थानों पर पहुंची और हेल्पलाइन नंबर, योजनाओं के बारे में जागरूक किया। वहीं, मंगलवार को शेरपुरकलां के परिषदीय स्कूल की बालिकाओं को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। मौजूद स्टाफ द्वारा पर्चा बनवाने से लेकर के इलाज तक की प्रक्रिया को बताया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया दुलई में कंपोजिट स्कूल पिपरिया दुलई की छात्राओं ने भ्रमण किया। इसके अलावा ललौरी खेड़ा, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय साबेपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरैयाखुर्दकलां, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय खमरिया पुल, आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिमरा अकबरगंज, सीएचसी पूरनपुर, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय बमरौली, बिलसंडा सीएचसी में भी स्कूली बच्चे पहुंचे।

# बच्चों ने मनाया दशहरा

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** हेमपुर स्थित हैप्पी ब्लूबर्ड पब्लिक स्कूल में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। बच्चे रामायण के पात्रों के स्वरूप में पहुंचे। शिक्षकों ने बच्चों को रामायण के बारे में बताया। राम, लक्ष्मण सीता के स्वरूपों में बच्चों ने लीला का मंचन किया। उधर, नेशनल स्कूल में दशहरा मनाया गया। बच्चों ने रामलीला का मंचन किया। इस मौके पर अभव्या, गौरांग, पर्व अग्रवाल, राघव, वंश, रितिक वर्मा, अंश जायसवाल अभिषेक, अविरल, कृष्णा मिश्रा, शुभ राठौर, जीतू आदि मौजूद रहे।

**दशहरा महोत्सव में झूमे बच्चे :** बरखेड़ा के एचआरपी किड्स वैली इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को नवरात्रि के अवसर पर डांडिया और दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें रंग-बिरंगे परिधानों से सुसज्जित बच्चों ने गरबा और डांडिया की ताल पर नृत्य किया। रावण के पुतले का दहन किया गया। प्रबंधक मुकेश कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्या डॉ.नीतू सिंह, डॉ.वंदना शर्मा उपस्थित रहे।

**कन्याओं को कराया भोज** :मझोला के स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती शिशु मंदिर में मंगलवार को दुर्गा अष्टमी, विजय दशमी और कन्या पूजन का भव्य आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य धनपाल सिंह ने मां दुर्गा और श्रीराम के चित्र पर पुष्पार्चन करके कार्यक्रम की शुरुआत कराई। छात्र-छात्राओं को दुर्गा अष्टमी और विजय दशमी के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

# मुख्यमंत्री का आपत्तिजनक फोटो किया पोस्ट, केस

**पीलीभीत,अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री का आपत्तिजनक टिप्पणी करने और फोटो डालने के मामलों में पुलिस ने तीन रिपोर्ट दर्ज की।

पहला मामला सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के गांव रुपपुर कमालू निवासी कमलेश कुमार ने अपने ही गांव के नाजिम के खिलाफ रिपोर्ट कराई। इसी तरह कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शेर मोहम्मद निवासी ऋषिकांत कनौजिया ने भी शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें मुजम्मिल खान नामक इंस्टाग्राम अकाउंट केस कराई गई। वहीं थाना जहानाबाद में तैनात उप निरीक्षक राकेश कुमार गौतम ने ग्राम शाही निवासी मोहम्मद वारिश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## दहेज हत्या में पति समेत चार को 10 साल कैद

**पीलीभीत, अमृत विचार** : दहेज हत्या के तीन साल पुराने मामले में न्यायालय ने पति समेत चार आरोपियों को दोषी पाते हुए दस साल कैद और प्रत्येक को 14-14 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। ग्राम कल्याणपुर नौगवां निवासी हरिओम ने तहरीर बताया था उसकी बहन रामा की शादी क्षेत्र के ढेरम मंडरिया के रहने वाले दिनेश कुमार से हुई थी। आरोप था दहेज की मांग पूरी न होने पर बहन को प्रताड़ित किया, 23 मई 2022 को उसकी हत्या कर दी।

# रामलीला में कुंभकरण वध का किया मंचन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** रामलीला मैदान में चल रहे श्रीरामलीला महोत्सव में लक्ष्मण शक्ति, हनुमान- भरत मिलाप, विभीषण- कुंभकरण संवाद, कुंभकरण वध व पुतला दहन लीला का मनमोहक मंचन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि सौरभ सक्सेना रहे। वहीं रासलीला में 29 सितंबर के प्रमुख यजमान सर्राफा वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम बाबू अग्रवाल, महामंत्री शैली अग्रवाल आदि ने ठाकुरजी और राधा रानी की भोग आरती की।

लीला में दिखाया कि दोनों सेनाओं में भयंकर युद्ध शुरू हो जाता है। लंका की ओर से रावण पुत्र मेघनाद वानर सेना को हताहत करने लगा। तब प्रभु राम की आज्ञा पाकर लक्ष्मण मेघनाद को बाणों से वार करने लगे। उसने पीछे अदृश्य होकर एक वीरघातिनी शक्ति का प्रयोग लक्ष्मण पर



रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

किया, जिससे लक्ष्मण मूर्छित हुए तभी भक्त हनुमान ने उन्हें गोद में उठाकर प्रभु के पास पहुंचे। सारी वानर सेना शोक में डूब गई। तब विभीषण के कहने पर हनुमान सुषेण वैध को लाए। सुषेण वैद्य बोले हे प्रभु हिमालय पर्वत से संजीवनी बूटी लाने से ही इनकी मूर्छा दूर होगी। तभी भक्त हनुमान संजीवनी लाने के लिए हिमालय की ओर उड़ चले। वहां हनुमान जी को पहचान न होने से वे सम्पूर्ण पहाड़ ही लेकर युद्ध स्थल की ओर चल दिए। अयोध्या के ऊपर से उड़ते हुए जाते देख भरत ने आसुरी शक्ति समझकर उन पर बाण से प्रहार किया। हनुमान राम-राम कहते हुए पृथ्वी पर आ गिरे। भरत ने जब राम- राम का नाम सुना तो हनुमान ने भरत को सारा वृतांत सुनाया। तब भरत ने अपने तीव्रगामी बाण से भक्त हनुमान को युद्धक्षेत्र में भेजा।

- रामलीला मैदान में फूंका गया कुंभकरण का पुतला

युद्धक्षेत्र में सुषेण वैद्य ने बूटी तैयार कर लक्ष्मण की मूर्छा दूर की। प्रभु राम ने भक्त हनुमान को अपने हृदय से लगा लिया। तभी रावण यह खबर पाकर कुंभकरण को युद्ध के लिए भेजता है। कुंभकरण अपने विशालकाय शरीर से वानर सेना को हताहत करने लगा। तब प्रभु राम ने अपने तीक्ष्ण बाणों से उसके हाथ पैर काट दिए। तभी वह मुंह फैलाकर प्रभु राम की ओर दौड़ पड़ा। तभी प्रभु राम ने अनेकों बाणों से उसका मुंह भरकर उसका प्राणांत कर दिया। जिसके पश्चात कुंभकरण का पुतला दहन किया गया। सभी भक्तगण इस मंचन को देख प्रभु राम की जय जयकार करने लगे और आनंद विभोर हो उठे। इसके पश्चात वृन्दावन के कलाकारों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की भव्य लीलाओं का मंचन किया गया। इस मौके पर महंत ओमकार नाथ, अमरीश शर्मा अंबू, अंकुर गुप्ता, राकेश लोधी, संजीव मिश्रा, सुधीर पाल सिंह, नरेश शुक्ला, भीम सिंह चौहान, प्रतीक अग्रवाल, आयुष सक्सेना, ओमकार सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

NSNH NEW SHRI NARAYANA HOSPITAL
न्यू श्री नारायणा हॉस्पिटल


डा. प्रदीप कुमार
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
Retd. ACMO
जनरल सर्जन


डॉ. राम निवास
एम.बी.बी.एस. एम.डी.
(एनेस्थेसियोलॉजिस्ट)
जटिल एवं गम्भीर रोग विशेषज्ञ


डॉ. राजा गुप्ता
जनरल फिजिशियन

डॉक्टर्स पैनल

| | | |
|---|---|---|
| डा. प्रदीप कुमार एम.बी.बी.एस., एम.एस. Retd. ACMO जनरल सर्जन | डा. ओमवती एम.बी.बी.एस., डीजीओ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ | डा. अहमद अली अंसारी एम.बी.बी.एस. डी.सी.एच. नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ |
| डा. राम निवास एम.डी. (एनेस्थेसियोलॉजिस्ट) जटिल एवं गम्भीर रोग विशेषज्ञ | डा. कुन्दन कुमार एम.बी.बी.एस., एमसीएच न्यूरो सर्जन | डा. अमन अग्रवाल एम.बी.बी.एस., एम.एस., एम.सी.एच. गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ |
| डा. सुजाय मुखर्जी एम.बी.बी.एस., एम.एस. जनरल सर्जन एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन | डा. निशान्त गुप्ता एम.बी.बी.एस., एम.एस. (आर्थो) हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ | डा. प्रिया सिंह एम.बी.बी.एस. डी.जी.ओ, डी.एन.बी. स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ |
| डा. आशुतोष कुमार एम.बी.बी.एस., एम.एस. हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ | डा. रहबर इरदिश बी.डी.एस. एमआईडीए लखनऊ मुख दन्त एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ | डा. राजा गुप्ता बी.ए.एम.एस. ई.एम.ओ. |

उपलब्ध सुविधायें :
- सिर एवं चेहरे की समस्त चोट, बुखार, खांसी, मलेरिया, टायफाइड का इलाज
- दिमाग एवं रीढ़ की हड्डी के समस्त प्रकार के आपरेशन की सुविधा
- दूरबीन विधि द्वारा पेट के सभी प्रकार के आपरेशन की सुविधा
- दूरबीन विधि द्वारा गुर्दा (किडनी) एवं मूत्र रोगों के सभी प्रकार के आपरेशन की सुविधा।
- छोटे चीरे द्वारा हड्डी के समस्त आपरेशन एवं जोड़ प्रत्यारोपण
- घुटना व कूल्हा बदलने की सुविधा उपलब्ध
- नॉर्मल डिलीवरी व दर्द रहित प्रसव एवं बच्चेदानी के समस्त प्रकार के आपरेशन
- बच्चों के समस्त प्रकार के रोगों को इलाज
- वेन्टीलेटर, वाईपाइप युक्त ICU, NICU


डॉ. विवेक कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर


ठाकुर हरीश रावत चेयरमैन

समस्त प्रकार के दूरबीन व चीरे वाले ऑपरेशन की सुविधा
24x7 भर्ती एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध 24/7 EMERGENCY SERVICES
लाल फाटक शांतिकुंज स्कूल के पास, निकट ओवर ब्रिज, बदायूँ रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं. : 8057953868

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002


डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005


बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज


डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जाँच व उपचार
8077344353
समय :- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
TPA सुविधा उपलब्ध

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

## न्यूज ब्रीफ

### फार्मा कंपनी की दुकान से चोरी का खुलासा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सदर कोतवाली पुलिस ने राजापुर मंडी के निकट फार्मा कंपनी की दुकान के काउंटर से 60 हजार रुपये चोरी कर भागे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 50 हजार रुपये बरामद हुए हैं। पुलिस ने उसका चालान भेजा है। पकड़ा गया आरोपी विवेक वर्मा उर्फ प्रिंस मोहल्ला ईदगाह का निवासी है। वह रविवार को फार्मा कंपनी की दुकान पर दवा खरीदने के बहाने गया था। कुछ दवाएं भी खरीदीं और इसी बीच काउंटर में रखे 60 हजार रुपये चोरी कर भाग निकला था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई फुटेज से आरोपी की पहचान की और उसे मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी का चालान भेजा गया है।

### दो बाइकों की भिड़ंत में तीन युवक घायल

**उचौलिया, अमृत विचार :** थाना के गांव रतनपुर निवासी विकास व राजीव डीजल लेने के लिए कोटरा गांव स्थित पेट्रोल पंप की ओर जा रहे थे। मठवाल देवता गांव मोड़ पर सामने से आ रही गांव बरनैया निवासी सोनपाल की बाइक से उनकी टक्कर हो गई। जयराम बाइक पर फेरी लगाकर सामान बेचते हैं। जिससे दोनों बाइक सवार घायल हो गए। मौके पर पहुंची उचौलिया पुलिस और सेवा का जुनून की टीम ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर सीएचसी पसगवां भेजा, जहां से घायल विकास व राजीव को शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया। दूसरे बाइक सवार को ज्यादा चोट नहीं आई। वह प्राथमिक उपचार लेकर घर चला गया। दोनों बाइकें पुलिस के कब्जे में हैं।

### छेड़छाड़ मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**मितौली, अमृत विचार :** थाना मितौली पुलिस ने छेड़छाड़ के मामले में गांव अछरौला निवासी सुहेल और मोहम्मद मतीन को गिरफ्तार किया है। एसआई मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान भेजा है।

### गैंगस्टर के दो आरोपी गिरफ्तार

**रोशननगर, अमृत विचार :** हैदराबाद थानाध्यक्ष सुनील मलिक ने बताया कि पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में आफताब. खां और मोहम्मद जीशान उर्फ राज निवासी रसूलपुर थाना गोला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान भेजा है।

# छात्रों ने श्रीराम के जीवन की लीलाओं का किया मंचन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ


गोला में राम वन गमन का मंचन करते छात्र।

**अमृत विचार:** श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल अकादमी में छात्र-छात्राओं को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों से परिचय करवाने के लिए श्रीराम कथा मंचन का बुराई पर अच्छाई की जीत थीम पर आयोजन हुआ, जिसमें रमन हाउस, अशोका हाउस, टैगोर हाउस, शिवाजी हाउस ने अपने अलग अलग प्रसंगों की मनमोहक प्रस्तुति दी। छात्र छात्राओं ने तालियों की गड़गड़ाहट और प्रभु श्रीराम के जयकारे से उनका स्वागत किया।

कुछ छात्र-छात्राओं ने श्रीराम कथा से संबंधित प्रसंग सुनाए। शिक्षक राजीव प्रकाश शर्मा ने भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन दर्शन से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र ने छात्रों से कहा कि प्रभु श्रीराम के आदर्शों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके आदर्शों का अनुकरण करना चाहिए।

डायरेक्टर मोहित पुरी ने भी बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें सदैव अच्छाई के मार्ग पर चलना चाहिए, क्योंकि अच्छाई की बुराई पर जीत निश्चित है। संचालन शिक्षक संगम गुप्ता ने किया।

### 1833 ई. में जांगड़ा राजा रंजीत सिंह ने कराया था आदि शक्ति के मंदिर का निर्माण

# ईसानगर में अदृश्य रूप में बिराजती हैं माता आशापुरा देवी

ओमनरायण शुक्ला, धौरहरा/लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के ईसानगर स्टेट में एक अद्भुत आदिशक्ति दुर्गा मंदिर है, जहां मां की मूर्ति रूप में नहीं, अदृश्य रूप में पूजा होती है। मंदिर में दो त्रिशूल और दो खूंटी हैं, जो माता का प्रतीक मानी जाती है। यह मंदिर 1833 में जांगडा राजा रंजीत सिंह के द्वारा बनवाया गया था।

युद्ध में जाने से पहले राजा यहां बलि प्रदान करते थे। कुल रीति से अनुसार उनके बंसज विजय दशमी में शस्त्र पूजन के साथ आज भी बलि प्रदान करते चले आ रहे हैं। ईसानगर कस्बे के राजभवन में बना आशापुरा मंदिर अपने आप में आलौकिक है। यहां मंदिर तो है पर कोई मूर्ति स्थापित नहीं है। राजा रंजीत सिंह के वंशज रितुराज प्रताप सिंह बताते हैं कि माता आशापुरा देवी हमारी कुल देवी है।

हमारे परदादा स्व. राजा रंजीत सिंह ने 1833 में मां आसापुरा मंदिर का निर्माण कराया था। यहां माता अदृश्य रूप से वास करती हैं। मंदिर में माता आदिशक्ति की मूर्ति नहीं है, बस मां के दो त्रिशूल और दो खूंटी हैं। परदादा राजा रंजीत सिंह जब भी किसी युद्ध में जाते थे तो माता आशापुरा देवी की पूजा-अर्चना करने के बाद बलि प्रदान किया करते थे। माता के आशीर्वाद से वह हमेशा युद्ध में विजयी होकर लौटते थे। यह परम्परा आज भी जीवंत है, राजवंश के लोग कुल रीति के अनुसार विजय दशमी के दिन माता आशापुरा देवी के समक्ष शस्त्र पूजन कर बलि प्रदान करते हैं।

**राजपुरोहित जनेश्वर झा बने थे पहले पुजारी**



राजा रंजीत सिंह के बंसज रितुराज प्रताप सिंह के मुताबिक मंदिर निर्माण के बाद राजपुरोहित रहे पं. जागेश्वर झा मुख्य पुजारी रहे। उनके बाद, कृष्णदत्त मिश्र, बुधराम अवस्थी, विद्या नंदन झा, जै जै राम मिश्र, विजयकान्त झा, वर्तमान में पंडित बाबूराम मिश्र मंदिर में पूजा पाठ सहित मंदिर के रख रखाव की जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

- विजय दशमी पर राजपरिवार करता है शस्त्र पूजन और बलि प्रदान


त्रिशूलों के रूप में होती है मां की पूजा।


पुजारी बाबूराम मिश्रा।


माता आशापुरा देवी मंदिर। ● अमृत विचार

# दिन में धूप, रात में ठंडक से लोग हो रहे बीमार

### वायरल फीवर से लेकर पेट दर्द के बढ़ रहे मरीज, मंगलवार को जिला अस्पताल में 1200 मरीजों ने कराया पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** दिन में चिलचिलाती धूप और शाम को अचानक पारा गिरने से हो रहे मौसम में बदलाव के कारण वायरल से लेकर पेट दर्द के मरीज बढ़ रहे हैं। वहीं दिन में होने वाली उमस भरी गर्मी सेहत पर भी भारी पड़ रही है। इससे ओपीडी में वायरल फीवर, पेट दर्द, उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। मंगलवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में करीब 1200 मरीजों का पंजीकरण हुआ। इससे ओपीडी में पहुंचे मरीजों को इलाज के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

सरकारी से लेकर निजी अस्पतालों में इन दोनों मरीजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इसके चलते पर्चा काउंटर से लेकर ओपीडी कक्ष के बाहर मरीजों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। मंगलवार को करीब 1200 मरीज ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचे। इससे मरीजों को पर्चा बनवाने से लेकर ओपीडी में डॉक्टर को दिखाने के लिए देर तक इंतजार करना पड़ा। अस्पताल पहुंचने वाले ज्यादातर मरीज वायरल फीवर, उल्टी दस्त, मलेरिया, बुखार, डिहाइड्रेशन, पेट दर्द और गर्मी से होने वाली बीमारियों से पीड़ित थे। जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. शिखर वाजपेयी का कहना है कि ऐसे मौसम में धूप में निकलने से बचें, जरूरी होने पर सिर ढक कर निकलें और खान-पान का भी ध्यान रखें। अत्यधिक तला और मसालेदार खाद्य पदार्थों का सेवन करने से बचें। डिहाइड्रेशन से बचने के लिए एक से डेढ़ घंटे के अंतराल पर कुछ न कुछ तरल पदार्थ अवश्य लेते रहें। किसी प्रकार की कोई परेशानी लगने पर तत्काल नजदीकी सरकारी अस्पताल जाकर डॉक्टर को दिखाएं।


जिला अस्पताल में पर्चा बनवाने के लिए लगी मरीजों और तीमारदारों की लाइनें। ● अमृत विचार

- जिला अस्पताल में रोजाना लग रही मरीजों की भीड़

**बोले चिकित्सक यह हो सकती है वजह**

जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. रोहित पाठक बताते हैं कि गर्मी में, पाचन क्रिया धीमी हो जाती है, जिससे पेट में दर्द और गैस की समस्या हो जाती है। डिहाइड्रेशन के कारण भी पेट दर्द होने लगता है। वहीं गर्मी और धूप के कारण शरीर का तापमान बढ़ जाता है, जिससे बुखार हो सकता है। वहीं वायरल संक्रमण भी बुखार का कारण बनता है। हालांकि अब मौसम में तेजी से बदलाव होगा, जिससे बीमारियां कम हो जाएंगी।

इन दिनों पेट दर्द और बुखार के मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है। इसकी वजह बाजार में बिकने वाले खुले खाद्य पदार्थों का सेवन करने से लेकर स्वच्छ पानी की कमी और धूप में बाहर निकलना। बीमारियों से बचने के लिए ज्यादा मसालेदार व बाजार में खुला रखकर बिकने वाली चीजों का सेवन बिल्कुल न करें। संतुलित और पौष्टिक भोजन का सेवन करें।
-डॉ. आरके कोली, सीएमएस।

**बचाव:**

- खुले और गंदगी में बिकने वाले खाद्य पदार्थों से बचें
- तेज धूप होने पर सिर को ढक कर रखें
- दिन में पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं
- ताजे फलों और सब्जियों का सेवन करें
- धूप में निकलने से बचें और बार-बार हाथ धोएं
- बच्चों को गर्मी से बचाए एवं स्वच्छ पानी पिएं

# जंगली हाथियों ने फसल बर्बाद की, किसानों में रोष


हाथियों द्वारा नष्ट की गई केले और गन्ने की फसल। ● अमृत विचार

संवाददाता, सिंगाही

**अमृत विचार:** उत्तर खीरी निघासन वन रेंज बेलरायां क्षेत्र के महादेउआ टांडा गांव में सोमवार की रात जंगली हाथियों ने किसानों की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया। हाथियों ने केले, गन्ना और धान की फसल रौंद दी। किसानों ने वन विभाग से फसल का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

सोमवार की रात हाथियों का झुंड बफर जोन के जंगल से निकलकर खेतों में आ धमका और बृजभान, अनीश, विजय प्रकाश, राम प्रसाद, रमेश, श्रीराम, सतनाम और सर्वेश की खेतों में खड़ी केला, गन्ना और धान की फसल को तहस-नहस कर दिया।

किसान हाथियों को भगाने के लिए मौके पर पहुंचे और शोर मचाया, लेकिन वे अपनी मेहनत और साल भर की कमाई को उजड़ते हुए असहाय महसूस कर रहे थे। ग्रामीणों ने वन विभाग से फसल की सुरक्षा के लिए ठोस इंतजाम करने और नुकसान का पूरा मुआवजा देने की मांग की है। रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि किसानों की फसल का नुकसान आंका जाएगा और नियमानुसार पीड़ितों को मुआवजा दिलाया जाएगा।

# स्वदेशी अपनाने को चलेगा अभियान

संवाददाता, मितौली


कार्यशाला को संबोधित करते भाजपा जिला मंत्री बृजेश सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कस्ता मंडल की आत्मनिर्भर भारत अभियान कार्यशाला में भाजपा जिला मंत्री बृजेश सिंह ने कार्यकर्ताओं से लोकल फॉर वोकल अभियान को गति देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाने का संदेश हर घर तक पहुंचना चाहिए। युवाओं को इस मुहिम से जोड़कर अभियान को नई ऊंचाई पर ले जाना होगा।

जिला मंत्री ने कहा कि दीपावली पर्व पर विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जनता और दुकानदारों को समझाया जाएगा कि विदेशी झालर, लाइट व अन्य सामान न खरीदें और न बेचें। इसके स्थान पर स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देने की अपील की जाएगी। बताया कि अभियान के तहत घर-घर स्टीकर लगाए जाएंगे और जनता से संकल्प पत्र भरवाए जाएंगे। दुकानदारों को भी स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री के लिए जागरूक किया जाएगा। क्षेत्रीय उद्यमियों को प्रोत्साहित कर स्थानीय स्तर पर बनी वस्तुओं को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। इसके साथ ही स्कूलों में जाकर छात्रों को स्वदेशी के महत्व से अवगत कराने को भी अभियान का हिस्सा बनाने की बात कही गई। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा विकास सिंह, राजेश दीक्षित, कौशल किशोर बाजपेयी, मोहित सिंह, जहेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

- जिलामंत्री ने किया लोकल फॉर वोकल अभियान को गति देने का आह्वान

# नदी पर अतिक्रमण से तीन गांवों की फसलें प्रभावित

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव अहमदनगर से निकली सरायन नदी पर अतिक्रमण के कारण तीन गांवों की फसलें प्रभावित होकर नष्ट हो गई हैं। गांव बहेरा, कंजा और छतौनिया के किसान प्रमोद कुमार, संदीप, राजाराम, संतोष कुमार, आसाराम, राजेंद्र प्रसाद, रामकृपाल, रोमी वर्मा, रामऔतार, दूलीचंद वर्मा आदि ने एसडीएम को भेजे शिकायती पत्र में लिखा है कि उनके खेत के पास सरायन नदी बहती है, लेकिन नदी में काफी सिल्ट और कचरा जमा हो गया है। इसके अलावा प्लाटिंग करने वाले प्रॉपर्टी डीलरों और अन्य लोगों ने सरायन नदी पर अवैध कब्जा कर लिया है। इससे नदी संकरी हो गई है और खेतों में जलभराव हो गया है जिससे फसल नष्ट हो गई हैं। किसानों ने एसडीएम से नदी से अतिक्रमण हटवाने की मांग की है।

# कॉरिडोर की जद में आई दुकानों को खुद तोड़ रहे दुकानदार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर सौंदर्यीकरण की जद में आने पर आंबेडकर तिराहे से डामर रोड का चौड़ीकरण किया जाना है। पीडब्ल्यूडी विभाग से इस रोड पर तीर्थ बाजार की ओर बनी नौ दुकानों के मालिकों को अतिक्रमण हटाने की दूसरी नोटिस मिलने के बाद सकते में आए दुकान स्वामियों ने स्वयं ही निर्माण तुड़वाना शुरू करा दिया है।

उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अरुण अवस्थी ने नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू को ज्ञापन देकर त्योहारों में किसी दुकानदार की आय प्रभावित न हो इसको लेकर दीपावली तक निर्माण न तोड़े जाने और उन्हें न हटाने की मांग की थी। डामर रोड स्थित दुकान स्वामी प्रकाश गिरि ने अपनी दुकान के छज्जे तुड़वाना शुरू करा दिया है। नौ दुकानों में प्रकाश गिरि, अय्यूब, सुनील गिरि, मुन्ना गिरि आदि की दुकानें हैं, जिनमें ब्यूटी पार्लर, मेडिकल स्टोर, साड़ी आदि की दुकानें संचालित हैं।

नोडल अधिकारी ने सीडीओ, एसडीएम, तहसीलदार, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों के साथ कॉरिडोर निर्माण में हो रहे कार्यों का निरीक्षण कर आंबेडकर तिराहे से विश्वकर्मा मकान होते हुए शिव मंदिर जाने वाले मार्ग का निरीक्षण कर मार्ग के चौड़ीकरण किए जाने के दिशा निर्देश दिए थे। इस मार्ग का 13 मीटर चौड़ीकरण होना है, जिसमें तीर्थ बाजार की तरफ एक मीटर और मेला मैदान की तरफ तीन मीटर चौड़े नाले का निर्माण प्रस्तावित है। पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से तीर्थ बाजार की तरफ स्थित दुकानदारों को दो नोटिस दी जा चुकी हैं।

यह मार्ग वीआइपी मार्ग होते हुए पौराणिक शिव मंदिर के दक्षिण प्रवेश द्वार तक जाएगा। कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल के जेई नितिन सिंह ने बताया कि इस मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा चिन्हित अतिक्रमण को हटाए जाने के बाद नाला और सड़क निर्माण शुरू कराया जाएगा।

- 13 मीटर चौड़ी बनेगी डामर रोड आवागमन होगा सुलभ



गोला में डाइवर्जन रोड के दुकानदारों ने खुद तोड़ा छज्जा। ● अमृत विचार

# एक दिन की कोतवाल बनीं आशी, संभाली व्यवस्था


कोतवाली में स्टाफ से जानकारी लेतीं एक दिन की प्रभारी निरीक्षक छात्रा आशी गुप्ता।


थाना प्रभारी बनीं छात्रा साक्षी त्रिपाठी को पुष्पगुच्छ भेंट करते एसआई।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** सरस्वती विद्या मंदिर की छात्र संसद की प्रधानमंत्री आशी गुप्ता को कोतवाली का एक दिन का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया। इस दौरान उन्होंने नगर की पुलिसिंग व्यवस्था को समझा, समस्याएं सुनीं और निर्देश भी दिए।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद आशी गुप्ता ने कोतवाल अंबर सिंह के साथ कोतवाली के पटलों और परिसर का निरीक्षण किया। कोतवाल बनी आशी गुप्ता ने कोतवाली में आई फरियादियों की शिकायतों को सुना और शिकायतों के समाधान के लिए अग्रिम कार्यवाही को निर्देशित करते हुए महिला सुरक्षा सेवाओं की जानकारी ली। विद्यालय प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा ने उसे बुके देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया, अमित वर्मा, अभिषेक सिंह, कुलदीप शर्मा, विवेक वर्मा, आशीष गुप्ता सहित कोतवाली का स्टाफ मौजूद रहा।

- कोतवाली में आए फरियादियों की शिकायतों को सुना

**छात्रा साक्षी बनी एक दिन की थाना प्रभारी**

पलिया कलां। सरस्वती विद्या मंदिर की छात्रा साक्षी त्रिपाठी को आज एक दिन के लिए पलिया थाने की कमान सौंपी गई। इसके बाद उन्होंने थाना परिसर का भ्रमण कर महिला शक्ति केंद्र व महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्पलाइन कक्ष, आपातकालीन सेवा डेस्क का निरीक्षण कर कार्यालय अभिलेख, शिकायत पंजिका आदि देखीं और थाने में मौजूद समस्या परक लोगों की शिकायतें सुन संबंधित पुलिसकर्मियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान पर प्रधानाचार्य राम प्रताप सिंह सहित कई शिक्षक, थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी, पलिया चौकी इंचार्ज प्रेम नारायण सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# एसडीएम सदर ने रामलीला मेले की देखी व्यवस्था

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** शहर की ऐतिहासिक रामलीला मेले को लेकर प्रशासन सतर्क है। मंगलवार की शाम करीब पांज बचे एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह मेला मैदान पहुंचे। उन्होंने प्रशिक्षु आईपीएस सीओ सिटी विवेक तिवारी के साथ मेले का भ्रमण किया और सेठ गया प्रसाद ट्रस्ट के सरवराकार विपुल सेठ के साथ रामलीला स्थल का निरीक्षण कर रणनीति बनाई। एसडीएम सदर ने बताया कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग लगाई जाएगी। रावण दहन के साथ ही अन्य कार्यक्रमों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुरुष के साथ महिला आरक्षियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा सादे कपड़ों में भी पुलिस तैनात रहेगी। उन्होंने बताया कि मेले में आने व जाने वाले मार्गों पर भी पुलिस की कड़ी निगरानी रहेगी।

# शिविर में पहुंचे एक हजार से अधिक मरीज

संवाददाता, पलियाकलां

**अमृत विचार:** सीएचसी में विधायक रोमी साहनी ने मेगा स्वास्थ्य शिविर का फीता काटकर उद्घाटन किया, जिसमें एक हजार से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया।

विधायक साहनी ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आयोजित स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान एक ऐसा अभियान है, जो दर्शाता है कि प्रधानमंत्री के लिए देश की हर बहन कितनी महत्वपूर्ण है। इस अभियान के अंतर्गत महिलाओं के स्वास्थ्य सुधार को लेकर कार्य किया जा रहा है। जिसमें घरेलू महिलाओं की बहुत सी जांचें कर उन्हें दवा उपलब्ध कराई गईं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. भरत सिंह ने बताया कि शिविर में जननी सुरक्षा योजना, राज्य किशोर -किशोरी, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना, नियमित टीकाकरण, एनसीडी स्क्रीनिंग, राष्ट्रीय टीबी कंट्रोल प्रोग्राम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के काउंटर लगाए गए।

ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाया गया। शिविर में खांसी, जुकाम, बुखार के 818 मरीज, टीबी के 10 मरीज, त्वचा रोग से संबंधित 148 मरीज, 103 ब्लड की जांच, 32 मरीज के अल्ट्रासाउंड, 6 मरीज के ईसीजी, 29 गर्भवती महिलाओं की जांच तथा 86 बच्चों का टीकाकरण, 31 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड, महिला मरीजों की संख्या 246 रही तथा रक्तदान शिविर में 16 यूनिट रक्तदान किया गया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि श्याम आनंद, भाजपा नगर अध्यक्ष उदयवीर सिंह, वरुण मिश्रा, अनुपम राय, अभिनव मिश्रा, डिंपल शर्मा और रिंटू शर्मा आदि मौजूद रहे।


स्वास्थ्य शिविर का फीता काटकर उद्घाटन करते विधायक रोमी साहनी।

- मेगा स्वास्थ्य शिविर का विधायक ने किया उद्घाटन

अमृत विचार
बरेली, बुधवार, 1 अक्टूबर 2025
खीरी

## न्यूज ब्रीफ

### एनटी रोमियो अभियान में मनचला गिरफ्तार

**धौरहरा, अमृत विचार :** प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने मिशन शक्ति के तहत एनटी रोमियो अभियान चलाते हुए पुलिस बल के साथ गस्त किया। इस दौरान पुलिस ने महिलाओं पर फब्तियां करने वाले एक शोहदे को को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे के नेतृत्व में महिला आरक्षियों के साथ धौरहरा सहित सहित कफारा, महादेव, तुलसीराम पुरवा, सिसैया चौराहा सहित क्षेत्र में एनटी रोमियो अभियान चलाते हुए तुलसीराम पुरवा गांव निवासी विजय कुमार को गांव वाले तिराहे से गिरफ्तार कर चालान भेजा है। इसके अलावा चार पहिया वाहनों में लगी ब्लैक फिल्म भी उतराई।

### गन्ने के खेत से बच्ची का अधखाया शव बरामद

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना फूलबहेड़ के गांव राजारामपुरवा निवासी संतू की सात साल की बेटी सोमवार की शाम घर के बाहर खेल रही थी। जिसे कोई हिंसक वन्य जीव उठा ले गया। तलाश करने पर देर शाम उसका अधखाया शव बरामद हुआ है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे वनाधिकारियों ने भी जांच की। ग्रामीणों का कहना है कि हिंसक पशु तेंदुआ हो सकता है। उन्होंने पिंजड़ा और जाल लगाकर हिंसक पशु पकड़वाने की मांग की है। घटना के बाद से लोगों मे तेंदुए की दहशत है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**मितौली, अमृत विचार :** लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर पंजाब नेशनल बैंक के पास ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार थाना नीमगांव के गांव नजीमाबाद निवासी धअयान सिंह और उनका साथी विदेश घायल हो गया। दोनों को सीएचसी मितौली में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

### बिजली गिरने से घर में लगी आग

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना फूलबेहड़ के गांव बहालीपुरवा में मंगलवार की सुबह आसमान में कड़की बिजली इजहार खान के छप्परपोश घर पर गिर गई। इससे आग भड़क उठी। आग लगते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने बहुत मुश्किल से आग पर काबू पाया। इस आग से हजारों रुपये का नुकसान हुआ है।

# बालि-सुग्रीव युद्ध देख रोमांचित हुए दर्शक

## रामलीला मंचनः श्रीराम का बाण जब बालि को लगा तो बोला-मैं बैरी सुग्रीव पियारा, अवगुन कवन नाथ मोहि मारा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- दर्शकों ने लगाए जय श्रीराम के नारे बजरंगबली ने जलाई लंका

**अमृत विचारः** शहर की रामलीला में नवें दिन बालि-सुग्रीव युद्ध का मंचन किया गया। बहु छल बल सुग्रीव कर, हिय हारा भय मानि, मारा बालि राम तब, हृदय माझ सर तानि, बालि और सुग्रीव के बीच भयंकर युद्ध छिड़ जाता है। दोनों बहुत छल बल का प्रयोग करते हैं, अंत में पेड़ की ओट से खड़े प्रभु श्रीराम तीर चला देते हैं, जो सीधा बालि की छाती में लगता है। धोखे से चलाए गए इस तीर से क्रुद्ध होकर बाली प्रभु श्रीराम से कहता है कि मैं बैरी सुग्रीव पियारा, अवगुन कवन नाथ मोहि मारा, मैं आपका शत्रु हो गया और सुग्रीव आपको अति प्रिय हो गया, ऐसा क्या कारण है प्रभु, इस दौरान कलाकारों ने बालि सुग्रीव युद्ध का बड़ा रोमांचक दृश्य प्रस्तुत किया।

माता शबरी अपने आश्रम में श्रीराम और लक्ष्मण को बताती हैं कि वे पंपापुर सरोवर ऋष्यमूक पर्वत पर वानर राज सुग्रीव से मित्रता करें, वे ही सीता की खोज के लिए उनकी सहायता करेंगे। पंपापुर सरोवर पहुंच कर ऋष्यमूक पर्वत पर श्रीराम व लक्ष्मण की हनुमान जी से भेंट होती है। हनुमान जी उन्हें वानर राज सुग्रीव से मिलाते हैं। वानर राज सुग्रीव का खोया हुआ राज्य और पत्नी दिलाने के लिए श्रीराम, सुग्रीव को बालि के पास युद्ध के लिए भेजते हैं। दोनों के युद्ध के दौरान प्रभु श्रीराम तीर चला देते हैं और बालि मारा जाता है, संसार से विदा होते समय बालि अपने पुत्र अंगद को प्रभु श्रीराम को सौंप जाता है, रामलीला का यह मंचन देखने के लिए बड़ी संख्या में जनमानस उपस्थित रहा। इस दौरान सरवराहकार विपुल सेठ के साथ, किशन सेठ, विभु सेठ, अभिषेक सेठ समेत सेठ परिवार के कई महत्वपूर्ण सदस्य मौजूद रहे।

### श्रीरामलीला महोत्सव में आज

श्रीरामलीला महोत्सव में बुधवार एक अक्टूबर को ऐतिहासिक मंच पर व्यास वाल मुकुंद महाराज वृंदावन धाम के कलाकारों द्वारा लक्ष्मण, मेघनाद युद्ध एवं लक्ष्मण शक्ति लीला का मंचन किया जाएगा।

## श्रीरामलीला मंचन में रावण के दरबार में अंगद ने जमाया पैर



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** छोटी काशी में हो रही श्रीरामलीला के मंचन में मंगलवार को बालि वध, लंका दहन, रामेश्वर स्थापना और रावण, अंगद संवाद का मंचन दिखाया गया। रावण और अंगद संवाद से दर्शक उत्साहित होकर जय श्रीराम के जयकारे लगाने लगे। महोत्सव में मंगलवार को मंचन में दिखाया कि सुग्रीव से मित्रता होने के बाद श्रीराम ने उसके भाई बालि का वध कर सुग्रीव को पंपापुर का राजा बनाया। हनुमान जी लंका पहुंचकर अशोक वाटिका में माता सीता से मिल श्रीराम का संदेश देते हैं। रावण के पुत्र अक्षय कुमार को मारा, मेघनाथ को मूर्छित किया फिर ब्रह्फांस का सम्मान करते हुए रावण के दरबार में पहुंचने पर रावण ने हनुमान जी की पूंछ में आग लगवा दी। हनुमान जी ने रावण की सोने की लंका जलाकर राख कर दी। श्रीराम समुद्र के किनारे भगवान भोलेनाथ से विजय का आशीर्वाद लेने के लिए रामेश्वर की स्थापना करते हैं। इसके बाद श्रीराम अंगद को दूत बनाकर रावण को अंतिम बार समझाने के लिए लंका भेजते हैं। अंगद रावण के दरबार में जाता है। रावण से संवाद के बाद वह अपना पैर धरती पर जमाकर चुनौती देता है कि दरबार में मौजूद किसी भी योद्धा ने उसका पैर हिला भी दिया तो वह प्रभु श्रीराम की ओर से हार स्वीकार कर चला जाएगा। रावण के दरबार में बैठे योद्धा उसका पैर हिला भी नहीं पाते हैं। जब रावण आता है तो अंगद उसे श्रीराम की शरण में जाने को कहते हैं। रावण और अंगद संवाद से दर्शक उत्साहित होकर जय जय श्रीराम के जयकारे लगाने लगे। रावण के किरदार में मेघराज शर्मा और अंगद के किरदार में ललित शर्मा के अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रीरामलीला समिति के संरक्षक जनार्दन गिरि, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, पंकज गुप्ता, शत्रोहन मिश्र, रामगुलाम पांडे, कृष्णा वाजपेई, रामस्वरूप यादव, प्रमोद मिश्रा, अवधेश मिश्रा, रविंद्र कटियार आदि मौजूद रहे।

## पलिया में आकर्षण का केंद्र बना रावण का पुतला



**पलिया कलां।** दशहरे के लिए बनाया गया रावण का पुतला खड़ा होते ही आकर्षण का केंद्र बना। रामलीला में मंगलवार को खरदूषण वध की लीला का मंचन किया गया। मंच पर विराजमान काशी आदर्श रामलीला मंडल रायबरेली के कलाकारों द्वारा दिखाया गया कि श्री राम, लक्ष्मण और सीता पंचवटी में विराजमान हैं। तभी वहां रावण की बहन सूर्पणखा पहुंचती है और श्री राम पर मुग्ध होकर विवाह का प्रस्ताव रख देती है। इस पर श्री राम, लक्ष्मण की ओर इशारा कर उसे लक्ष्मण के पास भेज देते हैं। इस पर लक्ष्मण-सूर्पणखा संवाद होता है। तिलमिलाई सूर्पणखा सीता की ओर झपटने का प्रयास करती है, तब लक्ष्मण जी, बड़े भाई श्री राम का संकेत पाकर सूपर्णखा की नाक काट लेते हैं। इसके बाद रक्तरंजित वह रोती- विलखती उसी जंगल में कुछ दूर रह रहे अपने भाई खर-दूषण के पास पहुंच सारा वृतांत बताती है। पश्चात खर-दूषण और भगवान श्री राम के बीच भीषण युद्ध होता है ,जिसमें खर-दूषण दोनों मारे जाते हैं। पश्चात श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारी एवं दर्शक भगवान श्री राम, लक्ष्मण व सीता पर पुष्प वर्षा करने लगते हैं। मेला मैदान कलाकारों द्वारा किए गए श्री राम के जै घोष से गूंज उठता है।



अल्हवापुर में गिरी धान की फसल देख सिर पकड़कर बैठा किसान। • अमृत विचार

## तेज बारिश और हवाओं से धान-गन्ने की फसल चौपट

संवाददाता, बेहजम

- मंगलवार की तड़के तेज हवा के साथ हुई बारिश

**अमृत विचारः** विकास खंड बेहजम क्षेत्र में बीते दिनों भीषण गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ाई थी। वहीं मंगलवार को अचानक मौसम में आए बदलाव ने गर्मी और उमस से राहत तो दी, लेकिन तेज बारिश और हवाओं से खड़ी धान व गन्ने की फसल खेतों में गिर गई। इससे किसानों को भारी नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है। इससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं।

मंगलवार की सुबह अचानक मौसम का रुख बदल गया। तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। इससे पिछले कई दिनों से चली आ रही उमस और गर्मी से जहां लोगों को राहत मिली। वहीं किसानों के लिए बारिश और तेज हवाएं मुसीबत बन गई। हवाओं के चलने के कारण खेतों में खड़ी गन्ने और धान की फसल बिछ गई। बहादुरपुर गांव के मजरा अल्हवापुर में दिनेश शर्मा के चार बीघा धान की फसल तेज हवाओं और बारिश की वजह से चौपट हो गई। इसके अलावा कई अन्य किसानों की फसल भी गिर गई।

किसानों ने बताया कि उनकी मेहनत पर पानी फिर गया है और भारी नुकसान हुआ है। क्षेत्रीय लेखपाल अश्वनी कुमार को भी फसल के नुकसान की सूचना दे दी गई है। मौसम की इस आफत ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है और उनकी फसल की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## धान खरीद में शोषण, भाकियू नेताओं का प्रदर्शन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



गोला में तहसीलदार को ज्ञापन देते भाकियू जिलाध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन।

- डीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचारः** धान खरीद में राइस मिल मालिकों द्वारा किये जा रहे शोषण के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन के नेतृत्व में किसानों ने मंडी में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के नाम संबोधित तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि जिले में किसानों का शोषण हो रहा है। धान मिल मालिक किसानों से धान पर प्रति क्विंटल दो किग्रा कर्दा, 20 रुपया पल्लेदारी, 50 रुपया धर्मकांटा और सीडी के नाम पर कटौती करते हैं, जो कि अवैध है। किसान वैसे भी दवाइयां, बीज, पानी, खाद आदि के कर्ज के नीचे दबा हुआ है, ऊपर से धान मिल मालिक और सरकारी क्रय केन्द्र अपने मनमाने तरीके से किसानों का शोषण करते है। उन्होंने मांग की है कि पल्लेदारी, कर्दा, सीडी, धर्मकांटा आदि से निजात दिलाई जाए और किसानों का धान मंडी में बोली लगाकर खरीदा जाय।

इस मौके पर दलजीत सिंह, गंगासागर, सोना सिंह, संजय सिंह, हरमन सिंह, उस्मान सहित कई किसान मौजूद रहे।

## महिला की सड़क हादसे में मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव जिगनियां सकेथू निवासी छोटेलाल की पत्नी राजकुमारी (52) छोटे बेटे सुरेश के साथ ओयल दवा लेने आ रही थी। रपटा पुल के पास किसी वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में राजकुमारी की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा सुरेश गंभीर घायल हो गया। परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल सुरेश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

## मंगला देवी मंदिर में भगवती साधना में किया जप

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- हवन में आहुतियों के बाद किया गया प्रसाद वितरण

**अमृत विचारः** मां मंगला देवी मंदिर स्थित यज्ञशाला में मां भगवती साधना में जप पाठ का अनुष्ठान हो रहा है। जिसका समापन हवन की आहुतियों के बाद प्रसाद वितरण होगा। पवित्र शारदे नवरात्रों में शहर के विभिन्न मंदिरों में आदि शक्ति जगदम्बा की पूजा आराधना का माहौल है।

वहीं मां मंगला देवी मंदिर में स्थित यज्ञशाला में एक सप्ताह से गायत्री परिवार टोली द्वारा माता का जप और पाठ हो रहा है। दैनिक पाठों का श्री गणेश प्रातः पूजन अर्चन के साथ प्रारम्भ होकर 5 बजे तक आरती और प्रसाद वितरण के साथ विश्राम होता है। मंदिर कमेटी के मंत्री केके शुक्ला ने बताया कि मंगलवार को दोपहर 12 बजे से हवन और पूर्णाहुति होना है।

उन्होंने बताया कि गायत्री परिवार के मुनीश चंद्र शुक्ला, सत्य नारायण वर्मा, मुनीश कुमार, शिवप्रसाद पांडे, भागवत स्वरूप दीक्षित, सरस्वती त्रिवेदी, सत्यवती शुक्ला, बिंदेश्वरी, मीना, निर्मला गुप्ता आदि ने साप्ताहिक जप पाठ में भागीदारी निभाकर जग के कल्याण की कामना की।



गोला के मां मंगला देवी मंदिर में पाठ करते गायत्री परिवार के लोग। • अमृत विचार

### माता अनुसुइया और कंस वध का सुनाया गया प्रसंग

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** गांव दतेली के मां दुर्गा मंदिर प्रांगण में हो रही श्रीमद भागवत कथा में कथावाचक ने माता अनुसुइया और कंस वध का प्रसंग सुनाया। कथा वाचक पंडित मुकेश अवस्थी ने पतिव्रता माता अनुसूइया की कथा को सुनाया। उसके बाद कंस वध का प्रसंग सुनाया। कथा सुनकर भक्त भाव विभोर हो गए। कार्यक्रम में मां दुर्गा मंदिर के पुजारी दुष्यंत वर्मा, सुजीत वर्मा, सोनू पांडे, अभिषेक वर्मा, सुंदर लाल वर्मा, ईश्वरदीन वर्मा, प्रांशु वर्मा, आलोक वर्मा आदि रहे।

### नवदुर्गा पूजन उत्सव में हुआ दुर्गा सप्तशती पाठ



**संसारपुर, अमृत विचार :** कस्बे में नवरात्रि की अष्टमी को दुर्गा सप्तशती पाठ पुरोहित घनिष्ठ गुप्ता ने किया और बच्चों ने झांकी दिखाई। भजन, कीर्तन सूरज म्यूजिकल ग्रुप बंडा शहजहांपुर ने किया। मां भगवती के प्रथम पूजन उत्सव में अष्टमी की रात माता के 8वें स्वरूप का पूजन कर पुरोहित ने दुर्गा सप्तशती पाठ का वर्णन किया। कस्बे के छोटे बच्चों के द्वारा मनमोहक झांकियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मैलानी के पति नरेश यादव ने मां भगवती की आरती कर शुभारंभ किया। नौ दिवसीय उत्सव में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। एक अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन होगा। कार्यक्रम की व्यवस्था में प्रांगण स्वामी विवेक दीक्षित, प्रधानपति रामप्रसाद देवल, मां जीवन दायिनी समाजसेवी संस्था के सदस्य अनुराग मौर्य, विपिन वर्मा, शिवपूजन मौर्य, शिवम जायसवाल, रितिक मौर्य, अमन जयसवाल, रोहित विश्वकर्मा, लकी विश्वकर्मा, मनमोहन मौर्य, जगत राम मौर्य लगे रहे।

## कन्याओं को मिले सुरक्षित माहौल तो हर दिन हो नवरात्रि

संवाददाता, बिझौली

**अमृत विचारः** नवरात्रि का त्योहार चल रहा है। देवी के रूप में कन्याओं का पूजन होता है। उनकी सेवा और आशीर्वाद के बिना यह त्योहार पूरा नहीं होता। मगर जैसे ही नवरात्रि समाप्त होंगे, सब उसी ढर्रे पर लौट आएंगे, जिस पर चलते आए हैं। पितृ सत्तात्मक सोच हावी होने लगेगी। देवी रूपी इन कन्याओं को घर के अंदर असमानता के भाव और बाहर लोगों की खराब नजरों से दो चार होना पड़ेगा।

हाथरस और बलरामपुर जैसी घटनाएं भी कानों में चुभने लगेंगी और परेशान करेंगी। अमृत विचार ने इस नवरात्रि पर कन्याओं से बात कर उनका नजरिया जाना। उनका कहना है कि उनके लिए यह सम्मान तब तक मायने नहीं रखेगा जब तक हम सब अपने आप को महफूज महसूस नहीं करें। अगर हमें सुरक्षित माहौल और भेदभाव से छुटकारा मिले तो हमारे लिए हर दिन नवरात्रि जैसा हो जाएगा।



कन्याओं के साथ होने वाले अपराधों की दर अधिक है। हमें कन्याओं की सुरक्षा के लिए काम करना होगा। शासन की मिशन शक्ति, नारी सम्मान, सुरक्षा का असर धरातल पर दिखना चाहिए। -अंजली सिंह।



भारत में कन्याओं की शिक्षा का स्तर अब भी बहुत कम है। हमें कन्याओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए काम करना होगा। साथ ही उनमें भय, संकोच दूर करने का प्रयास करना होगा। -सोनिया सिंह।



कन्याओं को सशक्त बनाने से समाज की तरक्की होगी। समाज में व्याप्त दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को भी दूर कर हमें कन्याओं को सशक्त बनाने के लिए काम करना होगा। -अनुप्रिया सिंह।

## 24 घंटे से अंधेरे में मझगईं, उमस भरी गर्मी में परेशान लोग

- आए दिन बिजली आपूर्ति बाधित होने से उपभोक्ताओं में रोष

**मझगईं, अमृत विचार :** कस्बे में सोमवार शाम से बिजली आपूर्ति ठप रहने से उपभोक्ताओं का जीना मुहाल हो गया। उमस भरी भीषण गर्मी में रातभर लोग छटपटाते रहे और मंगलवार का पूरा दिन भी बिजली न मिलने से हाहाकार मच गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले दो महीनों से कस्बे में सुचारू बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। कस्बे के उपभोक्ता मीतू मिश्रा, उमेश कुमार, लतीफ अहमद, वहाजुद्दीन, राजेश मिश्रा, रामासरे गुप्ता और अवधेश मिश्रा आदि ने बताया कि रक्खा ट्रांसफार्मर में आए दिन खराबी होने से सप्लाई बाधित रहती है। सोमवार शाम को फिर ट्रांसफार्मर फेल हो गया, जिससे पूरी रात और पूरा मंगलवार कस्बा अंधेरे में डूबा रहा। गर्मी से जहां लोगों की नींद हराम हो गई, वहीं व्यापारियों का कारोबार भी ठप हो गया। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के कर्मचारी समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। लाइनमैन राजू का कहना है कि केबल में खराबी के चलते सप्लाई प्रभावित है और मरम्मत का काम जारी है। वहीं जेई गिरीश कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर की दिक्कत दूर की जा रही है और जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

रोहिलखण्ड कैंसर इंस्टीट्यूट बरेली
कैंसर की संपूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
200 BED का Cancer अस्पताल अब आपके शहर में
रेडियोथेरेपी के लिए वेरियन ट्रूबीम एसटीएक्स (लीनियर एक्सलरेटर)
High Definition MLC, SRS, SBRT, IMRT, IGRT, Rapid ARC, RGSC, VMAT, 3D CRT, 6D Couch, 3 Energy Phototherapy, 5 Energy Electron Therapy
• बरेली का एकमात्र PET CT
• पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
• सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, • रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, • डे केयर कीमो थेरेपी, • इम्यूनोथेरेपी • कैंसर आईसीयू, • फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकैमिस्ट्री • मैमोग्राफी, • कैंसर के रोकथाम की ओपीडी, • टर्मिनल कैंसर मरीजों की देखभाल • इण्टरवेशनल रेडियोलॉजी
• प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
• मुख्यमंत्री राहत कोष योजना द्वारा फ्री में इलाज की सुविधा
Academic Programmes
M.D. Radiation Oncology (4 Seats)
Diploma in Radiotherapy Technician (30 Seats)
अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस, नजदीक सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली उ.प्र. 243006
हैल्पलाइनः 7891235003, पैट सीटी बुकिंग के लिए +91 9811187117, आपातकालीन 9258116087
www.rohilkhandcancerinstitute.com Follow us on : /rohilkhand cancer institute

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
दिल्ली का जाना-माना IVF सैन्टर
RISAA IVF Creating life.... completing families.
अब अधूरे सपने होंगे पूरे
निःसन्तानता निवारण टेस्ट ट्यूब सैन्टर
परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-
दिन : प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार
समय : प्रातः 10:00 से 02 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
उपलब्ध सुविधायें :-
★ निःसन्तानता सम्बन्धित जाँचें
★ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर
★ लैब टेस्ट भारी छूट पर
★ इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड मात्र 200/- में
विशेषतायें:-
★ 25 वर्षों के अनुभव के साथ।
★ ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
★ उच्चतम सफलता दर ★ विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
देश विदेश में हजारों दम्पत्ति हुए लाभान्वित आइये आप भी यह उम्मीद पाएं.....
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराहा, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं० 6398018900
पूर्ण एन.ए.बी.एच (NABH) से मान्यता प्राप्त हॉस्पिटल

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत

## पत्नी को उसके मायके गांव छेदीपुर छोड़कर बाइक से लौट रहा था गोविंद

संवाददाता, बांकेगंज

**अमृत विचारः** बांकेगंज पुलिस चौकी के गंगापुर गांव निवासी गोविंद कुमार शाम पत्नी को मायके छोड़कर बाइक से अपने घर वापस आ रहा था। इस दौरान वह सड़क हादसे का शिकार हो गया। अस्पताल ले जाते समय उसकी रास्ते में मौत हो गई।

गांव गंगापुर निवासी रामशंकर ने बताया कि उनका बेटा गोविंद कुमार (32) बाइक से अपनी पत्नी को मायके छोड़ने गांव छेदीपुर गया था। वापस लौटते समय करीब सात बजे भरिगवां चौराहे के निकट खुटार की तरफ से आ रहे किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर परिवार वाले एंबुलेंस से उसे बांकेगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से लखनऊ ले जाते समय उसकी रास्ते में मौत हो गई। गोविंद कुमार मेहनत मजदूरी करके अपना घर चलाता था।



गोविंद कुमार।

वह अपने पीछे पत्नी, तीन बच्चे छोड़ गया है। बड़ी बेटी 10 वर्ष, दूसरी बेटी 8 वर्ष और बेटा 6 वर्ष का है। उसकी मौत से परिवार का रो रोकर हाल बेहाल है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से एक की मौत, चार घायल

**सिंगाही, अमृत विचार :** निघासन-सिंगाही मार्ग पर सरयू नदी के पास मोटे बाबा स्थान के पास मंगलवार को को सरिया से भरी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में गांव उमरा निवासी एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल भेजा है। ट्रैक्टर-ट्राली अतरिया से सिंगाही की ओर जा रही थी। निघासन-सिंगाही मार्ग पर सरयू पुल के पास अचानक अनियंत्रित होकर ट्राली सड़क किनारे पलट गई। इस दौरान ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से थाना सिंगाही के गांव उमरा निवासी रोहित पुत्र रोशन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि इसी गांव के सूरज पुत्र पप्पू, चंद्रशेखर पुत्र मैकू, प्रदीप पुत्र जीवनलाल और दाताराम पुत्र छोटेलाल गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा और हादसे की खबर मृतक व घायलों के परिवार वालों को दी। मौत की खबर मिलते ही मृतक के परिवार के लोग सीएचसी पहुंचे। उधर, डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर चारों घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया है।

### ट्रैक्टर-डनलप से टकराकर बाइक सवार की मौत, दो घायल

**पसगवां, अमृत विचार :** जंगबहादुरगंज-मोहम्मदी मार्ग पर मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव नरदी निवासी माधव राम बाइक से अपने साथियों बालक राम और छत्रपाल के साथ अपने गांव की ओर जा रहा था। पसगवां माइनर के निकट उसकी बाइक एक ट्रैक्टर डनलप में पीछे से टकरा गई। जिससे माधवराम की मौके पर ही मौत हो गई। बालक राम और छत्रपाल घायल हो गए। मौके पर पहुंचे एसआई दयानंद वर्मा ने एंबुलेंस से शाहजहांपुर के थाना सेहरामऊ दक्षिणी के ग्राम अकबरपुर निवासी दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया। गंभीर चोट के कारण छत्रपाल को जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया गया है। बालक राम ने बताया कि बाइक माधवराव चला रहा था और हेलमेट नहीं लगाए था।

## शिविर में 16 युवाओं ने किया रक्तदान

**पलिया कलां, अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर भाजपा पलिया नगर मंडल के सेवा पखवाड़ा अंतर्गत मंगलवार को स्थानीय सीएचसी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन विधायक रोमी साहनी ने किया। इस दौरान 16 युवाओं ने महादान किया। शिविर में भाजपा नेता अमित महाजन एडवोकेट, वरुण मिश्रा, अनुपम रॉय, मोहम्मद सोहीन, रमेश गुप्ता सहित 16 रक्तदाताओं ने अपने रक्त का दान किया।

इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष उदयवीर सिंह, वरिष्ठ नेता श्याम आनंद, अरुण तिवारी सहित सीएचसी अधीक्षक डॉ. भरत सिंह, डॉ. अजीत सिंह सहित ब्लड लेने वाली टीम एवं कई पार्टी कार्यकर्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# ब्राउन शुगर नेपाल ले जा रहे दो तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** एसएसबी ने सोमवार की शाम दो अलग-अलग स्थानों से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 31.17 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के कतह रिपोर्ट दर्ज कर दोनों का चालान भेजा है। एसएसबी का दावा है कि आरोपी ब्राउन शुगर को नेपाल बिक्री करने ले जा रहे थे.

एसएसबी 39वीं बटालियन के कमांडेंट रविंद्र कुमार राजेश्वरी ने बताया कि नेपाल सीमा के पिलर नंबर 750 से करीब 2 किलोमीटर दूर डिगनियां मोड के निकट जवानों ने गौरीफंटा पुलिस के साथ जब भारत से नेपाल की ओर जा रहे एक नेपाली युवक उत्तम बहादुर सिंह निवासी चैनपुर 4 सेती जिपरका जिला बजांग नेपाल को रोक कर तलाशी ली, तो उसके पास 19.05 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। उसने पूछताछ में बताया कि वह पलिया से ब्राउन शुगर खरीदकर नेपाल ले जा रहा था। उधर नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 741 /6 से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर थारू गांव ढकिया के पास से सूंड़ा निवासी कपिल मुनि राणा को 12.2 ग्राम ब्राउन शुगर सहित पकड़कर गौरीफंटा पुलिस के सुपुर्द किया है।

### गैंगस्टर एक्ट में दंपती गिरफ्तार

**पलिया कलां, अमृत विचार :** नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पलिया पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त थाना पलिया के गांव मकनपुर निवासी विक्की नेपाली उर्फ विक्की गुप्ता व उसकी पत्नी बसंती गुप्ता के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। मंगलवार को पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर चालान भेजा है। गिरफ्तार दंपती मूल रूप से सुल्तानपुर के रहने वाले हैं। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट समेत कई आपराधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### इनर व्हील क्लब ने बांटी राहत सामग्री

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : इनर व्हील क्लब ऑफ लखीमपुर नव दिशा ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। क्लब की अध्यक्ष दीपाली गुप्ता के नेतृत्व में और रेड क्रॉस सोसाइटी की आरती श्रीवास्तव के सहयोग से 150 मच्छरदानियां और सदस्यों द्वारा एकत्रित किए गए पुराने कपड़े जरूरतमंदों में वितरित किए गए। कार्यकारिणी सदस्यों ने बताया कि यह पहल केवल राहत सामग्री तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे पीड़ितों के बीच सहयोग और संवेदनशीलता का संदेश भी गया। इस दौरान सचिन नीतू अग्रवाल, चार्ट प्रेसिडेंट कुमकुम गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष सपना कक्कड़, विभा सक्सेना, और रेड क्रॉस से आरती श्रीवास्तव, रत्ना गुप्ता, शिखा सक्सेना आदि रहीं।

### गीतकार कमल मानव को श्रद्धांजलि

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिले के वरिष्ठ गीतकार कमल मानव के आकस्मिक निधन पर तुलसी मीर फाउंडेशन की एक शोक सभा हुई, जिसमें कमल मानव को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। शोक सभा में वरिष्ठ कवि ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान ने कहा कि भाषा व व्याकरण के प्रति उनकी सोच अति गंभीर रही। उन्होंने अपने गीतों में प्रकृति के साथ-साथ सामाजिक विसंगतियों पर अपने अनुभवों को चित्रित करते हुए श्रोताओं को मुगध करने वाले गीतों का सृजन किया। शोक सभा में विकास सोनी त्रतुराज, पीयूष शर्मा, आतिश मुरादाबादी, विकास शर्मा पारस, अजय सक्सेना, अभिषेक ढाकुर, अमित देव आदि शामिल रहे।

### बेटी की ससुराल में दंपती को किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव सराय लौहानी निवासी पिंकी ने एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी बेटी रोशनी की शादी पांच साल पूर्व सुमित निवासी कबीरापुर थाना निगोही के साथ हुई थी। वह और उसका पति लालाराम सोमवार को अपनी बेटी के घर पर बए। वहां पर पहले से उसकी बेटी के ससुराल वाले झगड़ा करने के लिए बैठे हुए थे। आरोप है कि उसकी बेटी से नहीं मिलाया और बेटी के ससुराल वालों ने उसे और उसके पति को पीटकर घायल कर दिया।

# भंडारे में भक्तों ने पाया पूड़ी-सब्जी का प्रसाद



बिझौली के मंदिर में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते भक्त। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिझौली

**अमृत विचारः** गांव बिझौली में दुर्गा मंदिर परिसर में हुए भंडारे में लोगों ने प्रसाद पाया।

भंडारा आयोजक चंदन सिंह, विपिन सिंह, रणवीर सिंह, रामकुमार सिंह आदि ने बताया कि छोटे बच्चों ने माता जी का जन्मदिन केक काटकर मनाया। कन्या भोज कराकर भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने पूड़ी, सब्जी, खीर का प्रसाद छका। सुबह से प्रारंभ हुआ भंडारा देर रात तक चलता रहा। भंडारे की व्यवस्था में रामेश्वर सिंह, बबली विपिन सिंह, अतुल सिंह, हरिवंश बाबा, काजू सिंह, सीमा सिंह, अंजली, अनुप्रिया, डाली सिंह आदि लगीं रहीं।

**भंडारा कलः गोला गोकर्णनाथ।** नगर के शिव सेवक अनिल कुमार जलोटा, प्रमुख व्यापारी विनय कुमार जलोटा ने बताया कि अलीगंज रोड पर बसलीपुर मोड़ के पास स्थित माता कैला देवी मंदिर पर माता रानी का भंडारा दो अक्टूबर गुरुवार को सुबह 10 बजे से होगा।

## तीन माह से भटक रही महिला, रिपोर्ट दर्ज नहीं

**पुवायां, अमृत विचारः** खुटार क्षेत्र के गांव रुजहां कलां निवासी रोशनी ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया उसका विवाह बेहटा गांव में तीन साल पहले हुआ था। कुछ दिन बाद ससुरालीजनों ने अतिरिक्त दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। 31 मई को ससुरालियों ने उसे पीट कर घर से निकाल दिया, उस समय वह छह माह की गर्भवती थी। मारपीट में गर्भ में चोट लगी थी। महिला ने इसकी सूचना पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की, जिसके बाद तक तीन माह बीतने पर भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई, सिर्फ उसे कोतवाली, सीओ कार्यालय, महिला थाना समेत यहां वहां चक्कर लगवाए जा रहे हैं। 12 दिन पूर्व महिला ने एक मृत बच्चे को जन्म दिया। महिला ने आरोप लगाया है कि उसके बेटे की मौत ससुरालियों द्वारा मारपीट से हुई है। महिला ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर न्याय की मांग की है। सीओ परवीन मलिक ने बताया मामला में एफआईआर के आदेश दिए गए हैं।

# शिविर में अनुशासन व सेवा का पढ़ाया पाठ

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



रैली निकालते स्काउड गाइड। ● अमृत विचार

● युवराजदत्त महाविद्यालय में लगा स्काउट-गाइड व रोवर-रेंजर शिविर

**अमृत विचारः** युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारत स्काउट व गाइड की ओर से पांच दिवसीय तृतीय सोपान स्काउट-गाइड एवं निपुण रोवर-रेंजर जांच शिविर का समापन हो गया। शिविर में अनुशासन और सेवाभाव का पाठ पढ़ाया गया।

शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य एवं जिला आयुक्त प्रो. हेमंत पाल ने ध्वज शिष्टाचार के साथ किया। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग-गाइडिंग विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवाभाव और देशभक्ति की शिक्षा देती है। शिविर में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

शिविर में मार्चपास्ट, ध्वज शिष्टाचार, प्राथमिक चिकित्सा, तंबू निर्माण, गांठें व पायनियरिंग, बिना बर्तन के भोजन बनाना, सीटी संकेत आदि गतिविधियों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षुओं को पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महिला सुरक्षा और स्वच्छता जैसे सामाजिक संदेशों के लिए रैली भी निकाली गई। अंतिम दिन कैंप फायर व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने शिविर का माहौल जीवंत कर दिया।

कार्यक्रम में 104 स्काउट, 47 गाइड, 18 रोवर्स व 23 रेंजर्स ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिला सचिव डॉ. केसी मिश्रा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) वीडी भार्गव, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) डॉ. मधु वाजपेयी, सहायक सचिव सरोज जायसवाल समेत कई प्रशिक्षकों ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संयोजन रेंजर टीम लीडर प्रो. ज्योति पंत और रोवर क्रू लीडर डॉ. अमित सिंह ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रो. सुभाष चंद्रा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

## स्कूटी फिसलने से किशोर घायल

**पुवायां, अमृत विचारः** नगर के मोहल्ला आजादनगर निवासी धनमय मिश्रा (15) स्कूटी लेकर घर से राजीव चौक पर किसी काम से जा रहा था। रास्ते मे राजा मार्किट में उसकी स्कूटी फिसलकर गिर गई, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। लोगों ने उसे अस्पताल भिजवाया गया जहां उसका उपचार किया गया। वहीं मोहल्ला कुरगंजा निवासी देवी (40) अपने साथी काशीराम काWलोनी निवासी रिंकू के साथ जेवाa चौराहे से घर की ओर जा रहा था। रास्ते में कालोनी से पहले उसकी बाइक में एक स्कूटी सवार स्कूली छात्र ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गिरकर घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

9756905552, 8445507002

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम NAZIA PERVEEN था अब मुझे NAZIA PARWEEN W/O MOHAMMAD ALI NAWAID के नाम से जाना जाए। निवासी 412, मोहल्ला अशरफ खान पीलीभीत

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोनी अंसारी पत्नी मोहम्मद कामिल मोहल्ला हरेला वार्ड नं. 4 दातागंज जिला बदायूँ की हूँ। मुझे मोनी अंसारी ही नाम से जाना जाता है और मुझे भविष्य में मोनी अंसारी नाम से जाना जावे।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पत्नी उज्मा व पुत्र फैजान, जोहिव, शादाब, उवैश को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **शौकत अली पुत्र वली अहमद निवासी ग्राम रतनपुरा मजरा सहोड़ा तहसील मीरगंज थाना शीशगढ़ जिला बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र सिद्धांत मिश्रा को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा उससे अब कोई सरोकार व वास्ता नहीं होगा। **त्रियुगी नरायन पुत्र ब्रह्मानंद निवासी ग्राम धर्मापुर, थाना भीरा, तहसील पलिया, जिला खीरी।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पूर्व में लज्जावती देवी प्रचलित था। किंतु, अब मैंने अपना नाम परिवर्तित कर लज्जावती कर लिया है। इसी परिवर्तित लज्जावती नाम से आधार कार्ड भी बनवाया है। अब उसे हर जगह इसी परिवर्तित लज्जावती नाम से ही जाना- पहचाना जाए। **लज्जावती पत्नी तेजी निवासी ग्राम मझौरा, थाना भीरा, तहसील पलिया, जिला खीरी।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# उचक्कों ने वृद्धा के दोनों कानों से कुंडल नोचे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● दीपावली नजदीक आते ही बढ़ी लूट छिनैती और चोरी की घटनाएं

**अमृत विचारः** दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही शहर समेत जिले भर में लूट, छिनैती और चोरी की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। हालात यह हैं कि अब तो दिन में भी राह चलते महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। सोमवार सरेशाम बाइक सवार शरबती कॉलोनी निवासी एक बुजुर्ग महिला के दोनों कुंडल लूटकर भाग निकले। कानों के फटने से महिला लहूलुहान हो गई।

मोहल्ला शरबती निवासी निर्मला मिश्रा (65) रोजाना की तरह शाम करीब 7 बजे घर से सब्जी और दूध लेने निकली थीं। वह मुख्य सड़क पर पहुंचीं तो बाइक सवार दो युवक अचानक उनके पास आकर रुके। एक युवक स्टार्ट बाइक पर बैठा रहा, दूसरा बात करने के बहाने उनसे उलझ गया। तभी मौका पाकर युवक ने झपट्टा मारा और निर्मला मिश्रा के दोनों कानों से कुंडल नोच डाले। महिला चीख पड़ीं और खून से लथपथ होकर सड़क किनारे गिर पड़ीं। आसपास मौजूद लोग शोर सुनकर दौड़े, लेकिन तब तक बदमाश बाइक से फरार हो चुके थे। घटना की सूचना परिजनों को दी गई। परिजन मौके पर पहुंचे और महिला को संभाला। थोड़ी देर बाद कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि बुजुर्ग महिला पर हमले की जानकारी मिली है। फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि बदमाश घटना के बाद बेहजम रोड पर भागे थे। इसलिए इस रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल कर पुलिस जांच कर रही है।

### लोकवाणी केंद्र का ताला तोड़कर दो लाख की चोरी

**खीरी टाउन।** थाना व कस्बा खीरी के मोहल्ला तबेला निवासी आशीष कुमार का जिला पंचायत मार्केट में लोकवाणी केंद्र चलाता है। साथ ही वह बैंक मित्र भी है। सोमवार की रात चोरों ने लोकवाणी का ताला तोड़कर चोर उसमें रखे करीब 10 हजार रुपये और एक प्रिंटर चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी सुबह तब हुई जब आसपास के लोगों ने ताले टूटे देखे। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। पीड़ित ने तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

### जेवर-नकदी समेत 10 लाख की चोरी

**सिंगाही, अमृत विचार :** गांव ऐली निवासी करन राजपूत ने पुलिस बताया कि सोमवार रात परिवार के सदस्य बरामदे में सो रहे थे। तभी चोर पीछे की दीवार से सीढ़ी लगाकर घर में घुसे और कमरे में रखी सेफ अलमारी का ताला तोड़ दिया। चोरों ने सेफ में रखे 80 हजार रुपए नगद और सोने-चांदी के आभूषण समेत करीब दस लाख का सामान चुरा लिया। चोरी गए सामान में सोने की अंगूठियां, गले के हार, नथ, झुलनियां, चांदी की पायल, करधनी व बिछुए आदि शामिल हैं। सुबह परिवार के लोग जागे तो कमरे का ताला टूटा पाया और अलमारी से सारा सामान बिखरा पड़ा था। सूचना पर पहुंची पीआरवी 112 ने मौके का मुआयना किया। उधर ग्रामीणों का कहना है कि गांव समेत आसपास के गांवों में भी पुलिस रात गश्त करने नहीं आती है। गश्त न होने के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद है और वह लगातार घटनाएं कर रहे हैं। एसओ अजीत कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है।

# नगर के विश्व रिकॉर्ड धारियों का किया सम्मान



गोला के दो विश्व रिकॉर्ड धारियों को सम्मानित करते फाउंडेशन के पदाधिकारी।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** नगर के वरिष्ठ साहित्यकार संत कुमार वाजपेयी संत और श्रीकांत तिवारी कांत को विश्व रिकार्ड बनाने के पर कपिलश फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया।

वरिष्ठ साहित्यकार संत कुमार वाजपेयी संत ने 1721 शेर की गजल की किताब जागो बंधु जागते लोग और वरिष्ठ व्यंग्यकार, गजलकार श्रीकांत तिवारी कांत ने 100 मिनट में दिए गए विषयों पर तत्क्षण 75 दोहे लिखकर दुबई की विश्व रिकॉर्ड प्रदाता संस्था दि बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में 14 सितंबर को अपना नाम दर्ज कराया था। कपिलश फाउंडेशन के केंद्रीय कार्यालय पर दोनों विभूतियों का संस्थाध्यक्ष शिप्रा खरे ने अंगवस्त्र और अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया। संचालक विश्व रिकॉर्डधारी यतीश शुक्ला ने किया। फाउण्डेशन ने हाल में बनाए विश्व के सबसे लंबे कवयित्री सम्मेलन के विश्व रिकॉर्ड में प्रतिभागिता करने वाली कक्षा 10 की छात्रा दिव्यांशी चौधरी को प्रमाणपत्र दिया।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव करनापुर निवासी गयापाल (25) के साढ़ू जितेंद्र कटरा थाना क्षेत्र में रहते है। सोमवार दोपहर बाद वह बाइक से साढ़ू के घर आए थे। रात 9 बजे वह कटरा से अल्हागंज बाइक से जा रहे थे। कटरा-जलालाबाद मार्ग पर सरैया मोड़ पर वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक वाहन में फंस गई। वह करीब 20 मीटर बाइक समेत रगड़ता चला गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर मौके पर पहुंचे और मृतक के मोबाइल से नंबर निकालकर परिवार को सूचना दी। उन्होंने मृतक को फोटो व्हाटसएप पर डाला तो परिवार वालों ने पहचान लिया। परिवार वाले देर रात जलालाबाद थाना पर पहुंचे। परिवार वालों ने शव की शिनाख्त की। पत्नी मूर्ति और तीन बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। वह मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसे में किशोर की मौत, बहनोई घायल

संवाददाता, बिलहरी

● दुकान खोलने बाइक से अजान गांव जा रहे थे साले-बहनोई

**अमृत विचारः** पुलिस चौकी अजान क्षेत्र में धान भरी ट्रैक्टर-ट्राली को ओवरटेक करते समय बाइक अनियंत्रित होकर ट्रॉली के पिछले हिस्से से टकरा गई। हादसे में बाइक पर पीछे बैठे आशीष कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके बहनोई अंकुल जायसवाल गंभीर घायल हो गए।



आशीष कुमार।

थाना क्षेत्र के गांव रामपुर निवासी अंकुल जायसवाल (26) पुत्र रामऔतार अपने साले आशीष कुमार (14) पुत्र गया प्रसाद निवासी संसारपुर के साथ अजान कस्बे में होटल चलाते हैं। मंगलवार सुबह सात बजे अंकुल अपनी बाइक पर आशीष को बैठाकर अजान कस्बे में अपना होटल खोलने जा रहे थे। उनकी बाइक नहर मार्ग पर स्थित गांव कोरैया के पास पहुंची। तभी सामने जा रही धान भरी ट्रैक्टर ट्राली को ओवरटेक करते हुए वह बाइक क्रास करने लगे। इस दौरान बाइक अनियंत्रित होकर ट्राली के पिछले हिस्से में जा टकराई। आशीष बाइक से गिरकर सड़क पर जा गिरे और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर भाग गया। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घायल अंकुल को सीएचसी गोला में भर्ती कराया गया है।

# तीन साल में तीन बड़े हादसे, हर बार चला अभियान हुआ फिस्स

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● हफ्ते भर में ही हादसों को भूल बैठे अधिकारी, फिर हालात जस के तस

● हादसे होने पर प्रशासन को याद आते हैं नियम और कानून

**अमृत विचारः** जिले में सीतापुर हाईवे पर शनिवार की तड़के हुए भीषण हादसे में छह सवारियों की मौत ने लोगों को झकझोर दिया है, लेकिन यह हादसा जिले का कोई पहला हादसा नहीं था। पिछले तीन सालों में जिले ने चार बड़े हादसों का सामना किया है।

एक हादसे में करीब 12 यात्रियों की जान चली गई और 30 से अधिक लोग घायल हुए। चार महीने पहले थाना भीरा क्षेत्र में एक ही परिवार के चार सदस्य एक ही दिन में दुनिया छोड़ गए। हर बार एक ही कहानी दोहराई जाती है।

शुरुआत में प्रशासन अभियान चलाता है, नियम-कानून याद दिलाता है, लेकिन हफ्ते भर बाद सब कुछ भूल जाता है। हालात फिर पुराने ढर्रे पर लौट आते हैं। सफ़र पर निकले मजदूर और उनके परिवारों को क्या पता था कि जिस ओमनी वैन में वे बैठे हैं, वह उनका आखिरी सफर साबित होगी। जांच में पता चला कि वैन की फिटनेस प्रमाणपत्र नहीं था और बीमा भी नहीं था। एक छोटी-सी चूक, अनदेखी या लापरवाही ने उन्हें अकल्पनीय दर्द में ढकेल दिया। हादसा होने के बाद जिम्मेदार एक-दूसरे पर लापरवाही का ढींगरा फोड़ते हैं। तब प्रशासन को नियम कायदे और कानून की याद आती है। वह हादसों पर अंकुश लगाने और डग्गामार वाहनों का संचालन रोकने के लिए जोरशोर से अभियान तो चलाता है, लेकिन दिन बीतने के साथ ही उसके अभियान की हवा निकलने लगती है। अधिकतम हफ्ते भर बाद अफसरों और जिम्मेदार कार्रवाई की तरफ से मुंह मोड़ लेते हैं और व्यवस्था पूरी तरह से पुराने ढर्रे पर लौट आती है।

रविवार की सुबह छह बजे थाना खीरी क्षेत्र में सुंसी मोड़ पर बड़ी नहर पुल के पास रोडवेज बस और ओमनी वैन में भीषण टक्कर में दो साल के बच्चे समेत छह लोगों की जान चली गई। नौ लोग मेडिकल कॉलेज लखनऊ में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं।

जब पड़ताल हुई तो पता चला कि ओमनी वैन की फिटनेस नहीं थी और उसका बीमा भी नहीं था। उसमें बैठकर सफर कर रहे 15 मजदूरों और उनके परिवार वालों को क्या पता था कि जिस ओमनी वैन में बैठकर वह सफर तय कर रहे हैं। वहीं उनका काल बनेगी और यह सफर उनका आखिरी सफर होगा।

**हादसा 1**

28 सितंबर 2022 को पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर थाना ईसानगर क्षेत्र में ऐरा शारदा पुल पर निजी मिनी बस और सेब भरकर जा रही डीसीएम की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई थी। हादसे में मिनी बस के परखच्चे उड़ गए थे। वहीं डीसीएम क्षतिग्रस्त होने के बाद अनियंत्रित होकर पुल पर पलट गई। हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोगों ने उपचार के दौरान लखनऊ में दम तोड़ दिया। 50 से अधिक लोग घायल हुए थे।

**हादसा 2**

28 जनवरी 2023 को दूसरा हादसा 28 जनवरी 2023 को पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर हुआ था। स्कूटी के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद भीड़ हाईवे पर जुटी थी। इस बीच बहराइच की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने एक कार में टक्कर मारने के बाद भीड़ को रौंद दिया, जिससे पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक घायल ने लखनऊ के अस्पताल में दम तोड़ दिया था, जबकि ट्रक की चपेट में आकर करीब 10 लोग घायल हो गए थे।

**हादसा 3**

30 जून 2025 की रात लखीमपुर भीरा मार्ग पर गुलरिया निवासी जितेंद्र कुमार उर्फ राजा पटेल की कार लखनऊ से घर आते समय मालपुर के पास पलट गई थी। हादसे में जितेंद्र कुमार उर्फ राजा, कार सवार उनकी चार साल की बेटी श्रद्धा और भाभी सीमा देवी (32) की मौके पर ही मौत हो गई थी. जबकि पत्नी सुषमा और शिवम (22) गंभीर घायल हुए थे। दोनों का लखनऊ के आईकॉन अस्पताल में उपचार चल रहा था। जबकि 21 दिन बाद सुषमा की भी मौत हो गई थी।

## न्यूज ब्रीफ

### मोबाइल फटने से बच्चे का हाथ जख्मी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बांदा में देर तक चलाने से गरम हुआ मोबाइल फट गया, इससे बच्चे का हाथ जख्मी हो गया है। केजीएमयू के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में भर्ती बच्चे की हालत में इलाज के बाद सुधार है। प्लास्टिक सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार ने बताया बांदा निवासी सुमित (7) को परिवारीजन सोमवार को गंभीर हालत में लेकर आए थे। परिवारीजनों के मुताबिक सुमित मोबाइल से खेल रहा था। काफी देर तक चलाने से गरम होने से मोबाइल की बैटरी दग गई थी। विस्फोट होने से सुमित के हाथ के पंजे का मांस उड़ गया है। परिवारीजन ने स्थानीय अस्पताल में दिखाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने केजीएमयू रेफर कर दिया। डॉ. विजय ने बताया कि मोबाइल में विस्फोट से समुति का दाहिना हाथ बुरी तरह से झुलस गया। डॉक्टरों की टीम मरीज का इलाज कर रही है।

### कर्मचारियों को वेतन में देरी पर ब्रजेश पाठक नाराज

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के लगभग 98 हजार कर्मचारियों का वेतन न जारी होने पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने नाराजगी जाहिर की है। वेतन भुगतान न होने के संबंध में प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेकर एनएचएम की निदेशक को पत्र लिखकर पूछा कि वेतन भुगतान संबंधी औपचारिकताएं समय से क्यों पूरी नहीं कराई गई। तीन अक्टूबर तक आख्या उपलब्ध कराए जाने के निर्देश भी दिए हैं। कहा, अक्टूबर में दशहरा और दीपावली जैसे बड़े त्योहार हैं। लिहाजा कार्मिकों को समय से वेतन भुगतान किया जाएगा। इसमें किसी भी प्रकार की देरी नहीं की जाएगी।

### आईपीएस दंपत्ति ने वीआरएस मांगा

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में पहली बार आईपीएस दंपति ने वीआरएस (स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति) मांगा है। डीआईजी रेलवे लखनऊ सुधा सिंह और उनके आईपीएस पति दिनेश सिंह ने गृह विभाग को अपना आवेदन भेजा है। दोनों 2011 बैच के अधिकारी हैं। लखनऊ में तैनात आईपीएस अधिकारी दिनेश सिंह पिछले एक साल से मेडिकल लीव पर हैं। उनकी पत्नी सुधा की भी यहीं पोस्टिंग है। स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति को लेकर गृह विभाग को भेजे अपने आवेदन में उन्होंने व्यक्तिगत और पारिवारिक कारणों का हवाला दिया है। दोनों अधिकारियों के आवेदन पर अब शासन स्तर पर विचार किया जाएगा।

### सीएमओ के बाबू ने कमाई से ज्यादा किया खर्च

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलिया सीएमओ कार्यालय में तैनात बाबू दयाशंकर के खिलाफ सतर्कता अधिष्ठान की वाराणसी यूनिट ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की एफआईआर दर्ज किया है। यह कार्रवाई जांच के बाद की गई। जांच में सामने आया कि 43.56 लाख रुपये की कमाई करने वाले बाबू ने 1.80 करोड़ रुपये खर्च किए। उनके खिलाफ 2021 से आय से अधिक संपति अर्जित करने की जांच चल रही थी। सतर्कता अधिष्ठान वाराणसी यूनिट के निरीक्षक रवीन्द्र सिंह यादव ने बलिया सीएमओ कार्यालय में तैनात वरिष्ठ लिपिक दयाशंकर के खिलाफ हुई खुली जांच में दोषी पाया।

### मुठभेड़ के बाद दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

**झांसी, एजेंसी :** जिले के सीपरी बाजार इलाके में पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक (नगर) प्रीति वर्मा ने बताया कि मुठभेड़ 29-30 सितंबर की दरमियानी रात करीब ढाई बजे हुई। इस महीने की आठ तारीख को हुई एक हत्या के मामले में वांछित इनामी बदमाश राहुल यादव और नरेंद्र की मौजूदगी की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची थी।

# हिंसात्मक जिहाद फैलाने वाले गिरोह का मास्टर माइंड गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुजाहिदीन आर्मी बनाकर थी हिंसात्मक जिहाद की तैयारी
- सोशल मीडिया पर बढ़ा रहे थे गिरोह का नेटवर्क

**अमृत विचार :** मुजाहिदीन आर्मी बनाकर देश में शरीयत व्यवस्था कायम करने के मंसूबा पालने वाले गिरोह के मास्टर माइंड को एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया है। एटीएस की टीम ने मास्टर माइंड मोहम्मद रजा को केरल के मल्लपुरम से दबोचा। अधिकारियों के मुताबिक वह उत्तर प्रदेश के फतेहपुर के अंडौली का रहने वाला है। उसने केरल में अपना ठिकाना बनाया था।

आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) के अधिकारी के मुताबिक प्रदेश के कई जिलों में कट्टरपंथियों का गिरोह सक्रिय होने की जानकारी मिली थी। सूचना मिली थी कि यह गिरोह पाकिस्तान के संगठनों से प्रभावित होकर देश में हिंसात्मक जिहाद के जरिये सरकार को गिराने की साजिश रची जा रही थी। हथियारों के बल पर शरिया कानून को लागू करने की तैयारी की जा रही थी। एटीएस ने इस गिरोह का खुलासा सोमवार को किया।

यूपी के चार जिलों से आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपियों में सुल्तानपुर का अकमल रजा, सोनभद्र के रॉबर्ट्सगंज का सफील सलमानी उर्फ अली रजवी, कानपुर घाटमपुर नई बस्ती सुजातगंज का मो. तौसीफ और रामपुर खजुरिया स्थित सराय कदीम का कासिम अली शामिल थे। इनसे मिली जानकारी के आधार पर मास्टर माइंड मोहम्मद रजा की गिरफ्तारी के लिए एटीएस की टीम केरल भेजी गई। सोमवार देर रात को रजा को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर लखनऊ के लिए टीम रवाना हो गई है।

### अली रजवी यानी मौत का मुसाफिर सोशल मीडिया पर स्टेटस

- सफील सलमानी को जब एटीएस ने गिरफ्तार किया तो उसके मोबाइल व सोशल मीडिया की जांच की गई। उसके पिछले कुछ दिनों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही थी। सलमानी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म व्हाट्सएप के प्रोफाइल पर खुद को "अली रजवी यानी मौत का मुसाफिर" लिखता था और सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय था। वहीं, अकमल ने नेटवर्क बढ़ाने के लिए 'मशवरा' नामक ग्रुप बनाया था। जिसमें देश के खिलाफ जिहाद और शरीयत लागू करने की साजिश रची थी। वह अपने साथियों से मुजाहिद्दीन आर्मी तैयार करने की अपील कर रहा था और चैट में देश की संवैधानिक और प्रजातांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ भड़काऊ संदेश साझा कर रहा था। शरिया कानून लागू कराने और जंग-ए-जिहाद के लिए हथियारों का बंदोबस्त भी किया जाना था। इसके लिए समान विचारधारा वाले लोगों से आर्थिक मदद भी मांग रहे थे।



मास्टर माइंड मोहम्मद रजा

### हिंदू धर्म गुरुओं की हत्या की रच रहे थे साजिश

- एटीएस अधिकारी के मुताबिक सोमवार को पकड़े गये आरोपी सोनभद्र के सफील सलमानी व सुल्तानपुर के अकमल राजा मुजाहिदीन आर्मी बना रहे थे। इनका टारगेट हिंदू धर्म गुरुओं की हत्या कर प्रदेश की कानून-व्यवस्था को खुली चुनौती देना था। इसके लिए कट्टरपंथी मानसिकता वाले लोगों को इस आर्मी से जोड़ रहे थे। ताकि उनके साथ मिलकर धर्म गुरुओं पर हमला कर सकें।

### दो वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को मिला सेवा विस्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने मंगलवार को दो वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को एक वर्ष के सेवा विस्तार का आदेश जारी किया है। इसमें राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव सुधीर महादेव बोबड़े और यीडा के सीईओ राकेश कुमार सिंह शामिल हैं। शासनादेश में कहा गया है कि उपरोक्त दोनों अधिकारियों का कार्यकाल 30 सितंबर को समाप्त हो रहा था। अब वह 1 अक्टूबर 2025 से 30 सितंबर 2026 तक सेवा विस्तार पर रहेंगे।

# उत्तर प्रदेश बनेगा भविष्य की औद्योगिक क्रांति का केंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीएम के आर्थिक सलाहकार ने अधिकारियों के साथ किया संवाद
- इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग को मिलेगा नया आयाम

**अमृत विचार :** प्रदेश को औद्योगिक निवेश और भविष्य की अर्थव्यवस्था का केंद्र बनाने के लिए मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार डॉ. के.वी. राजू ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्यापक संवाद किया। इस दौरान उन्होंने निवेश आकर्षित करने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि राज्य सरकार ऐसा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार कर रही है, जो घरेलू और वैश्विक निवेशकों दोनों के लिए अवसरों का द्वार खोलेगा।

बैठक का प्रमुख केंद्र बिंदु इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग (ईएसडीएम) पार्क रहे। डॉ. राजू ने बताया कि प्रस्तावित पार्क प्रदेश की औद्योगिक प्रगति के लिए उत्प्रेरक की भूमिका निभाएंगे। इन पार्कों को इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग के लिए विशेष रूप से विकसित किया जाएगा। यह पहल न केवल उद्योगों को नई ऊंचाई देगी, बल्कि प्रदेश को भविष्य की तकनीक का हब बनाने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के पास मजबूत लैंड बैंक, प्रगतिशील औद्योगिक नीतियां और टिकाऊ आधारभूत संरचना उपलब्ध है। यही कारण है कि राज्य वैश्विक निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है। सरकार की प्राथमिकता ऐसे उद्योगों को बढ़ावा देना है, जो मेक इन इंडिया मिशन को नई गति दें और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाएं।



प्रदेश को औद्योगिक निवेश और भविष्य की अर्थव्यवस्था का केंद्र बनाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार डॉ. के.वी. राजू।

#### प्रमुख बिंदु

- यूपी में विकसित होंगे विश्वस्तरीय ईएसडीएम पार्क
- इलेक्ट्रॉनिक्स व सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री को मिलेगी गति
- लैंड बैंक, प्रगतिशील नीतियां और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर राज्य की सबसे बड़ी ताकत
- मेक इन इंडिया और विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम

बैठक में विभिन्न सेक्टर और डेस्क पर निवेश आकर्षित करने की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। डॉ. राजू ने अधिकारियों से कहा कि निवेशकों को सहज और अनुकूल वातावरण प्रदान करना ही सफलता की कुंजी है। इसके लिए सिंगल विंडो सिस्टम, क्लस्टर आधारित विकास और सतत नवाचार जैसे प्रयासों को और मजबूत किया जाएगा। डॉ. राजू ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में यूपी न केवल औद्योगिक उत्पादन बल्कि नवाचार, तकनीकी विकास और रोजगार सृजन का भी अग्रणी केंद्र बनेगा। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक मजबूती मिलेगी और निवेशकों को सुरक्षित व लाभकारी अवसर उपलब्ध होंगे।

### तीन आईएएस अधिकारी अपर मुख्य सचिव पद पर पदोन्नत

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने 1994 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी लीना जोहरी, अमित कुमार घोष और पार्थसारथी सेन शर्मा को अपर मुख्य सचिव पद पर पदोन्नत किया है। इन अधिकारियों को नए पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 2.25 लाख रुपये का निर्धारित वेतनमान मिलेगा। लीना जोहरी वर्तमान में प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल विकास तथा महानिदेशक, राष्ट्रीय पोषण मिशन की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। अमित घोष के पास प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा विभाग की कमान हैं। पार्थसारथी सेन शर्मा प्रमुख सचिव, माध्यमिक शिक्षा पद पर कार्यरत हैं।

# जगदंबे की आराधना में लीन योगी, आज पखारेंगे पांव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीएम ने महानिशा से महानवमी तक गोरखनाथ मंदिर में किए अनुष्ठान

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र की साधना और शक्ति आराधना का चरमोत्कर्ष गोरक्षपीठ में परंपरा और आध्यात्मिकता के साथ जारी है। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नौ दिनों से देवी उपासना में लीन हैं। यहां होने वाली खासी महानिशा की पूजा से लेकर अष्टमी पर भी योगी मॉं जगदंबे की आराधना में लीन रहे।

वह बुधवार को महानवमी के अवसर पर वह पूर्वाह्न 11 बजे कन्या पूजन कर मातृशक्ति के चरण पखारेंगे और नारी सम्मान की सनातन परंपरा का संदेश देंगे। अगले दिन गुरुवार को विजयदशमी पर गोरक्षपीठ में नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अंतर्गत दिनभर विशेष अनुष्ठान होंगे। दोपहर बाद चार बजे गोरक्षपीठाधीश्वर की रथयात्रा रूपी भव्य शोभायात्रा निकलेगी। तुरही-नगाड़ों और बैंड बाजों की गूंज के बीच शोभायात्रा मानसरोवर मंदिर पहुंचेगी, जहां देवाधिदेव महादेव सहित विभिन्न देव विग्रहों का पूजन-अभिषेक होगा। इसके उपरांत शोभायात्रा मानसरोवर रामलीला मैदान पहुंचेगी। यहां गोरक्षपीठाधीश्वर प्रभु श्रीराम का राजतिलक कर राम, जानकी, लक्ष्मण और हनुमानजी का पूजन व आरती करेंगे।



नवरात्र पर गोरक्षपीठ में मां दुर्गा की आरती करते गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

### ग्लास फैक्ट्री में भट्टी फटने से लगी आग

**फिरोजाबाद, एजेंसी :** जिले के औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार को ग्लास फैक्ट्री की भट्टी फट जाने से हड़कंप मच गया । फायर ब्रिगेड टीम ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आगरा रोड के नगला भाऊ स्थित औद्योगिक क्षेत्र में आज दोपहर मित्तल ग्लास फैक्ट्री में अचानक कांच की भट्टी फट जाने से हड़कंप मच गया। हादसे की सूचना पर दमकल के साथ फायर ब्रिगेड टीम में मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड टीम ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि आग से फैक्ट्री में जरूर नुकसान हुआ है मगर किसी भी प्रकार की जनहानि होने की सूचना नहीं है।

# आज से धान और श्रीअन्न की खरीद, 48 घंटे में होगा भुगतान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पश्चिमी यूपी में धान खरीद की तैयारी पूरी, पूर्वी यूपी में पहली नवंबर से

**अमृत विचार :** योगी सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए धान और श्रीअन्न (मोटे अनाज) की खरीद की तैयारियां पूरी कर ली हैं। पहली अक्टूबर से प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों और लखनऊ संभाग के कुछ जिलों में धान खरीद शुरू होगी। पूर्वी उत्तर प्रदेश और लखनऊ के अन्य जिलों में यह प्रक्रिया पहली नवंबर से प्रारंभ होगी। इसी के साथ 'श्रीअन्न' की खरीद भी पहली अक्टूबर से सभी जगह शुरू हो जाएगी। जिसमें मक्का, बाजरा और ज्वार शामिल हैं।

खाद्य व रसद विभाग के अनुसार धान खरीद पश्चिमी यूपी और लखनऊ संभाग के हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर में बुधवार से शुरू होगी। यह प्रक्रिया पश्चिमी यूपी में 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। पूर्वी यूपी व लखनऊ, रायबरेली और उन्नाव में 1 नवंबर से धान की खरीद शुरू होगी, जो 28 फरवरी 2026 तक चलेगी। सरकार ने धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य कॉमन के लिए 2369 और ग्रेड-ए के लिए 2389 रुपये प्रति कुंतल तय किया है। इसी तरह श्रीअन्न की खरीद भी 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक चलेगी। इसमें बाजरा का 2775 रुपये, मक्का का 2400 रुपये, ज्वार (मालदांडी) का 3749 रुपये और ज्वार (हाइब्रिड) का 3699 रुपये प्रति कुंतल एमएसपी निर्धारित किया गया है। सरकार ने किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान कराने का निर्देश दिया है।

# जापान भेजे जाएंगे 9 शीर्ष अफसर, मास्टर्स डिग्री का मौका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यूपी में तैनात केंद्रीय अफसरों को नवंबर तक आवेदन करने का निर्देश

**अमृत विचार :** भारत सरकार के कार्मिक मंत्रालय ने जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) की ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट स्कॉलरशिप (जेडीएस) के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। चयनित अफसरों को सितंबर 2026 से सितंबर 2028 तक जापान की शीर्ष यूनिवर्सिटियों में पढ़ाई का अवसर मिलेगा।

यह कार्यक्रम भारत-जापान के बीच प्रशासनिक सहयोग और भविष्य के राष्ट्रीय नेतृत्व निर्माण के लिए अहम माना जा रहा है। केंद्र सरकार के निर्देश पर राज्य के कार्मिक विभाग के प्रमुख सचिव एम देवराज ने यहां तैनात शीर्ष अधिकारियों को पूरी जानकारी देते हुए आवेदन करने के लिए शासनादेश जारी किया है। यह छात्रवृत्ति ऑल इंडिया सर्विस और ग्रुप 'ए' केंद्रीय सिविल सेवाओं के अधिकारियों के लिए होगी। आवेदन करने वाले अधिकारी की उम्र 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए और कम से कम 7 साल की सेवा पूरी होनी चाहिए। जापान की यूनिवर्सिटियों में मास्टर्स डिग्री के लिए छात्रवृत्ति पाने का मौका देश के सिर्फ 9 अफसरों को ही मिलेगा।

#### आवेदन प्रक्रिया

- ऑनलाइन आवेदन : अक्टूबर से नवंबर 2025 तक
- पोर्टल : https://scholarship.jds21.com/india
- अधिकतम 2 यूनिवर्सिटियों में आवेदन की अनुमति
- कुछ कोर्सेज के लिए आईईएलटीएस व गणित परीक्षा अनिवार्य
- अंतिम चयन डॉक्यूमेंट स्क्रीनिंग, तकनीकी व व्यापक इंटरव्यू से
- अधिकारी को चयन के बाद 5 वर्ष तक सेवा जारी रखनी होगी
- पहले वर्ष को ट्रेनिंग ऑन ड्यूटी माना जाएगा और दूसरे वर्ष को स्टडी लीव

यूनिवर्सिटी ऑफ टोक्यो में मास्टर ऑफ पब्लिक पॉलिसी (इंटरनेशनल प्रोग्राम) में केवल तीन अधिकारियों को मौका मिलेगा, जबकि इसी विवि में अर्बन इंजीनियरिंग में मास्टर प्रोग्राम के लिए 2 अधिकारी, वासेदा यूनिवर्सिटी से इंटरनेशनल रिलेशंस में मास्टर प्रोग्राम के लिए 2 अधिकारी, हितोत्सुबाशी यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल एवं एडमिनिस्ट्रेटिव पॉलिसी में मास्टर प्रोग्राम के एक अधिकारी स्लॉट और कोबे यूनिवर्सिटी से इंटरनेशनल स्टडीज, इकोनॉमिक्स, लॉ और पॉलिटिकल साइंस के लिए एक अधिकारी को कोर्स करने का मौका मिलेगा। यह कार्यक्रम दो वर्ष का होगा और अंग्रेज़ी भाषा में ही होगा।

चयनित अधिकारियों को आने-जाने का हवाई किराया, मासिक स्कॉलरशिप 82,000 रुपये, आवास, आउटफिट और रिसर्च अलाउंस, किताबें, सेमिनार व ट्यूशन फीस का पूरा खर्च जेआईसीए वहन करेगा। वापसी पर चयनित अफसरों को केंद्र और राज्य सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थानों में ट्रेनिंग व गेस्ट फैकल्टी के रूप में योगदान करना होगा।



उप्र. स्टेट सैनिटेशन मिशन की समीक्षा करते मुख्य सचिव एसपी गोयल।

# एसएनए स्पर्श में कई पदों पर होंगी नई नियुक्तियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

- चार स्टेट कंसल्टेंट, तीन लेखाकार व तीन कम्प्यूटर ऑपरेटर रखे जाएंगे
- प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट इकाइयों एवं एफएसटीपी के लिए स्थल चिन्हांकन के निर्देश

**अमृत विचार :** राज्य सरकार एसएनए स्पर्श में कई पदों पर नयी नियुक्तियां करने जा रही है। इस कड़ी में चार स्टेट कंसल्टेंट, तीन लेखाकार और तीन कम्प्यूटर ऑपरेटर रखे जाएंगे। इस बात की सहमति मंगलवार को लोकभवन में मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के अंतर्गत गठित उप्र. स्टेट सैनिटेशन मिशन की शीर्ष समिति की बैठक में बनी।

बैठक में मुख्य सचिव ने प्राथमिकता के आधार पर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट इकाइयों एवं फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) के लिए स्थल चिन्हांकन के निर्देश दिए। साथ ही, एसएनए स्पर्श सेल के लिए अतिरिक्त मैनपावर की नियुक्ति को सहमति दी।

उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत एसएनए स्पर्श के माध्यम से धनराशि व्यय की नई प्रणाली लागू की गई है। उन्होंने इसके तहत एसएनए सेल के गठन की जानकारी दी। इस सेल के लिए चार स्टेट कंसल्टेंट (पीएफएमएस/एसएनए), तीन लेखाकार और तीन कम्प्यूटर ऑपरेटर के पदों की आवश्यकता पर समिति से अनुमोदन का अनुरोध किया। बैठक में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

#### क्या है एसएनए स्पर्श

- एसएनए स्पर्श एक एकीकृत धन हस्तांतरण और प्रबंधन प्रणाली है जो भारत सरकार द्वारा केंद्रीय योजनाओं के लिए राज्यों को फंड जारी करने की प्रक्रिया को पारदर्शी और कुशल बनाती है।

**मिशन शक्ति 5.0** — प्रदेश भर में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से जुड़ी 1,500 से अधिक बालिकाएं

# अष्टमी के दिन 5 लाख से अधिक बेटियों का कन्या पूजन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** नवरात्र के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान ने नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को एक नई ऊंचाई प्रदान की हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के आह्वान पर प्रदेश में 30 सितंबर व 1 अक्टूबर को अष्टमी-नवमी तिथियों पर कन्या पूजन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अष्टमी के दिन 5 लाख से अधिक कन्याओं का पूजन किया गया। इन आयोजनों में 1,500 से अधिक बालिकाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से जोड़ा भी गया है।

मिशन शक्ति 5.0 के तहत बालिकाओं का कन्या पूजन धार्मिक परंपरा का निर्वहन भर ही नहीं रह गया है, बल्कि समाज में कन्या जन्म को उत्सव के रूप में स्थापित करने वाली सामाजिक क्रांति का प्रतीक भी बना है। बीते 20 सितंबर को शुरु हुए मिशन शक्ति 5.0, महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को मजबूत करने का व्यापक अभियान बन गया है। कन्या पूजन के माध्यम से योगी सरकार ने समाज को गहरा संदेश भी दिया, जिसके तहत बेटियों को परिवार और समाज की आधारशिला के रूप में बताया गया है। विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में महिला कल्याण बेबी रानी मोर्या, राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला, प्रभारी मंत्री, जिलाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में ये कार्यक्रम आयोजित हुए। महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव लीना जौहरी ने कहा कि कन्या पूजन केवल अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को संदेश है कि बेटियां हमारी शक्ति और भविष्य की धरोहर हैं।



कानपुर देहात में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में शामिल मंत्री प्रतिभा शुक्ला।

### कन्या सुमंगला योजना के फॉर्म भरवाए गए

- अष्टमी के दिन विभिन्न विभागों और संस्थाओं के माध्यम से पूरे प्रदेश में 5 लाख से अधिक कन्याओं का सम्मानजनक पूजन किया गया। इन आयोजनों का मूल उद्देश्य कन्या जन्म को बोझ न मानकर आशीर्वाद के रूप में देखने को प्रेरित किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, लोकगीतों और संवाद सत्रों के जरिए बालिकाओं को शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य एवं आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया गया।

### आत्मरक्षा से आत्मनिर्भरता की राह पर ज्योति

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रहा मिशन शक्ति 5.0 महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को नई दिशा दे रहा है। इसी अभियान की प्रेरणादायी कहानी है वाराणसी की ज्योति सिंह, जिन्होंने मार्शल आर्ट्स के जरिये अब तक एक लाख से अधिक बालिकाओं और महिलाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया है। ज्योति ने 2012 में ब्लैक बेल्ट हासिल करने के बाद प्रशिक्षण शुरू किया और 2020 में मिशन शक्ति के पहले चरण में उन्हें बड़ा मंच मिला। आज वे थर्ड डिग्री ब्लैक बेल्ट धारक और 'मानव एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट्स' की संचालक हैं। उनका कहना है कि मिशन शक्ति ने महिलाओं में आत्मविश्वास जगाया है और सेल्फ डिफेन्स अब उनके लिए जीवन की कुंजी बन गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### मेला देखकर लौट रही युवती से छेड़छाड़

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया 28 सितंबर की रात 10 बजे वह रामलीला मेला देखकर घर जा रही थी। जाटों वाले चौराहे के समीप एक युवक ने उससे छेड़छाड़ की। विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शोर मचाया तो आरोपी वहां से भाग गया। इसके बाद उसने अपने एक रिश्तेदार को फोन करके बुलाया। उस रिश्तेदार ने युवक का पीछा भी किया। जिस पर आरोपी गलियों की ओर से होता हुआ निकल गया।पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### जीएसटी दरों में बदलाव के फायदे बताए

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को भाजपा मंडल बरखेड़ा की कार्यशाला हुई। मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, विधायक स्वामी प्रवक्तानंद रहे। हर घर स्वदेशी के नारे साथ लोगों को एक सूत्र में पिरोने पर जोर दिया। जीएसटी दरों में बदलाव से हुए लाभों के बारे में बताया। व्यापारियों ने इस बदलाव की सराहना की। इस मौके पर व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज गुप्ता, मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल कश्यप, दीपक सोनकर, जिला महामंत्री किसान मोर्चा नागेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट, उमा मिश्रा, सुनील वर्मा, चंद्रपाल दिवाकर, प्रदीप टीकाराम वर्मा, आदि मौजूद रहे।

### नव देवियों की प्रस्तुत की झांकियां

**पीलीभीत, अमृत विचार :** अवध पब्लिक स्कूल में दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसकी शुरुआत मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। प्रधानाचार्या आरती मिश्रा, डायरेक्टर आशीष मिश्रा समेत समस्त स्टाफ शामिल हुआ। बच्चों ने भव्य रूप से नव देवियों की झांकी प्रस्तुत की। माँ दुर्गा के नौ रूपों का पूजन किया गया। नाट्य मंचन भी किया गया, जिसमें छात्रों ने समाज की बुराइयों पर प्रकाश डालते हुए सत्य की असत्य पर विजय का संदेश दिया। छात्रों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। भाषण, नृत्य और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।

### साथी छात्रों पर कुकर्म का आरोप

**माधोटांडा, अमृत विचार :** पीलीभीत की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र क्षेत्र के एक स्कूल में कक्षा छह का छात्र है। स्कूल के हॉस्टल में ही रहता है। 28 सितंबर की शाम हॉस्टल में पुत्र सो रहा था। तभी वहीं के कुछ छात्रों ने पुत्र के साथ कुकर्म किया। दूसरे दिन उसने परिवार को बताया। इस पर शिक्षकों से शिकायत की गई। मामले में कार्रवाई की मांग की।

# तौकीर के बहनोई का घर सील करने पहुंची टीम, जमकर हंगामा

## सुर्खा बानखाना स्थित तौकीर रजा के रिश्तेदार के आवास पर कार्रवाई करने पहुंची टीम

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** प्रेमनगर के सुर्खा बानखाना स्थित मौलाना तौकीर के बहनोई का घर सील करने मंगलवार को पहुंची बरेली विकास प्राधिकरण की टीम को कड़ा विरोध झेलना पड़ा। बीडीए टीम का बुलडोजर पहुंचते ही जमकर हंगामा शुरू हो गया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू होने से पहले ही भवन स्वामी मोहसिन हसन खान और उनके भाई ने कोर्ट का स्टे ऑर्डर दिखाकर कार्रवाई रोकने की कोशिश की। मामला बढ़ते देखकर पुलिस ने दोनों भाइयों को हिरासत में लेकर वहां से चली गई। बीडीए के अफसर भी स्टे ऑर्डर की वैधता की जांच कर दो दिन बाद कार्रवाई करने की बात करते हुए वहां से चले गए।

आईएमसी नेता तौकीर रजा के करीबियों के खिलाफ कार्रवाई के क्रम में बरेली विकास प्राधिकरण की टीम नगर निगम और भारी-भरकम प्रशासनिक अमले के साथ मंगलवार को दोपहर में करीब तीन बजे सुर्खा बानखाना स्थित तौकीर के बहनोई मोहसिन हसन खान के घर के बाहर पहुंची। बीडीए की टीम को देखते ही मोहसिन हसन खान घर के बाहर आकर हाथ में स्टे आर्डर की कॉपी लेकर चीखने लगे। उनका कहना था कि कोर्ट का स्टे आर्डर होने के


हंगामा कर रहे लोगों को समझाती पुलिस टीम। ● अमृत विचार

- बीडीए की कार्रवाई को रोकने के लिए परिवार के लोगों ने किया जमकर विरोध
- भवन स्वामी ने भाजपा नेता पर लगाए आरोप, कोर्ट का स्टे दिखाने पर लौटी टीम

बाद भी रंजिशन कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान उनके भाई ने भी प्रशासन पर नियम विरुद्ध कार्रवाई करने का आरोप लगाया। देखते ही देखते यहां आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और कार्रवाई का कड़ा विरोध जताते हुए हंगामा शुरू कर दिया। बीडीए की टीम जैसे ही घर के सामने बुलडोजर लेकर पहुंची इसके बाद अफरा-तफरी मच गई। मामले को तूल पकड़ता देखकर पुलिस ने दोनों भाइयों को हिरासत में लिया और वाहन में बैठाकर वहां से ले गई। इसके बाद माहौल शांत हो गया। हालांकि स्टे आर्डर देखने के बाद बीडीए की टीम भी जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कहते हुए वहां से चली गई।

**जमीन का बैनामा है, कंपाउंडिंग को आवेदन भी किया**

बीडीए की टीम को मोहसिन हसन खान ने कोर्ट का स्टे आर्डर दिखाने के साथ बताया कि हमारा मकान वर्ष 1971 में बना है। उस समय के खरीद और बैनामा समेत सभी दस्तावेज मौजूद हैं। उस समय बीडीए था भी नहीं। वहीं वर्ष 2024 में बीडीए में कंपाउंडिंग कराने को आवेदन भी दिया जा चुका है। बावजूद इसके कार्रवाई की जा रही है।

**बीडीए का तर्क, दो दिन बाद होगी कार्रवाई :** इस संबंध में बीडीए वीसी मनिकंडन ए. ने बताया कि कोर्ट के स्टे की जांच कराने के उपरांत दो दिन बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बीडीए के मानक के विपरीत जो भी निर्माण शहर में हुए हैं उनकी सूची तैयार की जा रही है। सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### ...मेरा मौलाना तौकीर से कोई रिश्ता नहीं

मोहसिन हसन खान से मौलाना तौकीर रजा से रिश्ता होने की बात को भी नकारते हुए कहा कि उनका मौलाना से कोई रिश्ता नहीं है। हां उनके खानदान से जुड़े परिवार की बेटी से मेरा निकाह जरूर हुआ है। हम दरगाह आला हजरत को मानते हैं, लेकिन मौलाना तौकीर से कोई रिश्ता नहीं है।

### भाजपा नेता के इशारे पर हो रही कार्रवाई

मोहसिन ने बताया कि उनका घर किसी भी तरह से अवैध नहीं है। उनके खिलाफ कार्रवाई जिला स्तरीय भाजपा नेता के इशारे पर कार्रवाई हो रही है। इससे पहले भी भाजपा नेता के इशारे पर उनके खिलाफ गोकशी का मुकदमा पंजीकृत कराया गया था, लेकिन पुलिस जांच में आरोप सिद्ध नहीं हुआ। अब दोबारा उन्हें फंसाने की साजिश भाजपा नेता कर रहे हैं।

## फरहत को नोटिस जारी, दो दिन में खाली करें आवास

**बरेली, अमृत विचार :** आई लव मुहम्मद को लेकर उपजे विवाद में जुमे की नजाम के बाद बवाल कराने के मास्टर माइंड माने जा रहे आईएमसी मौलाना तौकीर रजा को फाइक एन्क्लेव निवासी फरहत ने अपने घर में शरण दी थी। अब बीडीए की ओर से मंगलवार को फरहत को नोटिस जारी कर दो दिन में आवास खाली करने को कहा गया है। इसके साथ ही मौलाना के तौकीर के करीबियों के अवैध निर्माणों की सूची भी बीडीए ने तैयार कर ली है। इनके खिलाफ व्यापक रूप से कार्रवाई की जाएगी।

बीडीए की टीम ने सोमवार को फाइक एन्क्लेव के फेज टू में बने फरहत के आवास का सर्वे किया था। इस दौरान यहां पर उसके मां-पिता समेत परिवार के अन्य सदस्य रहते हुए मिले थे। बीडीए ने मंगलवार को नोटिस जारी कर दो दिन में आवास खाली करने का आदेश दिया है। बीडीए की टीम इसके बाद फरहत के बाद सीलिंग की कार्रवाई करेगी। इसके साथ ही मौलाना तौकीर के करीबियों और बवाल में शामिल आरोपियों की संपत्ति की जांच भी बीडीए कर रहा है।

## अपराधी को बख्शा और निर्दोष को छुआ नहीं जाएगा:डीएम

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- लोगों से किसी तरह की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शहरवासियों से अपील की वे अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी निर्दोष व्यक्ति पर कार्रवाई नहीं की जाएगी। जो लोग माहौल को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं, केवल उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की नीति स्पष्ट है-अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा और निर्दोष को छुआ नहीं जाएगा। कहा कि कुछ असामाजिक तत्व लगातार माहौल को खराब करने की साजिश कर रहे हैं, विशेष रूप से नाबालिग बच्चों को बरगलाकर उन्हें पत्थर, असलाह और हथियार थमाने का प्रयास किया गया, जिसे प्रशासन गंभीरता से ले रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे लोगों की पहचान की जा रही है, जो पर्दे के पीछे से बच्चों को उकसाते हैं और खुद सुरक्षित रहते हैं। ऐसे किसी भी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा। डीएम ने कहा कि यदि किसी को कोई गलत सूचना मिले या कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे, तो सीधे प्रशासन या पुलिस को सूचित करें, न कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाएं। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह से सतर्क और तैयार है। जनता से अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करें।

### सपा ने उठाई, निष्पक्ष जांच की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष शिव चरन कश्यप के नेतृत्व में मंगलवार को डीआईजी अजय साहनी से उनके कार्यालय में मुलाकात की और बरेली की हाल की घटना पर चिंता प्रकट की। प्रतिनिधिमंडल ने मांग रखी कि किसी भी निर्दोष व्यक्ति पर कार्रवाई न की जाए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए।जिलाध्यक्ष शिव चरन कश्यप ने कहा कि बरेली की गंगा-जमुनी तहजीब को हर हाल में बरकरार रखा जाएगा, इसलिए सभी नागरिकों से अपील है कि गलत और मौका-परस्त तत्वों के बहकावे में न आएं और आपसी भाईचारा बनाए रखें। डीआईजी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि किसी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होगा और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी।

## आपत्तिजनक फोटो डालने वाला पकड़ा

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री का सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक फोटो वायरल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान किया। बता दें वार्ड सात मोहल्ला कहारान निवासी वीरेंद्र कुमार शर्मा ने पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें बताया माहौल बिगाड़ने की कोशिश करते हुए गांव परेई निवासी आमिर अंसारी पुत्र तौकीर अंसारी ने फेसबुक पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आपत्तिजनक फोटो प्रसारित किया है।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

## श्रीखाटू श्याम बाबा संकीर्तन में भजनों पर झूम उठे भक्त

**संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला खकरा में चल रहे नवदुर्गा महोत्सव में सोमवार रात श्रीखाटू श्याम बाबा संकीर्तन आयोजित किया गया।

शाम सात बजे आरती पूजन कर इसकी शुरुआत कराई गई। इसके बाद सुलभ आनंद ने भजन की शुरुआत की। दिल्ली से आए भजक गायक मास्टर विपिन गुप्ता ने भक्ति गीत गाए तो भक्त झूम उठे। आयो सांवरिया सरकार, नीले पर चढ़के..भजन सुन भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। पंडार श्याम बाबा के जयकारों से गूंज उठा।

इस दौरान पुष्प वर्षा भी की गई। इस मौके पर डॉ.वरुण कपूर, मुकेश सक्सेना,सागर देवल, आकाश देवल, अर्चना, शिवांगी, अर्पिता, खुशबू, प्रियंका, दीपाली, ममता, सुभि, आदि मौजूद रहे।

## युवक को पीटकर किया बेसुध

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव भम्बापुरी के रहने वाले गनेश प्रसाद पुत्र रामभरोसे लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया सोमवार सुबह 5 बजे गांव के दीक्षित कुमार उसके भाई नंदकिशोर को घर से बुलाकर ले गया। इसके बाद नंद किशोर घायल अवस्था में प्लाट में पड़ा मिला। शरीर पर मारपीट व चोटों के निशान थे। उसे अस्पताल भर्ती कराया। आरोपी ने उसके साथ मारपीट की थी।

# अष्टमी पर उमड़ी भक्तों की भीड़

**संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** नवरात्रि के आठवें दिन मंगलवार को घरों और मंदिरों में कन्याओं का पूजन कर भक्तों ने सुख-समृद्धि की कामना की।

देवी मंदिरों में माता के अष्टम स्वरूप मां महागौरी की पूजा-अर्चना हुई। वहीं कई श्रद्धालुओं ने नवमी भी मनाई। व्रती लोगों ने विधि-विधान के साथ कन्या भोज भी कराया। भजन संध्या में मैया के छंद गाए गए। नगर पालिका कार्यालय परिसर में पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कन्याओं के चरण धोकर आशीर्वाद लिया।

सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। मां यशवंतरी देवी मंदिर, महामातेश्वरी देवी मंदिर, दुर्गा मंदिर, शेरों वाली मठिया समेत प्रमुख मंदिरों में भक्तों ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। माता को फल, फूल, धूप, दीप और नारियल चढ़ाए गए और भव्य श्रृंगार किया गया। घरों में हलवा, पूरी, सब्जी का भोग बनाकर कन्याओं को आमंत्रित किया गया। नगर पालिका परिषद कार्यालय स्थित मंदिर पर विशेष पूजन का आयोजन हुआ। पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने हवन में आहुति देने के बाद कन्याओं के चरण पखारे और उन्हें माता की चुनरी ओढ़ाकर उपहार वितरित किए। खमरिया पुल स्थित अक्रिय धाम आश्रम पर बरखेड़ा विधायक महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद ने कन्याओं का पूजन कर भोज कराया। उन्हें उपहार वितरित किए गए। नौगवां पकड़िया चेयरमैन संदीप कौर और उनके पति संतोख संधू ने भी कन्या पूजन किया व उपहार बांटे।


यशवंतरी देवी मंदिर पूजा अर्चना करती महिलाएं। ● अमृत विचार

- घरों पर भी हुए हवन पूजन, मंदिरों में भी कराया गया कन्याभोज

## शिविर में पहुंचे 170 मरीज, जांच कर दी दवाएं

**पीलीभीत, अमृत विचार:** मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को भी स्वास्थ्य शिविर लगा। जिसमें 170 मरीजों का पंजीकरण किया गया।

लाभार्थियों को विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परामर्श, आवश्यक जांच और उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े विषयों पर भी जानकारी प्राप्त की और शिविर का लाभ उठाया।

## महिला शिक्षकों को परिवहन नियमों से कराया रूबरु

**संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत मंगलवार को परिवहन कार्यालय में विद्यालयों की महिला शिक्षकों की कार्यशाला का आयोजन किया गया।

12 शिक्षिकाएं जो दोपाहिया वाहन चलाती हैं या चलाना सीख रही हैं और उनके पास लाइसेंस नहीं है उनके ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदन कराए गए। उन्हें सड़क पर सुरक्षित सफर कैसे करें इसको लेकर जागरुक और सुझाव दिए गए। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने महिला शिक्षकों को बताया कि चार पहिया वाहन चलाना सीखना चाहती है, तो जनपद में संचालित हो रहे मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूलों में रियायती दरों पर उनको ड्राइविंग ट्रेनिंग कराई जा रही है। इच्छुक महिलाएं इसका लाभ अवश्य उठाएं। इसके अलावा समस्त व्यवसायिक यात्री चालकों एवं परिचालकों की कार्यशाला आयोजित कर उन्हें बालिकाओं के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करने का भी प्रशिक्षण दिया।

## राजकीय पशु चिकित्सालय को मिला नया भवन

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** राजकीय पशु चिकित्सालय के नवनिर्मित भवन का ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार गंगवार ने मंगलवार को फीता काटकर उद्घाटन किया। पशु चिकित्सालय पर कार्यरत डॉ. हरपाल सिंह ने बताया कि चिकित्सालय का भवन काफी जर्जर हो चुका था। करीब 1.60 करोड़ रुपये से नये भवन का निर्माण कराया गया। नवनिर्मित भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने शुरुआत कराई है। इस मौके पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीन कुमार त्यागी, उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी बीसलपुर डॉ. योगेंद्र कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी बिलसंडा डॉ.जगदेव सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी ललौरीखेड़ा डॉ.साहिल, पशु चिकित्सा अधिकारी परेवा किशनी डॉ.धनपाल, पशु चिकित्सा अधिकारी गजरौला डॉ.प्रतिभा यादव, पशुधन प्रसार अधिकारी जोगीठेर डॉ. हर्षवर्धन आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी


लीला का मंचन करते विद्यार्थी।

### बच्चों ने रामायण के विविध प्रसंगों का किया मंचन

**पीलीभीत, अमृत विचार :** फ्यूचर इंटरनेशनल स्कूल में नवरात्रि और दशहरा पर्व मनाया गया। दुर्गा पूजा से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। भक्ति गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी। रामायण महाकाव्य का नाट्य मंचन भी किया गया और फिर रावण का पुतला दहन किया गया। परिसर में आतिशबाजी भी की गई। ट्रस्टी प्रमोद राणा, प्रधानाचार्य अनुज जोशी ने श्रीराम के आदर्शों का अनुकरण करने की सीख विद्यार्थियों को दी गई। संचालन मन्नतप्रीत और अंशप्रीत ने किया।


लेखाकार को ज्ञापन देते लोग।

### अतिक्रमण पर कार्रवाई की मांग, ज्ञापन सौंपा

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** नगर के करीब एक दर्जन लोगों ने मंगलवार को अधिशासी अधिकारी को संबोधित ज्ञापन लेखाकार नफीस अहमद को सौंपा। जिसमें बताया कि दौलतपुर मार्ग पर दुकानदारों के द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा है। जिससे इस मार्ग पर आए दिन जाम लगा रहता है। जिस कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कुछ दिन पूर्व नगर पंचायत के द्वारा इन अतिक्रमण कारियो को नोटिस भी दिए गए थे। जिसका समय काफी पहले ही बीत चुका है।



इंस्पेक्टर सुनगढ़ी से मुलाकात करते व्यापारी।

### व्यापारियों ने थाना प्रभारियों से की मुलाकात, किया सम्मानित

**पीलीभीत, अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की युवा विंग ने जिलाध्यक्ष शैली शर्मा की अगुवाई में सदर कोतवाल सतेंद्र कुमार और इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी से मुलाकात की। बुके और स्मृति चिन्ह भेंट किया। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, व्यापारी सुरक्षा को मजबूत बनाने पर वार्ता की गई। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष ऋषभ सिंह, संगठन मंत्री रजी अंसारी, जिला मंत्री ताबिश, अभिलाष गुप्ता, सलमान, अमान, हर्षित गंगवार, वसीम, शिवम् प्रजापति, भूपेंद्र आदि मौजूद रहे।

### पोस्टर प्रतियोगिता में आकांक्षा रूबी और हीराकली विजयी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में मिशन शक्ति, समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश और गांधी व शास्त्री जयंती के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका विषय गांधी और शास्त्री की महिला सशक्तिकरण में भूमिका रहा। दशहरा के उपलक्ष्य में पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता कराई गई। कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमन्त जगोता ने कहा कि महात्मा गांधी का महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होने महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता, शिक्षा और सामाजिक समानता के लिए प्रेरित किया। महिलाओं को स्वतंत्रता संग्राम में भागीदार बनाने के लिए प्रेरित किया। जिससे वह अबला से सबला बन सकें। प्राचार्य डॉ. इलयास अहमद ने भी विचार रखे। विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाए। छात्रा आकांक्षा वर्मा प्रथम, रूबी सागर द्वितीय और हीराकली तृतीय रहीं। इस मौके पर ईशा चौधरी, गुंजन वर्मा, रेखा देवी, गौरीशा, प्रिया, अंशिका, अंजलि, दानिया, कशिश, दिव्यांशी, रोशनी, सहरनुमा, निशी, राशिका, रूबी, प्रिया, आकांक्षा, आकाश, प्रमोद, सनी, राकेश, प्रमोद कुमार, रितेश सिंह, आयुष, सार्थक, तनु पांडेय, साक्षी, अंकिता, वर्षा रानी, आलोक उपाध्याय आदि मौजूद रहे।


**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, फरीदपुर (बरेली)**

पत्रांक 3575/लेखा./विज्ञ./2025 **निविदा सूचना** दिनांक 30.09.25

समस्त पंजीकृत फर्मो व ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि विधानमंडल क्षेत्र विकास निधि के अंतर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु आइटम रेंट पर (सीलबंद) निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा दिनांक 01.10.2025 से 15.10.25 के दोपहर 12 बजे विकास खण्ड में रखे बाक्स में डाली जा सकती है जो दिनांक 15.10.25 को दोपहर 02 बजे निविदा दाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. | निर्माण कार्य का नाम जिसकी निविदा जारी की जाती है | प्रा.की अनु. ला. |
|---|---|---|
| 1. | मो. फर्रखपुर तहसील फरीदपुर जनपद बरेली के सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालय मो. फर्रखपुर फरीदपुर के प्रांगण में इण्टर लॉकिंग कार्य | 9,984/- |

कार्य हेतु कार्य नियमानुसार निविदा शुल्क, धरोहर राशि,जमानत राशि देय होगी तथा कार्य पूर्ण करने का अनुमानित समय अधिकतक 03 माह होगा। कार्य हेतु नियम व शर्ते विकास खण्ड कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

खण्ड विकास अधिकारी, फरीदपुर

**पूर्वोत्तर रेलवे** ई-ऑक्शन सूचना

सं0-सी/54/खानपान/ई आक्शन दिनांक: 24.09.2025

वरि० मंडल वाणिज्य प्रबन्धक/इज्जतनगर द्वारा आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) पर पंजीकृत संस्थाओ से ई-ऑक्शन के माध्यम से खानपान ठेकों एवं वाटर वेंडिंग मशीन हेतु बोलियां आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटेलाग को आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की बेवसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया जा चुका है। इज्जतनगर मंडल की आगामी ई- ऑक्शन का विवरण निम्नवत है:-

| श्रेणी | कैटलॉग सं० | ऑक्शन प्रारम्भ | ऑक्शन समापन |
|---|---|---|---|
| खानपान | IZN-CAT-25-06 | 08.10.25 / 12:00:00 | 08.10.25 / 14:10:00 |

| क्रम | स्टेशन | स्टेशन कोड | श्रेणी | चिन्हित इकाई | ऑक्शन के लिय इकाई | प्लेटफार्म सं० |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सेहरामऊ | SW | डी | जीएमयू/स्टाल | अनारक्षित | 01 |
| 02 | टनकपुर | TPU | डी | जीएमयू/स्टाल | अनारक्षित | सर्कुलेटिंग एरिया |
| 03 | इज्जतनगर | IZN | डी | जीएमयू/स्टाल | अनारक्षित | 01 |
| 04 | पटियाली | PTI | डी | जीएमयू/स्टाल | अनारक्षित | 01 |
| 05 | सिकंदराराउ | SKA | डी | एसएमयू/स्टाल | स्वतंत्रता सेनानी/युद्ध विधवा/ रेलवे कर्मचारी की विधवा/अनु. जनजाति/महिला | 01 |
| 06 | उझानी | UJH | डी | एसएमयू/स्टाल | अन्य पिछड़ा वर्ग | 01 |
| 07 | गंजडुंडवारा | GWA | डी | एसएमयू/स्टाल | अनु. जाति/महिला | 01 |
| 08 | रुदायन | RDN | डी | एसएमयू/स्टाल | अन्य पिछड़ा वर्ग | 01 |
| 09 | निगोही | NOH | ई | एसएमयू/स्टाल | ऐसे व्यक्ति जिन्हें रेलवे द्वारा अपने उपयोग के लिए उनकी भूमि लेकर विस्थापित किया गया हो /स्थान से हटाया गया हो तथा अन्य पिछड़ा वर्ग से सम्बन्धित हो। | 01 |
| 10 | फर्रुखाबाद | FBD | बी | एसएमयू/स्टाल | अनु. जनजाति | 02/03 |
| 11 | फतेहगढ़ | FGR | डी | एसएमयू/स्टाल | अनु. जाति | 01 |

&

| श्रेणी | कैटलॉग सं० | ऑक्शन प्रारम्भ | ऑक्शन समापन |
|---|---|---|---|
| डब्लयू वी एम | C-54-WVN-25-06 | 09.10.25 / 11:00:00 | 09.10.25 / 14:20:00 |

| क्रम सं० | स्टेशन | स्टेशन कोड | श्रेणी | लोकेशन (प्लेटफार्म सं०) दोनो छोर की ओर | वाटर वेण्डिग मशीन की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | उझानी | UJH | डी | 01 | 02 |
| 02 | इज्जतनगर | IZN | डी | 01 | 02 |
| 03 | गुरसहायगंज | GHJ | डी | 01 | 02 |
| 04 | मथुरा छावनी | MRT | डी | 01 | 02 |
| 05 | टनकपुर | TPU | डी | 01 | 02 |
| 06 | कन्नौज | KJN | बी | 01 | 02 |
| 07 | पीलीभीत | PBE | बी | 02/03 | 02 |
| 08 | काठगोदाम | KGM | ए | 01 | 02 |
| 09 | रूद्रपुरसिटी | RUPC | बी | 01 | 02 |
| 10 | काशीपुर | KPV | बी | 02/03 | 02 |
| 11 | रामनगर | RMR | डी | 01 | 02 |
| 12 | बदायूं | BEM | डी | 01 | 02 |
| 13 | किच्छा | KHH | डी | 01 | 02 |
| 14 | हाथरस सिटी | HTC | डी | 01 | 02 |
| 15 | फर्रुखाबाद | FBD | बी | 02/03 | 02 |
| 16 | लालकुऑ | LKU | बी | 04/05 | 02 |
| 17 | हल्द्वानी | HDW | बी | 01 | 02 |
| 18 | बहेड़ी | BHI | डी | 01 | 02 |

1. बोलीदाताओ को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिये रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in देखें। 2. उक्त ई-ऑक्शन, आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन लीजिंग मॉडयूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। 3. ई-ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एंव शर्ते आदि आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 4. बोलीदाता उक्त दिये गये दिनांक एंव समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते है। 5. सभी संभावित बोली दाताओ से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित किसी भी शुदधिपत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in का अवलोकन करते रहें।

मुजाधि/वा0-149 सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**कार्यालय ग्रा.पं. कुंवरपुर बन्जरिया वि.खं. बिथरीचैनपुर जनपद बरेली**

**निविदा सूचना**

सभी अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्रा.पं. कुंवरपुर बन्जरिया में मनरेगा के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार उच्च कोटि की ईट, ईट की रोड़ी, सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी आदि सामग्री की सीलबन्द निविदाएं दिनांक 02.10.2025 को ग्रा.पं. कार्यालय में डाली जा सकती है। मोहरबन्द निविदाएं उसकी निविदादाता व उसके प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 05.10.2025 को सार्वजनिक रूप से ग्रा.पं. सचिव की अध्यक्षता में शाम 4 बजे खोली जायेगी। कराये जाने वाले कार्यो का विवरण इस प्रकार है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | लागत |
|---|---|---|
| 1. | भोलेनाथ की जगह से ज्ञान प्रकाश की जगह तक सी.सी. व नाली निर्माण | 3.90 (लाख) |
| 2. | टनटन के घर से सुम्मेर की जगह तक सी.सी. निर्माण | 2.90 (लाख) |

प्रधान - गुलशन जहाँ सचिव- केशव कुमार

**कार्यालय ग्राम पंचायत जोगीठेर विकास खंड मझगवां (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत मनरेगा/पंचम वित्त/पंद्रहवां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जोगीठेर के लिए आवंटित/उपलब्ध धनराशि से कराये जाने हेतु निम्नांकित विवरणसार कार्यो के लिए शासकीय विभाग में पंजीकृत सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. माप | अनु. लागत | योजना |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत जोगीठेर में समुदाय के लिए खाद्यान्न भण्डारण भवन का निर्माण कार्य | 01 | 881209/- | मनरेगा+पंचम वित्त +पंद्रहवां वित्त |

उपरोक्त निर्माण कार्य हेतु इच्छुक पंजीकृत सप्लायर/फर्म निविदा प्रपत्र कार्य दिवस में ग्राम पंचायत सचिव से प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकृत सप्लायर/फर्म मुहरबन्द लिफाफे में प्राप्त निविदाएं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 01.10.2025 से 05.10.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक जमा कर सकते हैं, जिसे उसी दिनांक 05.10.2025 को सायं 4:00 बजे खोली जायेगी। प्राप्त निविदाओं की समीक्षा उपरान्त सर्वदा कम दरों के अन्तर्गत आने वाली निविदा को स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

प्रधान - श्री जयपाल वर्मा सचिव- श्री हेमन्त श्याम

**कार्यालय ग्रा.पं. सिठौरा वि.खं. भदपुरा (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक : 1.10.2025

समस्त अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिठौरा में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री विवरण निम्नवत है। ईट, बजरफुट, सरिया, सीमेंट, रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है। निविदा पंचायत कार्यालय पर दिनांक 01.10.2025 से 03.10.2025 तक खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना किसी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | नरेश कुमार के घर से ख्याली राम की जगह तक सी.सी. रोड व पक्की नाली का निर्माण | 160x2.5मीटर | 305000.00 |

अभिषेक सिंह सचिव वीरमती ग्राम प्रधान



लीडर जब आंसू बहा कर लोगों से कहते हैं कि मजहब खतरे में है तो इसमें कोई हकीकत नहीं होती। मजहब ऐसी चीज ही नहीं कि खतरे में पड़ सके, अगर किसी बात का खतरा है तो वो लीडरों का है, जो अपना उल्लू सीधा करने के लिए मजहब को 'खतरे में डालते' हैं।
**–सआदत हसन मंटो, उर्दू साहित्यकार**

# विकसित यूपी का मूलमंत्र

ऐसे में जब रिजर्व बैंक की रिपोर्ट यह बताती हो कि देश के आधे से अधिक नगर निकाय अपने खर्च का आधे से भी कम कमा पाते हैं, उनकी उधारी कई गुना बढ़ी हुई हो, तब सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह कहना कि नगरीय निकाय आय सृजन और आत्मनिर्भरता के नए माध्यम तलाशें, वे अपनी योजनाओं में नवाचार तथा नागरिक सेवाओं के आधुनिकीकरण को केंद्र में रखें।

राज्य, शहर, नागरी समाज और देश, सबके लिए अत्यंत हितकारी मूलमंत्र है। आधुनिकता, आवश्यकता और आजीविका के चलते, जहां शहरी प्रवसन और विकास के साथ शहरीकरण की बढ़त के साथ शहरों तथा शहरवासियों का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। भविष्य में अधिकांश जनसंख्या शहरों में ही रहेगी। ऐसे में शहर का जनमत बहुत महत्व रखेगा, इसलिए शहरों के विकास और नागरिक सुविधाओं का निरंतर बेहतर होना आवश्यक है। शहरों में इस विकास को लाने, योजनाओं को लागू करने तथा जमीन पर कार्य करने का दायित्व नगरपालिकाओं और नगर निकायों का होगा। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ का यह कहना कि विकसित यूपी के निर्माण में नगर निकायों की केंद्रीय भूमिका होगी, सर्वथा उचित है। ऐसे में यदि अपने वित्तपोषण के लिए स्थानीय सरकार की निर्भरता हमेशा केंद्र और राज्य के अनुदानों तथा मामूली संपत्ति-कर पर निर्भर बनी रहेगी, तो कामकाज कैसे सुचारु चलेगा? जब तक ये वित्तीय स्तर पर आत्मनिर्भर, कार्यक्षम और अधिकार-संपन्न नहीं होंगे, तब तक अपेक्षित कार्य नहीं कर सकेंगे और विकसित यूपी 2047 की वास्तविक लक्ष्य-प्राप्ति कठिन होगी। मुख्यमंत्री लगातार यह कहते रहे हैं कि नगरीय निकाय विभिन्न आय-स्रोत तलाशें, अपने उपक्रम चलाएं, संसाधनों का सम्यक् सदुपयोग करें और अन्य तरीकों से स्वयं की आय सृजित कर नागरिकों को उत्तम सेवाएं प्रदान करें। इस दिशा में प्रयासों का लाभ अब दिखने भी लगा है।

उनके कार्यकाल में नगरीय विकास के क्षेत्र में राज्य ने ऐतिहासिक उपलब्धियां दर्ज की हैं, जिन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान और चर्चा मिली है। ई-गवर्नेंस सेवाओं का विस्तार, मेट्रो, आरआरटीएस और रोपवे जैसे आधुनिक परिवहन साधनों का विकास, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और सीवरेज की नई योजनाएँ इसके कुछ उल्लेखनीय उदाहरण हैं। सरकार ने त्वरित आर्थिक विकास योजना, राज्य स्मार्ट सिटी योजना, राज्य वित्त आयोग और मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना से धनराशि उपलब्ध कराई, जिससे विकास कार्यों में तेजी आई है। पर निकायों ने भी आय अर्जित करने के कई प्रयास किए, यथा लखनऊ और गाजियाबाद नगर निगम ने अपने म्युनिसिपल बॉन्ड जारी किए। कई नगरीय निकायों ने नागरिकों के हित में अपने संसाधनों का सकारात्मक उपयोग कर अपनी आमदनी दो से तीन गुना तक बढ़ाई। प्रदेश के अनेक शहर राज्य और देश में नागरिक सुविधाओं और अन्य आकर्षणों के चलते चर्चा में हैं। प्रधानमंत्री ने देश को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की अलख जगा रखी है, तो मुख्यमंत्री इस प्रकार की घोषणाओं और उनके सफल क्रियान्वयन से यूपी को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए प्रयत्नशील हैं।

## प्रसंगवश

# खेल के मैदान पर भी ऑपरेशन सिंदूर

एशिया कप 2025 का फाइनल भले ही दुबई के मैदान पर खेला गया हो, लेकिन असली मुकाबला तो भारत-पाकिस्तान के लोगों के दिलों में था। जंग भारत-पाकिस्तान के जज्बे की थी, भावनाओं के बीच की थी और नतीजा वही हुआ जिसकी उम्मीद देश कर रहा था। भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर टूर्नामेंट में तीसरी बार मात दी और एशिया कप की ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। एशिया कप ट्रॉफी पर कब्जा जमाने वाली भारतीय टीम की हर तरफ तारीफ हो रही है, लेकिन इस जीत को और ऐतिहासिक बना दिया दो लोगों ने, एक कप्तान सूर्य कुमार यादव और दूसरे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने।



तारकेश्वर मिश्र
स्वतंत्र पत्रकार

प्रधानमंत्री मोदी के ट्वीट और कप्तान सूर्या की प्रतिक्रिया ने माहौल में जोश और जज्बा भर दिया। जैसे मैदान के बाहर भी एक और मुकाबला शुरू हो गया हो। मैच के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एक ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने लिखा, 'खेल के मैदान पर ऑपरेशन सिंदूर!' बस, इतना ही काफी था। देश झूम उठा और पाकिस्तान में सन्नाटा छा गया। पीएम मोदी के बयान पर भड़के पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ मोहसिन नकवी ने जवाब दिया है।

इस एक लाइन ने सोशल मीडिया पर तूफान ला दिया। पीएम मोदी के इस बयान को न सिर्फ फैंस ने हाथों-हाथ लिया, बल्कि यह पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी हलचल का कारण बना। यह महज एक ट्वीट नहीं था, बल्कि एक एलान था कि भारत अब हर मोर्चे पर रंग जमाएगा, फिर चाहे मैदान की बाउंड्री हो या देश की सरहद।

भारतीय टीम के कप्तान सूर्य कुमार यादव, जिनकी अगुवाई में टीम ने पाकिस्तान को तीन बार हराया, उन्होंने पीएम मोदी के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बहुत अच्छा लगता है जब देश का लीडर फ्रंट फुट पर बल्लेबाजी करता है। ऐसा लगता है, जैसे वो खुद स्ट्राइक लेकर रन बना रहे हैं, जब सर सामने हों, तो खिलाड़ी खुलकर खेलते हैं।

'एशिया कप' में टीम इंडिया ने 9वीं बार ट्रॉफी जीती है। अपराजेय चैंपियन..! 'प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट' अभिषेक शर्मा बने, जिन्होंने अप्रतिम, अभूतपूर्व 314 रन बनाए और कुछ शानदार कैच भी लपके। पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल मुकाबले में तिलक वर्मा ने नाबाद 69 रन ठोंक कर 'प्लेयर ऑफ द मैच' का सम्मान अर्जित किया। कुलदीप यादव कुल 18 विकेट लेकर 'सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज' आंके गए। मैच में वरुण चक्रवर्ती, बुमराह, अक्षर पटेल की गेंदबाजी ने भी मैच पलटे। ये सभी भारतीय युवा और हुनरमंद क्रिकेटर हैं। आज टीम इंडिया टी-20 की विश्व चैंपियन, नंबर वन और एशिया चैंपियन टीम है।

'एशिया कप' का अंतिम मुकाबला वाकई रोमांचक, धड़कनें बढ़ा देने वाला रहा। टीम इंडिया ने इसी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की टीम को लगातार तीन बार रौंदा, नतीजतन पाकिस्तान की अवाम ही मजाक उड़ाने लगी है, 'इतना क्यों मारते हो डैडी? ...जब पता है कि इंडिया बाप है, तो उसके खिलाफ खेलते क्यों हो? हार गई, हार गई, फिर टीम हार गई।' टीम इंडिया ने उसे सात विकेट, छह विकेट और पांच विकेट से पराजित किया। बेशक फाइनल में एक वक्त टीम पाकिस्तान एक विकेट खोकर 113 रनों की 'पहाड़ चुनौती' पेश कर चुकी थी। विशेषज्ञ आंक रहे थे कि पाकिस्तान 200 रन तक भी पहुंच सकता है, लेकिन हमारे गेंदबाजों ने अत्यंत सटीक, धारदार और रहस्यमयी गेंदबाजी कर शेष नौ विकेट मात्र 33 रनों पर ही बिखेर दीं। यह धोना, रौंदना नहीं हुआ, तो क्या है?

# संघ के सेवा व समर्पण के 100 साल





बृजनंदन राजू
वरिष्ठ पत्रकार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। संघ की स्थापना सन 1925 में विजयादशमी के दिन डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में की थी। संघ शताब्दी वर्ष मना रहा है। किसी भी संगठन के लिए सौ वर्षों की यात्रा विशेष महत्व रखती है। संघ को समझने के लिए डॉ. हेडगेवार का जीवन और संघ स्थापना की पृष्ठभूमि समझना आवश्यक है। संघ की स्थापना करने वाले डॉ. हेडगेवार क्रांतिकारी थे। अपने समय के सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक क्षेत्र में चलने वाले सभी आंदोलनों में वह सहभागी रहे।

उस समय देश की तत्कालीन परिस्थिति को देखकर लग रहा था कि भारत आजाद होने वाला है। डॉ. हेडगेवार ने सोचा कि देश तो आजाद हो जाएगा, लेकिन क्या गारंटी है कि हम फिर गुलाम नहीं होंगे। जब कोई डॉ. हेडगेवार से पूछता कि स्वतंत्रता कब मिलेगी वे उनसे उल्टा पूछते स्वतंत्रता गई क्यों? डॉ. हेडगेवार ने चिंतन किया तो पाया कि अपने समाज की कमजोरियों के कारण हम परतंत्र हुए। समाज की कमियों को दूर नहीं किया गया, तो देश को दुबारा गुलाम होने से कोई नहीं रोक पाएगा। संगठन व देश भक्ति के अभाव के कारण हम गुलाम हुए। देश की सब चीजें हिंदुओं से जुड़ी हैं, इसलिए उन्होंने घोषणा की कि भारत हिंदू राष्ट्र है, इसलिए हिंदुओं का संगठित करना आवश्यक है। इसी विचार से संघ शुरू हुआ और शाखा रूपी अभिनव कार्यपद्धति डॉ. हेडगेवार ने दी। डॉ. हेडगेवार कहते थे कि ऐसा संगठन खड़ा करना है, जो देश व समाज पर आने वाली हर विपत्ति का सामना भी कर सके।

उस समय लोग कहते थे कि हिंदुओं को संगठित करना मेंढक तौलने के समान है। परंतु डॉ. साहब विचलित नहीं हुए। उन्होंने अपने जीवनकाल में संघ को हर प्रांत में पहुंचा दिया। डॉ. साहब ने सिद्ध कर दिखाया कि हिंदू समाज संगठित हो सकता है। कदम से कदम मिलाकर एक दिशा में साथ चल सकता है। संघ की स्थापना का उद्देश्य 'परम् वैभवन् नेतुमेतत स्वराष्ट्र' यानि राष्ट्र को परमवैभवशाली बनाना है। डॉ. हेडगेवार के बाद तीन जुलाई 1940 को माधव राव सदाशिवराव गोलवलकर सरसंघचालक बने। उन दिनों देश में स्वाधीनता आंदोलन चरम पर था। अलगाववादी ताकतें अंग्रेजों के इशारे पर देश के टुकड़े करने पर उतारू थीं। श्रीगुरूजी के आहवान पर स्वयंसेवकों ने पूरी ऊर्जा संगठन विस्तार में लगा दी।

जान जोखिम में डालकर साहस और तत्परता से सेवा करने का जो संस्कार स्वयंसेवकों के मन में रोपा जाता है, उसकी कठोर परीक्षा भारत विभाजन के समय हुई। लाखों भाई-बहनों के जीवन व सम्मान की रक्षा करने का काम स्वयंसेवकों ने किया। विभाजन के समय पाकिस्तान के हिंदुओं की रक्षा के लिए संघ के अतिरिक्त और कोई नहीं आया। संघ के स्वयंसेवकों ने अपनी जान की बाजी लगाकर हिंदुओं को सुरक्षित वहां से निकालकर भारत लाने में अपने शौर्य और साहस के कीर्तिमान स्थापित किए। भारत विभाजन के समय स्वयंसेवकों के त्याग और बलिदान के कारण बड़ी संख्या में लोग संघ में जुड़े, क्योंकि विभाजन के बाद पाकिस्तान से सुरक्षित भारत लाने और यहां पर उनके पुनर्वास की चिंता संघ के अतिरिक्त किसी ने नहीं की।

संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार ने 1940 में संघ शिक्षा वर्ग में कहा था कि संघ कार्य को शाखा तक ही सीमित नहीं रखना है, समस्त हिंदू समाज हमारा कार्य क्षेत्र है। किसानों के क्षेत्र में भारतीय किसान संघ, मजदूरों के बीच काम करने के लिए भारतीय मजदूर संघ, विद्यार्थियों के बीच काम करने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, राजनीतिक क्षेत्र में जनसंघ, शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती, धर्म के क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद, वनवासियों के बीच काम करने के लिए वनवासी कल्याण आश्रम, अधिवक्ता परिषद, संस्कार भारती व विज्ञान भारती जैसे करीब 50 संगठन विविध क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। यह संगठन अपने क्षेत्र में शीर्ष स्तर के संगठन हैं। यह सभी संगठन स्वतंत्र व स्वायत्त हैं। 1975 में जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र का गला घोंटा और देश में आपातकाल लगा दिया, तब लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघ ही आगे आया। आपातकाल विरोधी संघर्ष में एक लाख से भी ज्यादा स्वयंसेवक सत्याग्रह कर जेल गए। पहले उपहास फिर उपेक्षा और बाद में विरोध और संघर्ष भी करना पड़ा। इसके बाद समाज के बीच संगठन की स्वीकार्यता बढ़ी। विरोध व संघर्ष के काल में भी राष्ट्र पुनर्निमाण की प्रक्रिया सतत चलती रही। इस दौरान समय-समय पर जब भी देश व समाज पर संकट आया स्वयंसेवक उसके निदान में लगे।

संघ के स्वयंसेवकों का जीवन सेवामय ही होता है। स्वयंसेवक समाज के कष्ट देखते ही दौड़ पड़ते हैं। केवल आपदा के समय ही नहीं तो समाज के अभाव, पीड़ा व उपेक्षा को दूर करने के लिए अपनी शक्ति व सामार्थ्य से काम करते हैं। सन 1989 में संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार के जन्म शताब्दी देशभर में मनाई गई। उस समय बाला साहब देवरस ने कहा था कि संघ सेवाभावी व्यक्तियों का निर्माण करने वाला संगठन है। हमें अपने सेवा कार्यों को बढ़ाना है। संघ ने सेवा विभाग प्रारंभ किया। वर्तमान में स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से कुल 1,29,000 सेवा कार्य की गतिविधियां चल रही हैं। यदि हम संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर दृष्टि डालें तो स्पष्ट होता है कि संघ के स्वयंसेवकों ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्रों में सक्रिय योगदान दिया है। अनेक क्षेत्रों में वह परिवर्तन के वाहक भी बने हैं। विगत 100 वर्षों के इतिहास में ऐसे कई अवसर आए जब चक्रवात, तूफान, बाढ़, महामारी, भूकंप, अकाल तथा प्राकृतिक तथा मानवीय आपदाओं में संघ के स्वयंसेवकों ने सेवा कार्य के नए प्रतिमान गढ़े हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। 1925 में डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में इसकी स्थापना की थी। किसी भी संगठन के लिए सौ वर्षों की यात्रा विशेष महत्व रखती है।

## आमने




भाजपा सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने वर्षों तक पेट्रोल-डीजल चोरी कर जनता का नुकसान कराया। बेतिया की मेयर ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर पेट्रोल पंप के पेमेंट पर रोक लगाने को कहा था, क्योंकि बिल असल खपत से कहीं ज्यादा दिखाया गया था। **–प्रशांत किशोर**
जन सुराज के सूत्रधार

## सामने

पीके (प्रशांत किशोर) द्वारा लगाए गए सभी आरोप झूठे और बेबुनियाद हैं। यदि पीके सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते हैं, तो मैं उन पर क्रिमिनल केस के साथ-साथ 132 करोड़ 24 लाख रुपये का मानहानि का मुकदमा भी दायर करूंगा।
**–डॉ. संजय जायसवाल**
बीजेपी सांसद, बिहार



# राजस्थान: हर चौथी महिला पति-हिंसा की शिकार



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की हालिया जारी रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान में घरेलू हिंसा एक गंभीर समस्या बन चुकी है। यह न केवल शारीरिक बल्कि भावनात्मक और यौन उत्पीड़न के रूप में भी सामने आ रही है। रिपोर्ट कहती है कि प्रदेश में हर चौथी महिला पति से हिंसा का शिकार हो रही है। यह आंकड़े समाज की कड़वी सच्चाई को उजागर करते हैं, जिसमें पितृ सत्तात्मक संरचनाओं और सामाजिक दबावों के कारण महिलाओं को आवाज उठाने में मुश्किल होती है। रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान में 18 से 49 वर्ष की विवाहिताओं में से 26.3 फीसदी महिलाओं ने पति से शारीरिक, भावनात्मक या यौन हिंसा झेली है।

राजस्थान का आंकड़ा भले ही राष्ट्रीय औसत 31.9 फीसदी से बेहतर हो सकता है, लेकिन यह फिर भी घरेलू हिंसा की गंभीरता को उजागर करता है। इन आंकड़ों के जरिए यह स्पष्ट होता है कि घरेलू हिंसा केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से भी महिलाओं को प्रभावित कर रही है। विशेषज्ञों के मुताबिक, पितृ सत्तात्मक समाज, शिक्षा का निम्न स्तर, आर्थिक असमानता, पुरुषों में नशे की प्रवृत्ति और न्याय प्रणाली तक सीमित पहुंच जैसी समस्याएं घरेलू हिंसा के प्रमुख कारण हैं। इनकी वजह से महिलाएं अक्सर हिंसा का शिकार होती हैं और उनके पास अपनी सुरक्षा के लिए पर्याप्त साधन नहीं होते।

वहीं सामाजिक दबाव भी महिलाओं की चुप्पी का कारण बनता है। अक्सर परिवार और समाज के दबाव के चलते महिलाएं इस हिंसा को सहन करती हैं और खुलकर अपनी समस्या का समाधान नहीं ढूंढ पातीं। इससे उनकी मानसिक और शारीरिक सेहत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वहीं प्रदेश की राजधानी जयपुर ने भी घरेलू हिंसा के मामलों में चिंताजनक स्थिति पेश की है। पिछले कुछ वर्षों में घरेलू हिंसा की शिकायतों की संख्या में वृद्धि देखी गई है। महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र और वन स्टॉप सेंटर में 2020-21 से 2024-25 तक एक लाख से अधिक पीड़ित महिलाएं मदद के लिए पहुंची हैं, जिनमें सबसे ज्यादा महिलाएं जयपुर से हैं।

घरेलू हिंसा में न केवल शारीरिक प्रताड़ना, बल्कि भावनात्मक और मानसिक प्रताड़ना, मारपीट, घर से बाहर निकालने की धमकी और यौन उत्पीड़न जैसी शिकायतें शामिल हैं। जयपुर जिले में पिछले पांच वर्षों में करीब 14,000 से अधिक महिलाएं मदद के लिए महिला सुरक्षा केंद्र पहुंची हैं। अगर आंकड़ों की बात की जाए तो प्रदेश में वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक 72,152 औरतें महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्रों पर पहुंची। इन आंकड़ों को देखें तो हर साल महिला हिंसा की शिकार औरतों की संख्या में इजाफा हुआ है। इनमें साल 2020-21 में 5,898 महिलाएं, 2021-22 में 7,845 महिलाएं, 2022-23 में 9,089 महिलाएं, 2023-24 में 20,070 महिलाएं और साल 2024-25 में 29,250 महिलाएं सलाह केंद्रों पर पहुंची हैं।

अगर जिलेवार आंकड़ों की बात करें, तो जयपुर में पिछले पांच सालों में 14,102 महिलाएं मदद के लिए आईं। वहीं अजमेर में 4,372, कोटा में 4,246, अलवर में 3,090 और भीलवाड़ा में 3,008 महिलाओं ने घरेलू हिंसा के खिलाफ आवाज उठाई। असल में इस जागरुकता के पीछे सरकारी और निजी संस्थाओं के प्रयास शामिल हैं। वोग इंडिया ने 'लड़के रुलाते नहीं', महिलाओं के साथ हिंसा के खिलाफ जागरुकता फैलाने के लिए यह अभियान चलाया। वहीं वैश्विक मानवाधिकार संगठन ब्रेक थ्रू ने घरेलू हिंसा के खिलाफ 'बेल बजाओ' अभियान चलाया। इन अभियानों के सार्थक परिणाम सामने आए।


घरेलू हिंसा विवाह या सहवास जैसे रिश्तों के बाद एक साथी द्वारा दूसरे साथी के साथ शारीरिक, मानसिक या भावनात्मक दुर्व्यवहार को दर्शाती है। वहीं अंतरंग साथी हिंसा, जीवन साथी के साथ होने वाली हिंसा की श्रेणी में आती है। धारणा है कि घरेलू हिंसा विपरीत लिंगी या समलैंगिक रिश्तों में भी हो सकती है। शारीरिक, भावनात्मक, मौखिक, आर्थिक और यौन शोषण, जिसमें बलात्कारी संबंध और हिंसक शारीरिक शोषण शामिल हैं, हिंसा के प्रकार हैं। घरेलू हिंसा के कारण मानसिक और शारीरिक नुकसान या मौत भी हो सकती है। वैश्विक रूप से महिलाएं घरेलू हिंसा का शिकार अधिक होती हैं, लेकिन पुरुष भी शिकार हो सकते हैं। विकसित देशों में महिलाएं खुलकर शिकायत करती हैं, जबकि पुरुषों के साथ हिंसा की शिकायत कम होती है, क्योंकि इससे उन्हें कायर या पुरुषत्वहीन माना जाता है। कभी-कभी पुरुष या महिला दोनों ही आत्मरक्षा या प्रतिशोध के कारण हिंसा का शिकार होते हैं।

घरेलू हिंसा से बचाव के लिए सरकार ने कई कानून बनाए हैं। घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 को सरकार ने महिलाओं और बच्चों को घरेलू हिंसा से बचाने के लिए पारित किया है। अगर आप एक महिला हैं और आपके रिश्तेदारों में कोई आपके साथ दुर्व्यवहार करता है, तो आप इस अधिनियम के तहत पीड़ित मानी जाएंगी। वहीं मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम, 2017 से देश में मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना शुरू किया गया है, लेकिन इसे और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है।

नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की रिपोर्ट कहती है कि राजस्थान में हर चौथी महिला पति से हिंसा का शिकार हो रही है। यह आंकड़े हमारे समाज की कड़वी सच्चाई को उजागर करते हैं।

## सोशल फोरम

# कल्पना के हकीकत में बदल जाने का खतरा






ब्रह्मांड ज्ञान
फेसबुक

जेम्स कैमरून, जिन्होंने 1984 में मशहूर फिल्म The Terminator बनाई थी, ने एक बार फिर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence–AI) पर दुनिया भर में बहस छेड़ दी है। उन्होंने कहा, "मैंने 1984 में चेतावनी दी थी, लेकिन किसी ने सुनी नहीं।" उनकी फिल्म में दिखाया गया था कि कैसे स्वचालित (autonomous) मशीनें इंसानों पर हावी हो जाती हैं और मानव सभ्यता के लिए खतरा बन जाती हैं। उस समय यह सब एक काल्पनिक कहानी लगती थी, लेकिन आज AI की तेजी से बढ़ती क्षमताएं उसी कल्पना को हकीकत के करीब ले आती हैं।

आज की AI मॉडल्स प्रोग्रामिंग कोड लिख सकती हैं। तस्वीरें बना सकती हैं। बीमारियों का निदान कर सकती हैं और इंसानों की तरह बातचीत तक कर सकती हैं, वो भी लगभग पूरी तरह सही अंदाज में। कैमरून का कहना है कि AI के फायदे अविश्वसनीय हैं, लेकिन यह गलत हाथों में खतरनाक हथियार भी बन सकती है। जैसे- स्वचालित सैन्य ड्रोन (Autonomous Military Drones), या फिर ऐसी तकनीक जो गलत जानकारी (misinformation) फैलाकर लोकतंत्र को अस्थिर कर दे।

इससे मिलते-जुलते विचार एलन मस्क और Geoffrey Hinton (जिन्हें "AI का गॉडफादर" कहा जाता है) भी रखते हैं। वे भी बार-बार चेतावनी देते आए हैं कि AI पर सख्त नियम और निगरानी जरूरी है, ताकि यह हमेशा इंसानी नियंत्रण में रहे। सैन्य रणनीतिकार भी चिंतित हैं कि आने वाले समय में युद्ध AI आधारित हो सकते हैं, जहां मशीनें बिना नैतिक मूल्यों के यह तय करेंगी कि किसकी जान ली जाए और किसे बचाया जाए।

विडंबना यह है कि विज्ञान-फंतासी (Science Fiction) की फिल्में जैसे The Matrix हमें पहले ही इन खतरों के बारे में सोचने के लिए तैयार कर चुकी हैं।

## सामयिकी

# नौजवानों में बढ़ रहा है नाउम्मीदी से आक्रोश

दुनिया भर में बेरोजगारी एक बहुत बड़ा मुद्दा है। नेपाल का जेन ज़ी आंदोलन बहुत कुछ कहता है। भारत के विभिन्न राज्यों में आजकल युवा आंदोलनरत हैं, जिसके पीछे बेरोजगारी, परीक्षाओं में पेपर लीक, महिलाओं से दुरव्यवहार और हत्या जैसे कई अलग-अलग कारण हैं। बीते वर्षों में देश में बेरोजगारी की दर बढ़ी है। अर्थव्यवस्था के मजबूत होने की बात कही जाती है, लेकिन युवाओं में फैली बेरोजगारी से हम आंखें नहीं चुरा सकते। कोरोना के समय लाखों लोगों ने अपनी नौकरियां गंवाईं। आज कई कंपनियां कर्मचारियों की छंटनी कर रही हैं। 2024 को जैमिनी युग का नाम दिया गया था। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई के अनुसार यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीकी पर आधारित लैंग्वेज मॉडल है।



अमृता पांडे
लेखिका

विभिन्न संस्थाओं में इंजीनियरिंग के छात्रों की परीक्षाएं लगभग हो चुकी हैं। लगभग 15 लाख छात्र हर साल पास आउट होते हैं, पर नौकरी 1-1.5 फीसदी छात्रों को ही मिल पाती है। इकोनामिक टाइम्स के अनुसार, 26 सालों में नौकरियों में सबसे ज़्यादा कटौती हुई है। रेलवे, पुलिस, पोस्ट ऑफिस में ढेरों पद खाली हैं। ईपीएफ में जुड़ने वाले कर्मचारियों की संख्या बहुत कम है। कर्मचारियों पर काम का बोझ बहुत है और वे दूसरी नौकरी की तलाश में हैं। काम के घंटे बढ़ रहे हैं, जबकि मनोवैज्ञानिक काम के घंटों के बीच आराम की वकालत करते हैं। अंतर्राष्ट्रीय संगठन और मानव विकास संस्थान की इंडिया अपॉइंटमेंट रिपोर्ट-2024 के अनुसार देश में नियमित वेतन पाने वाले और स्वरोजगार में लगे लोगों की वास्तविक कमाई में पिछले एक दशक के दौरान गिरावट आई है। यह आकलन मुद्रा स्फीति की दर पर आधारित है। आईआईटी मुंबई के 36 प्रतिशत पास आउट हुए छात्रों को पिछले साल नौकरी नहीं मिली।

भारत ने वैश्विक परिदृश्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले देश के रूप में अपनी स्थिति बना ली है। अप्रवासी भारतीयों ने वर्ष 2022 में लगभग एक अरब अमेरिकी डॉलर भारत में भेजे। यह राशि 2021 में भेजी गई राशि की तुलना में 12% अधिक थी। H-1B वीजा शुरू होने के बाद हमारे युवाओं के लिए अमेरिका जाना एक सपना हो गया है। वहां की नस्लभेद नीति भी युवाओं को सोचने को मजबूर कर रही है। 2-3 साल पहले कोरोना के दंश से जूझती चीन की अर्थव्यवस्था को पछाड़ने की बात भी आई, पर हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि चीन एक साम्यवादी राष्ट्र है, इस व्यवस्था में आर्थिक वर्चस्व के निजी प्रतिमान ध्वस्त कर उत्पादन के साधनों पर समूचे समाज का स्वामित्व माना जाता है। चीन के साम्यवाद के उलट भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहां पर हर आदमी को आगे बढ़ने की स्वतंत्रता और अपनी योग्यता के अनुसार व्यवसाय चुनने की आजादी है, लेकिन स्याह पक्ष यह है कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी आज सभी को समान शिक्षा और रोजगार के अवसर नहीं मिल पाए हैं।

हमारे मध्य और उच्च मध्य वर्ग के युवाओं के लिए देश में रोजगार एक बहुत बड़ा मसला है। बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विस और इंश्योरेंस सेक्टर में जेन ज़ी की संख्या बीते दो वर्षों में लगभग दो गुनी हो गई है। 2023 में अगर यह 12% थी तो 2025 में 23 प्रतिशत हो गई है। बीटेक किए हुए छात्र भी, जिन्होंने चार साल डिग्री कोर्स किया है, इन क्षेत्रों में जा रहे हैं, क्योंकि नौकरी की मारामार है और आईटी सेक्टर में अनिश्चितता है। भारत की अधिकतर पीढ़ी बुढ़ापे की ओर अग्रसर है, इसलिए जेन ज़ी उम्मीद और चुनौतियों की पीढ़ी बनकर उभर रही है। आज समाज, राजनीति, शिक्षा, रोजगार और संस्कृति को प्रभावित करने में यह वर्ग निर्णायक भूमिका अदा कर रहा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# बुराई के पुतले जलाते चलो प्रेम की दुनिया बसाते चलो





रावण के पुतले का दहन न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि यह समाज के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक घटना भी है जो अच्छाई की बुराई पर विजय, व्यक्तिगत विकास और सामुदायिक एकता को बढ़ावा देती है। यह पर्व यह सिखाता है कि हमें अपने जीवन में अच्छाई का पालन करना चाहिए और बुराई से दूर रहना चाहिए। दशहरा भारत के प्रमुख त्योहारों में से एक है जो हर साल नवरात्रि के समापन पर मनाया जाता है। इस दिन रावण के पुतले का दहन एक महत्वपूर्ण परंपरा है । अगर हम इस प्रतीक और संकेत को समझें तो रावण को एक दुष्ट और अहंकारी राजा के रूप में चित्रित किया गया है, और उसका वध आत्मज्ञान और अहंकार के विनाश का प्रतीक है। रावण दहन धार्मिक दृष्टि से बेहद महत्व रखता है। यह भगवान राम के धर्म के प्रति अडिग रहने और न्याय की स्थापना के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। यह दिन श्रद्धालुओं को धर्म और कर्तव्यों के पालन की याद भी दिलाता है। दशहरा का मुख्य धार्मिक अर्थ भगवान राम द्वारा रावण का वध करना है। रावण ने माता सीता का अपहरण किया था और भगवान राम ने अपने भाई लक्ष्मण और वानर सेना की मदद से उसे हराया। साथ ही दशहरा को देवी दुर्गा की महिषासुर पर विजय के साथ भी जोड़ा जाता है। इस दिन देवी दुर्गा ने महिषासुर का वध किया, जो बुराई का प्रतीक था।

## तेजी से बनाए जा रहे पुतले

- रावण, कुंभकरण, मेघनाद के पुतलों को आकार देने का काम कारीगर तेजी से कर रहे हैं। कई रामलीलाओं में कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन भी हो चुका है। बाजार में पांच सौ रुपये से लेकर पांच हजार तक के पुतलों को आकार दिया गया है। कानपुर, प्रयागराज, लखनऊ, कन्नौज, इटावा, उन्नाव समेत कई शहरों में दूसरे प्रांतों से आए कारीगर सड़कों के किनारे पुतले बनाकर बेच रहे हैं तो रामलीलाओं में भी पुतलों को आकार दिया जा रहा है। बांस और कागज से बने ये पुतले जलने के साथ ही यह संदेश देते हैं कि बुराई के मार्ग पर चलने के बजाय सत्य के मार्ग पर चलें अन्यथा अंत बुरा होगा।







वैदिक विभूषण ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी

## रांची में कपड़े से बने रावण के पुतले का दहन

- ऐसा माना जाता है कि रावण के पुतले का दहन सबसे पहले रांची शहर में हुआ था जोकि पहले बिहार का हिस्सा था और अब झारखंड राज्य की राजधानी है। यहां 1948 में रावण के पुतले का दहन किया गया था। बंटवारे के बाद साल 1948 में पाकिस्तान से भारत आए कुछ शरणार्थी परिवारों ने रावण के पुतले का दहन करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया था। यहां पर शुरुआत में यह कार्यक्रम बहुत छोटे स्तर पर किया गया लेकिन बाद में इसे और ज्यादा भव्य रूप में किया जाने लगा। राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में पुतला दहन कार्यक्रम 17 अक्टूबर 1953 को किया गया था। इस रावण के पुतले को कागज या लकड़ी के बजाय कपड़ों की मदद से तैयार किया गया था।

## विजयदशमी पर क्या हैं परम्परा

### विजय का सूचक है पान



- दशहरा के दिन रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन करने के पश्चात पान का बीणा खाना सत्य की जीत की ख़ुशी को व्यक्त करता है। इस दिन हनुमानजी को बूंदी का भोग लगाने बाद उन्हें पान अर्पित करने की परंपरा है।

### नीलकंठ के दर्शन



- मान्यता है कि लंकापति रावण पर विजय पाने की कामना से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने पहले नीलकंठ पक्षी के दर्शन किए थे। नीलकंठ पक्षी को भगवान शिव का प्रतिनिधि माना गया है। दशहरा के दिन नीलकंठ के दर्शन और भगवान शिव से शुभफल की कामना की जाती है।

### शमी वृक्ष का दर्शन और पूजन



- दशहरा के दिन शमी वृक्ष का दर्शन व पूजन करना शुभ माना जाता है, जिससे शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है, धन-समृद्धि की प्राप्ति होती है । शनि दोष, साढ़े साती और ढैय्या से मुक्ति मिलती है।



### कानपुर और दशहरा

- कानपुर में रावण का एक ऐसा अनोखा मंदिर मौजूद है जिसके कपाट साल में एक बार खुलते हैं। विजय दशमी के दिन रावण की प्रतिमा का जलाभिषेक, श्रृंगार और पूजन होता है। साल 1868 में बने इस मंदिर में इस दिन भारी भीड़ होती है। विजय दशमी के दिन रावण के वध और दहन की परंपरा के बीच कानपुर में एक तरफ अलग-अलग स्थानों पर रावण दहन होता है तो शहर के इस प्रसिद्ध रावण के मंदिर में पूजा और श्रृंगार होता है। अंग्रेज लेखक विलियम हावर्ड रसेल ने वर्ष 1858-59 का समय भारत में बिताया था। इस दौरान उन्होंने कानपुर की भी यात्रा की। भारत में अपनी यात्रा के वृतांत पर उन्होंने डायरी तैयार की। वर्ष 1860 में इसको माई डायरी इन इंडिया के नाम से लंदन में रूटलेज, वार्न एंड रूटलेज ने प्रकाशित किया। इस पुस्तक में लेखक ने कानपुर की रामलीला व रावण के पुतला दहन का भी वर्णन किया है। उस समय होने वाली भीड़, विशालकाय रावण व भव्य सजावट, संगीत आदि का जिक्र है।

# ताम्रपत्र पर उकेरते तस्वीर, अब पद्मश्री के लिए प्रस्तावित किया नाम

हाथों से ताम्रपत्र पर तस्वीर उकेरने वाले कानपुर के शिवाला निवासी रणजीत सिंह का नाम जिलाधिकारी ने पद्मश्री सम्मान के लिए भेजा है। रणजीत सिंह अकेले शख्स हैं जो ताम्रपत्र पर हाथों से तस्वीर उकेरते हैं। हस्तशिल्पकारी उनको विरासत में मिली है। तांबा और जस्ता पर तस्वीर उकेरने का कार्य करने के शौकीन रणजीत सिंह के परिवार में पीढ़ियों से यह कार्य हो रहा है। उन्हें उम्मीद है कि पद्श्री सम्मान उन्हें जरूर मिलेगा। जब पता चला कि प्रशासन ने उनका नाम इस अवार्ड के लिए भेजा है तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। समाचार मिलते ही आंखें नम हो गई। उनका सपना है कि ताम्रपत्र की कला जिंदा रहे। इसके लिए वे निरंतर प्रयास भी कर रहे हैं। इसीलिए वह 82 साल की उम्र में भी युवाओं को हाथों से बनाई जाने वाली इस कला को सिखाते हैं।




## कई ऐतिहासिक इमारतों की तस्वीर भी बनाई

रणजीत सिंह बचपन में परिवार में आभूषण बनाने का कार्य देखते थे तो उन्हें भी तांबा, जस्ता पर तस्वीर बनाने की जिज्ञासा हुई। इस सपने को साकार करने में वे जुट गए और हाथों से तांबा और जस्ता पर तस्वीर उकेरने का काम सीखने में जुट गए। धीरे- धीरे वह इस कला में पारंगत हो गए। रणजीत सिंह को हिंदी के साथ पंजाबी, राजस्थानी व अंग्रेजी भाषा का भी ज्ञान है। शौक में ही अपनी कला को जीवित रखने के लिए वह तांबे और जस्ता पर अपने हाथों से कई ऐतिहासिक तस्वीरें वे उकेर चुके हैं। रणजीत सिंह ने ताम्रपत्र पर 1857 के स्वतंत्रता संग्राम , लखनऊ स्थित रूमी दरवाजा, उत्तर प्रदेश विधानसभा भवन, संसद भवन, आगरा के ताजमहल, कानपुर की ऐतिहासिक लाल इमली, बिठूर के ऐतिहासिक घाटों की तस्वीर भी बना चुके हैं। ग्रीन पार्क स्टेडियम में बनाई गई विजिटर गैलरी में लगी 24 क्रिकेटरों की तस्वीर, राष्ट्रपति महात्मा गांधी की दांडी यात्रा से जुड़ी तस्वीर भी ताम्रपत्र पर उकेर चुके हैं।

## पूर्व प्रधानमंत्रियों को भेंट कर चुके तस्वीर

वे तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, मनमोहन सिंह और एचडी देवगौड़ा की तस्वीर बनाने के साथ ही उन्हें भेंट भी कर चुके हैं। तत्कालीन रामनाथ कोविंद व प्रतिभा पाटिल को भी उनकी तस्वीरें भेंट कर चुके हैं। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर समेत कई खिलाड़ियों की तस्वीरें बनाई और उनसे मिलकर उन्हें दिया भी। इस कार्य के लिए उन्हें कई बड़े पुरस्कार भी मिल चुके हैं। वे चाहते हैं कि उनके द्वारा ताम्रपत्र पर बनाई गई श्रीराम मंदिर की तस्वीर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुद ही भेंट करें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को वे कानपुर में आयोजित एक सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर भेंट कर चुके हैं। वह मांग के अनुसार विभिन्न खेलों में विजेता के लिए मेडल भी बनाते हैं। मर्चेंट्स चैंबर, जीएसवीएम मेडिकल कालेज के स्वर्ण जयंती पर भी उन्होंने मेडल तैयार किए। आइआइटी कानपुर के दीक्षांत समारोह के लिए भी मेडल बना चुके हैं।



संत मिश्रा
व्यापारी नेता

## आसान नहीं होता चित्र बनाना

- रणजीत सिंह का कहना है कि यह कार्य बहुत आसान नहीं है। चित्र तैयार करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। मेहनत के साथ दिमाग भी लगाना पड़ता है। केमिकल की एक भी बूंद कम अथवा ज्यादा नहीं होनी चाहिए। अगर इसका संतुलन बिगड़ा तो पूरा ताम्रपत्र खराब हो जाएगा। एक तस्वीर बनाने में सात से आठ दिन का वक्त लगता है और 15000 हजार रुपये खर्च होता है। आगरा में रानी एलिजाबेथ उनके पिता स्व .बालकृष्ण ने उन्हें 3 इंच लंबा, 2 .5 इंच चौड़ा शीशा दिया था। इस पर मीना कारीगरी की गई थी।. शीशे के चारों ओर किनारे खुदाई करके उसमें हीरे लगाए गए थे।

## ये सम्मान मिले

- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने उन्हें हिन्दी साहित्य सम्मेलन में सम्मानित किया।
- उप्र हिन्दी साहित्य सम्मेलन की ओर से तत्कालीन राज्यपाल मोतीलाल वोरा ने उन्हें सम्मानित किया।
- अखिल भारतीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग 1989 धरशास्त्री ने सम्मान दिया।
- हिन्दी सेवा निधि के कार्यक्रम में सम्मानित किए जा चुके हैं।
- 2003 में यूपी कॉन रजत जयन्ती वर्ष पर उन्हें सेवा सम्मान दिया गया था।
- पूर्व विधानसभा अध्यक्ष केसरीनाथ त्रिपाठी ने उन्हें 2005 राष्ट्रीय भाषा हिन्दी सेवा सम्मान दिया।

# जैन धर्मावलंबियों का प्रमुख तीर्थस्थल सोनागिरि

जैन धर्म के प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक सोनागिरि सौ से अधिक भव्य जैन मंदिरों से सुशोभित है। यहां पर्यटक आध्यात्मिक शांति के साथ-साथ अद्भुत स्थापत्य कला और शांत वातावरण का अनुभव कर सकते हैं। मध्य प्रदेश के दतिया जिले में स्थित यह स्थल स्वर्ण पर्वत या गोल्डन पीक के नाम से प्रसिद्ध है। यह स्थान उन जैन धर्मावलंबियों के लिए के लिए एक अनूठा अनुभव प्रदान करता है जो शांतिपूर्ण वातावरण में आत्म-अनुशासन और मोक्ष प्राप्त करने की यात्रा करना चाहते हैं। यह हर दिन बड़े पैमाने पर श्रद्धालु आते हैं और दर्शन- पूजन करते हैं। जैन धर्म ही नहीं बल्कि हिंदू, सिख धर्म के लोग भी यहां भ्रमण करने के लिए आते हैं। सोनागिरि भौगोलिक रूप से बहुत बड़ा गांव नहीं है, पर जैन धर्म के पवित्र तीर्थस्थल की वजह से यह भारत ही नहीं पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। पहाड़ी पर बने मंदिरों का विशाल समूह न सिर्फ आध्यात्मिक, बल्कि पर्यटन के नजरिए से भी लोगों के लिए काफी अहम है। जैन धर्म के प्रमुख तीर्थस्थलों में सोनागिरी मंदिर का नाम आता है।



## चंद्रप्रभु प्रभु 17 बार यहां आए

सोनागिरी की मनोहारी पहाड़ी का प्राचीन नाम श्रवणगिरि या स्वर्णगिरि बताया जाता है। सोनागिरी पहाड़ी पर बने मंदिरों का निर्माणकाल नौवीं और दसवीं सदी का है। जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्र प्रभु यहां 17 बार आए थे। जैन अनुयायियों के अनुसार राजा नग और अनंग कुमार इसी पहाड़ी पर जीवन और मृत्यु के चक्र से मुक्त हुए थे। उन्होंने यहां मोक्ष की प्राप्ति होने की वजह से ही जैन धर्म के संत और अनुयायी मोक्ष और निर्वाण की तलाश में यहां आते हैं। यहां पहाड़ी पर 43 फीट ऊंचा एक महास्तम्भ स्थापित है। यहां नंदीश्वर द्वीप जिनायल भी है। इसका निर्माण आचार्य ज्ञानसागर महाराज की प्रेरणा से किया गया था।

## 132 एकड़ में बने हैं मंदिर

- सोनागिरी की प्राकृतिक छटा अद्भुत इसलिए दिखती है क्योंकि यहां जैन धर्म के भव्य मंदिरों की श्रृंखला है। यहां के मनोरम दृश्यों को देखने के बाद पर्यटक यहां घंटों नहीं बल्कि कई दिन तक रुकना चाहते हैं और यहां की वादियों को निहारना चाहते हैं। सुंदर मंदिरों का नजारा हर किसी का मन मोह लेता है। यहां स्थापित मंदिर 132 एकड़ क्षेत्रफल में फैले हुए हैं। यहां 57 नंबर वाले मंदिर को को ही मुख्य मंदिर माना जाता है। कहते हैं कि आचार्य शुभ चंद्र और भर्तृहरि ने यहां कठिन तपस्या की थी। इस मंदिर में आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्र प्रभु की मूलनायक प्रतिमा है। यह प्रतिमा 17 फीट ऊंची है। गर्भ गृह की छत पर शीशे की बेहतरीन नक्काशी की गई है। यह नक्काशी जब लोग देखते हैं तो अपलक निहारते रह जाते हैं। सभा कक्ष में तीर्थंकरों के नाम दीवार पर अंकित हैं।

## होली पर होता मेले का आयोजन

- इस पवित्र तीर्थ स्थल पर पांच दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। इस दौरान कई रथ यात्रायें निकाली जाती हैं। मंदिरों को सजाया जाता है। मेले में बड़ी संख्या में जैन धर्म के अनुयायी आते हैं। इस मंदिर के गर्भगृह में दो लेख देवनागरी लिपि में अंकित हैं। एक शिलालेख पर 1233 विक्रमी संवत अंकित है। सोनागिरी पहाड़ी की तलहटी में स्थित गांव भी मंदिर बने हुए हैं। मंदिरों के आसपास भी कई सुंदर कलाकृतियां हैं, जो आपका मन मोह लेंगी। पहाड़ी पर बने सभी मंदिर बहुत ही मनोरम हैं।



संजीव जैन
उद्यमी हैं एवं विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी हैं।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,267.62 | 24,611.10 |
| गिरावट | 97.32 | 23.80 |
| प्रतिशत में | 0.12 | 0.097 |

सोना : 1,19,500 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 1,50,500 प्रति किलो

अमृत विचार

बरेली, बुधवार, 1 अक्टूबर 2025

www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2545, राज श्री 1810, फ़ॉर्चून कि. 2220, रविन्द्रा 2525, फॉर्चुन 13केजी 1950, जय जवान 1960, सचिन 2020, सूरज 1960, अवसर 1880, उजाला 1920, गृहणी 13केजी 1880, क्लासिक (केजी) 2095, मोर 2160, चक्र टिन 2300, ब्लू 2110, आशीर्वाद मस्टर्ड 2410, स्वास्तिक 2500
**किराना (प्रतिकु.) :** हल्दी निजामाबाद 14000, जीरा 24000, लाल मिर्च 14000-17000, धनिया 9000-11000, अजवायान 13500-20000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 27000, (प्रतिकि0) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 300-400, मखाना 800-1100
**चावल (प्रति कु.) :** डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4950, शर्बती स्टीम 5100, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 7300, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1केजी,5 ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8100, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4300
**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12800-13500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली, 7250-7450 मलका दाल 7550-8900, मलका छांटी 7550, दाल उड़द बिलासपुर 8000-9000, मसूर दाल छोटी 9500-11200, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 9900, उड़द धोवा इंदौर 12800, उड़द धोवा 10000-11000, चना काला 7050, दाल चना 7450, दाल चना मोटी 7600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8200, चना अकोला 7200, डबरा 7200-9200, सच्चा हीरा 8600, मोटा हीरा 10700, अरहर गोला मोटा 7700, अरहर पटका मोटा 8100, अरहर कोरा मोटा 8600, अरहर पटका छोटा 9800-10300, अरहर कोरी छोटी 10300
**चीनी :** डालमियां 4480, पीलीभीत 4400, सितारगंज 4360, धामपुर 4480

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 5000, मसूरी- 2800 बासमती- 9000, परमल- 3200

दाल दलहन : काला चना- 7200, साबुत चना दाल- 7000, मूंग साबुत- 9100, राजमा- 12200-14500, दाल उड़द- 9000, साबुत मसूर दाल- 7300, मसूर दाल- 7000, उड़द साबुत- 8100 काबुली चना- 10100, अरहर दाल- 11000, लोबिया/करमानी- 9100

# भारत, ईएफटीए व्यापार समझौता आज से लागू

## समूह से 15 साल में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता मिली, सीमा शुल्क 10 वर्ष में चरणबद्ध होगा समाप्त

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौता बुधवार से लागू होगा। इसके तहत भारत को इस समूह से 15 साल में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता मिली है। इसके अलावा स्विजरलैंड की घड़ियों, चॉकलेट और कटे एवं पॉलिश किए गए हीरों जैसे कई उत्पादों पर कम या शून्य शुल्क की अनुमति दी गई है।

यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विजरलैंड हैं। इस समझौते पर 10 मार्च 2024 को हस्ताक्षर किए गए थे। घरेलू ग्राहकों को घड़ियां, चॉकलेट, बिस्कुट और घड़ियां जैसे उच्च-गुणवत्ता वाले स्विजरलैंड के उत्पाद कम कीमतों पर उपलब्ध होंगे क्योंकि भारत इस व्यापार समझौते के तहत इन वस्तुओं पर सीमा शुल्क को 10 वर्ष में चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर देगा। संघ ने 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। समझौते के कार्यान्वयन के बाद 10 वर्ष के भीतर 50 अरब अमेरिकी डॉलर तथा अगले पांच वर्ष में 50 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता है जिससे भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। यह भारत द्वारा अब तक हस्ताक्षरित किसी भी व्यापार समझौते में सहमत अपनी तरह की पहली प्रतिबद्धता है। इस समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापार एवं आर्थिक भागीदारी समझौता (टीईपीए) कहा जाता है। इसमें यह प्रावधान है कि यदि प्रस्तावित निवेश किसी कारणों से नहीं आता है तो भारत चारों देशों को दी जाने वाली शुल्क रियायतों को पुनः संतुलित या निलंबित कर सकता है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को दोहराया था कि टीईपीए एक अक्टूबर से लागू होगा। ईएफटीए देश यूरोपीय संघ (ईयू) का हिस्सा नहीं हैं। यह मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने और उसे तेज करने के लिए एक अंतर-सरकारी संगठन है। इसकी स्थापना उन देशों के लिए एक विकल्प के रूप में की गई थी जो यूरोपीय समुदाय में शामिल नहीं होना चाहते थे।



### चीन के कारखानों की गतिविधि में छठे महीने भी गिरावट

हांगकांग, 30 सितंबर (एपी) चीन के कारखानों की गतिविधि में सितंबर में लगातार छठे महीने गिरावट दर्ज की गई। आधिकारिक विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) अगस्त के 49.4 से बढ़कर सितंबर में 49.8 हो गया। हालांकि यह 0 से 100 के पैमाने पर संकुचन और विस्तार के बीच 50 के स्तर से नीचे बना रहा। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा संकुचन को दर्शाता है। क्रेडिट रिसर्च और रेटिंग स्टार्टअप रेटिंगडॉग द्वारा निजी क्षेत्र के पीएमआई सर्वेक्षण के अनुसार समग्र पीएमआई अगस्त के 50.5 से बढ़कर सितंबर में 51.2 हो गया। मिश्रित विनिर्माण आंकड़े लगातार सुस्त घरेलू मांग और अमेरिका के साथ व्यापार तनाव को लेकर अनिश्चितताओं को दर्शाते हैं।

### दिल्ली में सोना, चांदी के भाव नए शिखर पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतें नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, सोना 500 रुपये चढ़कर रिकॉर्ड 1.20 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। सोने का भाव सोमवार को 1,500 रुपये की तेजी के साथ 1,19,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। स्थानीय सर्राफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और यह 500 रुपये की तेजी के साथ 1,19,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। पिछले बाजार सत्र में इसकी कीमत 1,18,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। इसके अलावा मंगलवार को चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 1,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गई। सोमवार को यह 7,000 रुपये चढ़कर रिकॉर्ड 1,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी। वैश्विक स्तर पर, निवेशकों द्वारा ऊंचे स्तरों पर मुनाफावसूली के कारण सोने व चांदी की कीमतें रिकॉर्ड स्तर से नीचे आईं। सोने का हाजिर भाव 0.55 प्रतिशत फिसलकर 3,813.14 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। दिन के कारोबार में यह 3,871.72 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था। विदेशी बाजारों में चांदी का हाजिर भाव 1.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 46.22 डॉलर प्रति औंस रहा। मिराए एसेट शेयरखान के जिंस और मुद्रा मामलों के प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा, पीली धातु 3,871 डॉलर प्रति औंस के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वर्तमान में यह कुछ नुकसान के साथ 3,818 डॉलर प्रति औंस पर आ गई। इसका कारण कारोबारियों का ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली है।

# बाजार में आठवें दिन भी गिरावट, मौद्रिक समीक्षा से पहले निवेशक सतर्क

**मुंबई, एजेंसी**



विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने और नीतिगत ब्याज दर पर रिजर्व बैंक के फैसले से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार आठवें दिन भी गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स में 97 अंक और निफ्टी में 24 अंक की गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती बढ़त गंवाकर 97.32 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,267.62 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान इसने 80,677.82 के ऊपरी और 80,201.15 के निचले स्तर को भी छुआ। यह लगातार आठवां कारोबारी सत्र रहा जिसमें सेंसेक्स नुकसान के साथ बंद हुआ। इन आठ दिनों में सेंसेक्स कुल 2,746.34 अंक यानी 3.30 प्रतिशत टूट चुका है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 23.80 अंक यानी 0.10 प्रतिशत गिरकर 24,611.10 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के बीच मौद्रिक समीक्षा के फैसले से पहले घरेलू बाजार में सतर्क धारणा हावी रही। इसके अलावा वायदा अनुबंधों की मासिक समाप्ति का दिन भी होने से कारोबार सीमित रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति की द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक इस समय चल रही है। इस बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी बुधवार को दी जाएगी। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईटीसी, भारती एयरटेल, ट्रेंट, बजाज फिनसर्व, टाइटन और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई।

# निर्यात उत्पादों पर शुल्क, करों की वापसी योजना मार्च तक बढ़ाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार ने मंगलवार को 'निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों की वापसी' (आरओडीटीईपी) योजना को छह महीने के लिए बढ़ाकर 31 मार्च, 2026 तक कर दिया। निर्यातकों को राहत देने के लिए लाई गई यह योजना 30 सितंबर, 2025 को समाप्त होने वाली थी।

जनवरी, 2021 में शुरू हुई आरओडीटीईपी योजना के तहत निर्यातकों को उन करों, शुल्कों और उपकरों को वापस कर दिया जाता है जो विनिर्माण एवं वितरण प्रक्रिया के दौरान लगते हैं और केंद्र, राज्य




या स्थानीय स्तर पर अन्य किसी व्यवस्था से उनकी वापसी नहीं होती है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि घरेलू सीमा-शुल्क क्षेत्र के अलावा अग्रिम प्राधिकार धारकों, विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) और निर्यात-उन्मुख इकाइयों (ईओयू) को भी मार्च 2026 तक योजना का लाभ मिलता रहेगा।

## रिजर्व बैंक ने 6 सदस्यीय भुगतान नियामक बोर्ड का किया गठन

**मुंबई।** आरबीआई ने मंगलवार को देश में भुगतान प्रणालियों के कामकाज की निगरानी के लिए छह सदस्यीय भुगतान नियामक बोर्ड का गठन किया। इसमें केंद्र सरकार के तीन नामित सदस्य शामिल हैं। भुगतान नियामक बोर्ड (पीआरबी), भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड की एक समिति, भुगतान और निपटान प्रणाली विनियमन और पर्यवेक्षण बोर्ड (बीपीएसएस) का स्थान लेगा। इस बोर्ड के प्रमुख गवर्नर हैं। पांच सदस्यीय बीपीएसएस का नेतृत्व भी रिजर्व बैंक के गवर्नर करते थे, लेकिन इसमें कोई सरकारी नामित सदस्य शामिल नहीं है।

# वित्त वर्ष में 6.5% की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **एडीबी की रिपोर्ट, भारतीय निर्यात पर अमेरिकी शुल्क का प्रभाव विशेष रूप से दूसरी छमाही की संभावनाओं को कम करेगा**

एडीबी ने मंगलवार को कहा कि पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है क्योंकि भारतीय निर्यात पर अमेरिकी शुल्क का प्रभाव विशेष रूप से दूसरी छमाही की संभावनाओं को कम करेगा।

उल्लेखनीय है कि अप्रैल में जारी एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) में सात प्रतिशत की उच्च वृद्धि दर का अनुमान लगाया गया था। इसे भारत से आने वाले माल पर अमेरिका के 50



प्रतिशत शुल्क लगाए जाने की चिंता के कारण जुलाई की रिपोर्ट में घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया गया था। एडीओ सितंबर 2025 ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में बेहतर खपत और सरकारी व्यय के कारण सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई है, लेकिन भारतीय निर्यात पर अतिरिक्त अमेरिकी शुल्क से वृद्धि में कमी आएगी..खासकर वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही और वित्त वर्ष 2026-27 में.., हालांकि लचीली घरेलू मांग और सेवा निर्यात प्रभाव को कम कर देंगे। रिपोर्ट के अनुसार, शुल्क लागू होने के कारण निर्यात में कमी का असर वित्त वर्ष 2025-26 और 2026-27 दोनों में भारत के जीडीपी पर पड़ेगा। इसके परिणामस्वरूप शुद्ध निर्यात अप्रैल में पहले के अनुमान से अधिक तेजी से घटेगा। कहा कि कर राजस्व वृद्धि में कमी के कारण राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 4.4 प्रतिशत के बजट अनुमान से अधिक रहने की संभावना है। इसका आंशिक कारण जीएसटी में कटौती है जिसे मूल बजट में शामिल नहीं किया गया था जबकि व्यय के स्तर को बनाए रखने का अनुमान है जिससे घाटा बढ़ेगा। फिर भी घाटा वित्त वर्ष 2024-25 में दर्ज सकल घरेलू उत्पाद के 4.7 प्रतिशत से कम रहने का अनुमान है।




# तीनों सेनाओं का एकीकरण नीतिगत मामला नहीं

## रक्षा मंत्री बोले- अस्तित्व के लिए भी यह अहम, सेनाओं का तालमेल निर्णायक परिणाम देना जीवंत उदाहरण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रदर्शित एकीकृत, तत्क्षण अभियानगत समन्वय के साथ तीनों सेनाओं का तालमेल निर्णायक परिणाम देने का एक जीवंत उदाहरण है, और इसे भविष्य की सभी सैन्य कार्रवाइयों के लिए मानक बनना चाहिए।

एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में सिंह ने कहा कि किस प्रकार भारतीय वायु सेना की एकीकृत वायु कमान और नियंत्रण प्रणाली ने सेना की आकाशतीर वायु रक्षा प्रणाली और भारतीय नौसेना की त्रिगुण के साथ मिलकर काम किया और यह भारत और पाकिस्तान के बीच सात से 10 मई तक चले संघर्ष के दौरान संयुक्त अभियान की रीढ़ बना। तीनों सेनाओं के बीच तालमेल के महत्व को रेखांकित करते हुए रक्षा



मंत्री ने कहा कि एकजुटता का मार्ग संवाद, समझ और परंपराओं के प्रति सम्मान में निहित है। उन्होंने कहा कि सेनाओं को एक-दूसरे की चुनौतियों का सम्मान करते हुए एक साथ मिलकर नई प्रणालियां बनानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद तीनों सेनाओं के एकीकरण को और बढ़ावा देना है और यह न केवल नीतिगत मामला है, बल्कि तेजी से बदलते सुरक्षा माहौल में अस्तित्व का मामला भी है। सिंह ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, तीनों सेनाओं के तालमेल ने एक एकीकृत, तत्क्षण संचालन की तस्वीर तैयार की। इसने कमांडरों को समय पर निर्णय लेने, स्थितिजन्य जागरूकता बढ़ाने और अपने नुकसान के जोखिम को कम करने में सक्षम बनाया। यह निर्णायक परिणाम देने वाली एकजुटता का जीवंत उदाहरण है और यह सफलता भविष्य के सभी अभियानों के लिए एक मानक बननी चाहिए। सिंह भारतीय वायु सेना (आईएएफ) द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युद्ध के बदलते स्वरूप और पारंपरिक तथा गैर-पारंपरिक खतरों के जटिल अंतर्संबंध के कारण, संयुक्तता एक विकल्प के बजाय एक प्रमुख अभियानगत आवश्यकता बन गई है। रक्षा मंत्री ने कहा, आज संयुक्तता हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा और अभियानगत प्रभावशीलता के लिए एक मूलभूत आवश्यकता बन गई है।

### सेना कमांडर ने लद्दाख में सैनिकों की अभियानगत तैयारियों की समीक्षा की

**लेह।** उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के विभिन्न अग्रिम इलाकों का दौरा कर अभियानगत तैयारियों का जायजा लिया। सेना ने यह जानकारी दी। लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा 27 सितंबर को लेह पहुंचे थे उन्होंने वहां तैनात सैनिकों के ऊंचे मनोबल और दृढ़ प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। सेना की उत्तरी कमान ने सोमवार देर रात एक पोस्ट में कहा, लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने सियाचिन ब्रिगेड, पूर्वी लद्दाख में तैनात इकाईयों और कारकोरम दर्रे का दौरा किया और अभियानगत तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी सैन्यकर्मियों के ऊंचे मनोबल और दृढ़ प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। सेना ने कहा कि शर्मा ने सियाचिन बेस कैंप में राष्ट्रीय ध्वज प्रश्नोत्तरी विजेताओं से बातचीत की और उनकी राष्ट्रीय भावना और समर्पण की सराहना की। उन्होंने सियाचिन बेस कैंप में 7000 मीटर से अधिक ऊंची एक अत्यंत चुनौतीपूर्ण चोटी के लिए पर्वतारोहण अभियान को भी हरी झंडी दिखाई और उनकी अदम्य भावना तथा पर्वतारोहण में एक नया मानदंड स्थापित करने के लिए उनकी सराहना की। लेफ्टिनेंट जनरल शर्मा ने 27 सितंबर को लद्दाख के उपराज्यपाल कवींद्र गुप्ता से मुलाकात की और हिंसा प्रभावित लेह शहर की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की।

## राज्य के दर्जे के मुद्दे पर विभाजनकारी राजनीति कर रही नेकां: भाजपा

**श्रीनगर।** भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला पर राज्य के मुद्दे पर विभाजनकारी राजनीति को फिर से हवा देने का आरोप लगाया और कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस अब खोखले नारे और पुरानी बातों से लोगों को भड़का नहीं सकती। भाजपा ने कहा कि देश के नेतृत्व ने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया है और सही समय पर इसे पूरा किया जाएगा। यह बयान सोमवार को गांदरबल में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की उस टिप्पणी के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि लोग राज्य का दर्जा बहाल करने की अपनी मांग को लेकर धैर्य बनाए हुए हैं, लेकिन इसका फायदा नहीं उठाया जाना चाहिए। भाजपा नेता अल्ताफ ठाकुर ने एक बयान में कहा, जम्मू-कश्मीर न तो बांग्लादेश है और न ही नेपाल और उसे खोखले नारों और पुराने ढर्रे की बातों के आधार पर भड़काया नहीं जा सकता।

# मोदी ने दुर्गा पूजा पंडाल में देवी की अराधना की



दिल्ली के सीआर पार्क में दुर्गा पूजा पंडाल में प्रार्थना करते प्रधानमंत्री मोदी।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **महाअष्टमी के अवसर पर दिल्ली के सीआर पार्क पंडाल में पहुंचे**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को महाअष्टमी के अवसर पर दक्षिणी दिल्ली के सीआर पार्क में दुर्गा पूजा पंडाल का दौरा किया और मंत्रोच्चार के बीच देवी की अराधना की।

प्रधानमंत्री ने क्षेत्र के प्रतिष्ठित काली बाड़ी में आरती भी की और पारंपरिक बंगाली संस्कृति के अनुसार आयोजित समारोह में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के मद्देनजर दक्षिण दिल्ली के इलाकों में भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी और कई मार्गों को लेकर यातयात परामर्श जारी किये गए थे।

## आरएसएस के शताब्दी समारोह में सिक्का व डाक टिकट जारी करेंगे प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी समारोह के तहत आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे और इस मौके पर विशेष रूप से डिजाइन किया गया एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे, जिसमें राष्ट्र के प्रति संगठन के योगदान को दर्शाया जाएगा।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मोदी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे और मौजूद लोगों को संबोधित करेंगे। इसके मुताबिक वर्ष 1925 में नागपुर में केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित आरएसएस की स्थापना एक स्वयंसेवक-आधारित संगठन के रूप में की गई थी, जिसका उद्देश्य नागरिकों में सांस्कृतिक जागरूकता, अनुशासन, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देना था।

# सुनवाई से मना करने वाले जज से सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **आपराधिक मामले में अधिकार क्षेत्र का हवाला देकर नहीं की थी सुनवाई**
- **संबंधित जिला न्यायाधीश को निर्देश सुनवाई अदालत से स्पष्टीकरण मांगें**

शीर्ष कोर्ट ने निचली अदालत के एक न्यायाधीश के प्रति नाराजगी जताई है, जिन्होंने एक आपराधिक मामले में इस आधार पर अधिकार क्षेत्र का हवाला देकर सुनवाई से इनकार किया कि शीर्ष अदालत द्वारा मामले के निपटारे के लिए निर्धारित समय बीत चुका था।

न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने कहा कि 18 जनवरी, 2024 को शीर्ष अदालत ने एक आपराधिक अपील का निपटारा करते हुए पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना के अलीपुर में एक न्यायिक मजिस्ट्रेट को चार सप्ताह के भीतर मामले का निपटारा करने का निर्देश दिया था। हालांकि, सुनवाई अदालत के न्यायाधीश ने 19 मार्च, 2024 को पारित आदेश में निर्धारित अवधि के भीतर मामले का निपटारा करने में असमर्थता जताते हुए इसे



अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर का मामला बताया। पीठ ने न्यायाधीश के फैसले पर अपनी नाराजगी व्यक्त की और कहा, हमें यह देखकर दुख हुआ है कि न्यायाधीश ने किस तरह से आदेश पारित किया। यदि किसी कारण से न्यायाधीश इस अदालत द्वारा निर्धारित समय अवधि के भीतर मामले का निपटारा करने में सक्षम नहीं थे, तो उनके पास समय बढ़ाने का आग्रह करने का मौका था, लेकिन वह यह नहीं कह सकते कि उनका अधिकार क्षेत्र खत्म हो गया है क्योंकि दी गई समय सीमा बीत चुकी है। शीर्ष अदालत ने संबंधित जिला न्यायाधीश को निर्देश दिया कि वह सुनवाई अदालत के न्यायाधीश से स्पष्टीकरण मांगें और एक महीने के भीतर इस बारे में रिपोर्ट दें। पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा, उन्हें (न्यायिक मजिस्ट्रेट को) यह बताना होगा कि क्यों और किन परिस्थितियों में उन्होंने रिपोर्ट दी है कि इस मामले पर उनका अधिकार क्षेत्र खत्म हो गया और वह इस मामले में आगे कोई कार्यवाही नहीं करेंगे।

### जमानत आदेशों में गंभीर खामियों पर जजों को प्रशिक्षण के निर्देश

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने एक दुर्लभ आदेश में 1.9 करोड़ के धोखाधड़ी मामले में जमानत आदेशों में गंभीर खामियों को रेखांकित करने के बाद दो न्यायिक अधिकारियों को दिल्ली न्यायिक अकादमी में सात दिन के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण प्राप्त करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने आरोपी दंपति शिक्षा राठौर और उनके पति के पक्ष में दिए गए जमानत आदेशों के खिलाफ मेसर्स नेटसिटी सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड की अपील को स्वीकार करते हुए अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) और सत्र न्यायाधीश को अकादमी में प्रशिक्षण दिए जाने का आदेश पारित किया। एसीएमएम द्वारा दी गई जमानत को रद्द करते हुए पीठ ने 25 सितंबर के अपने फैसले में आरोपी को दो सप्ताह के भीतर निचली अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने को कहा। बाद में सत्र न्यायालय और दिल्ली हाईकोर्ट ने भी जमानत खारिज करने के फैसले को बरकरार रखा था। फैसला लिखने वाले न्यायमूर्ति अमानुल्लाह ने कहा, हम अपने कर्तव्य में विफल होंगे यदि आंखें मूंद लें कि एसीएमएम ने किस तरह से आरोपियों को जमानत दी वसत्र न्यायाधीश ने हस्तक्षेप से इनकार कर दिया।

## सरकार ने रैली के दौरान नियमों की अनदेखी के वीडियो किए जारी

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने अभिनय से राजनीति में आए विजय की करूर रैली में नियमों का उल्लंघन दर्शाने वाले वीडियो मंगलवार को जारी किए। राज्य सरकार ने दावा किया कि रैली में अनुमानित भीड़ से दोगुनी संख्या में लोग एकत्र हुए जिससे काफी कठिनाइयां हुईं।

आधिकारिक प्रवक्ता और आईएएस के वरिष्ठ अधिकारी पी अमुथा, स्वास्थ्य सचिव सेंथिल कुमार, एडीजीपी कानून और व्यवस्था एस डेविडसन देवसिरवथम के नेतृत्व में एक टीम ने सचिवालय में राज्य सरकार के रुख के समर्थन में वीडियो और तस्वीरों की एक श्रृंखला जारी की। इन वीडियो में तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) कार्यकर्ताओं द्वारा मानदंडों का उल्लंघन दिखाया गया है, जो नमक्कल और करूर में छतों पर चढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# मानसून के बाद सामान्य से अधिक वर्षा की संभावना : आईएमडी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **देश में सामान्य से आठ प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई**

उत्तर-पश्चिम के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर भारत के अधिकांश भागों में अक्टूबर से दिसंबर के मानसून-पश्चात मौसम के दौरान सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। यह जानकारी भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को दी। चार महीने का दक्षिण-पश्चिम मानसून मौसम मंगलवार को समाप्त हो गया, जिसमें देश में सामान्य से आठ प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई।

आईएमडी महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अक्टूबर-दिसंबर की अवधि में अधिकांश क्षेत्रों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की उम्मीद है, जबकि उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से लेकर सामान्य से कम वर्षा हो सकती है। उन्होंने कहा कि जून-सितंबर के दौरान हुई भरपूर बारिश के बाद, अक्टूबर में वर्षा सामान्य से 15 प्रतिशत अधिक होने की उम्मीद है। महापात्र ने कहा, अक्टूबर में उत्तरी मैदानी इलाकों, मध्य और प्रायद्वीपीय भारत में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रहने की उम्मीद है। जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और गुजरात के सौराष्ट्र एवं कच्छ क्षेत्रों में तापमान सामान्य से अधिक रहेगा।'' भारत में इस मानसून के दौरान 868.6 मिलीमीटर की सामान्य बारिश की तुलना में 937.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जो आठ प्रतिशत अधिक है। पूर्वी और उत्तरपूर्व भारत में 1089.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य बारिश 1367.3 मिमी से 20 प्रतिशत कम है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ब्रिटेन : गांधी प्रतिमा को क्षति पहुंचाने की जांच

**लंदन।** ब्रिटेन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने मंगलवार को कहा कि उसने लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर में महात्मा गांधी की प्रतिमा को पहुंचाई गई क्षति की जांच शुरू कर दी है और पुलिस इसे नस्लीय विद्वेष से जुड़ा अपराध मान रही है। पुलिस ने कहा कि उसे रविवार शाम को प्रतिष्ठित प्रतिमा के पास बुलाया गया था, क्योंकि ऐसी खबरें आई थीं कि प्रतिमा के चबूतरे पर विचलित करने वाले भित्तिचित्रों से उसे विरुपित किया गया है, जिसकी लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग ने हिंसक हमला करार देते हुए निंदा की है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एक बयान में कहा गया है, हमने टैविस्टॉक स्क्वायर गार्डन में महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षति पहुंचाने की रिपोर्ट की जांच शुरू कर दी है।

### पाकिस्तान ने किया क्रूज मिसाइल का परीक्षण

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने मंगलवार को देश में ही विकसित क्रूज मिसाइल 'फतह-4' का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। यह मिसाइल 750 किलोमीटर तक के लक्ष्य को भेद सकती है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि 750 किलोमीटर की दूरी तक मार करने वाली मिसाइल का प्रक्षेपण किया गया है। अत्याधुनिक उपकरणों से लैस यह हथियार प्रणाली, दुश्मन की मिसाइल रक्षा प्रणाली को चकमा देने और उच्च परिशुद्धता के साथ लक्ष्य पर निशाना साधने में सक्षम है।

### संयुक्त राष्ट्र महासभा की आम बहस संपन्न

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र की आम बहस सोमवार को संपन्न हो गई। महासभा की अध्यक्ष एनालेना बैरबॉक ने समापन भाषण में कहा कि आम बहस में संयुक्त राष्ट्र के189 सदस्य देशों ने भाषण दिया जिनमें 124 राष्ट्राध्यक्ष एवं शासनाध्यक्ष थे। उन्होंने कहा, इस सप्ताह के शुरू में हमने संयुक्त राष्ट्र को कूटनीति एवं संवाद का केंद्र कहा था। यह एक ऐसा स्थान है जहां हम चुनौतीपूर्ण समय के दौरान कठिन बातचीत करने के लिए एकत्रित होते हैं।

### मध्य फिलीपींस में 6.7 तीव्रता का भूकंप

**मनीला।** मध्य फिलीपींस में मंगलवार रात 6.7 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके कारण लोग घरों से बाहर निकल गए। भूकंप से एक पत्थर का गिरजाघर क्षतिग्रस्त हो गया और कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हुई। भूकंप का केंद्र सेबू प्रांत के बोगो शहर से 17 किमी उत्तर-पूर्व में था। सेबू प्रांत के दानबांतायन कस्बे में बिजली आपूर्ति बाधित हुई, जहां पत्थर का गिरजाघर स्थित है। फिलीपींस दुनिया के सबसे अधिक आपदा संभावित देशों में से है। यह प्रशांत महासागर के "रिंग ऑफ फायर" यानी भूकंपीय भ्रंश रेखाओं के घेरे में आता है। यहां हर साल तूफान और चक्रवात भी आते हैं।

# नैतिकता अभियान: तालिबान ने पूरे देश में बंद किया इंटरनेट

- **सत्ता पर काबिज होने के बाद की अपनी तरह की पहली कार्रवाई**

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

अफगानिस्तान में सोमवार को इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, अनैतिकता पर तालिबान की कार्रवाई के मद्देनजर इंटरनेट सेवाओं को संभावित रूप से देशव्यापी स्तर पर बंद कर दिया गया है।

तालिबान के अगस्त 2021 में सत्ता पर काबिज होने के बाद यह पहली बार है जब अफगानिस्तान में इस तरह की बंद की कोई कार्रवाई हुई है। इस महीने की शुरुआत में तालिबान नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा द्वारा अनैतिकता को रोकने के लिए इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी करने के बाद कई प्रांतों के 'फाइबर-ऑप्टिक कनेक्शन' बंद हो गए। इंटरनेट के इस्तेमाल, उस तक पहुंच का समर्थन करने वाले संगठन 'नेटब्लॉक्स' ने बताया कि इंटरनेट के इस्तेमाल के संबंध में मौजूदा वास्तविक जानकारी के अनुसार अफगानिस्तान में 'कनेक्टिविटी' सामान्य स्तर के 14 प्रतिशत तक गिर गई और देशभर में टेलीकॉम सेवाओं में लगभग पूर्ण व्यवधान देखा जा रहा है। संगठन ने कहा, यह कार्रवाई बाहरी दुनिया से संपर्क करने की जनता की क्षमता को गंभीर रूप से सीमित कर सकती है।

## लगातार बढ़ती जलवायु चुनौतियों पर

# अमेरिका की गैरजिम्मेदारी

जलवायु परिवर्तन दुनिया की बड़ी चुनौतियों में से एक है। जलवायु परिवर्तन की वजह से ही दुनिया में बाढ़, सूखा, जंगल की आग और समुद्र का जल स्तर बढ़ने जैसी चुनौतिया लगातार बढ़ रही हैं, जिनका प्रमुख कारण ऐसी मानवीय गतिविधियां हैं जिनकी वजह से ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन बढ़ रहा है। इन समस्याओं की वजह से भविष्य में अत्यधिक गर्मी के साथ बीमारियों के फैलने का खतरा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दुनिया भर के देश पेरिस समझौते जैसे समझौतों के जरिए उत्सर्जन कम करने और नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने के प्रयास कर रहे हैं लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पेरिस समझौते से अमेरिका को अलग कर लिया है। उन्होंने जलवायु खतरों को सबसे बड़ा धोखा करार दिया है। उनका कहना है कि यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए नुकसानदायक है।

### प्रमुख जलवायु चुनौतियां

- चरम मौसम : बाढ़, सूखा, अत्यधिक गर्मी जंगल की आग जैसी घटनाओं का बढ़ना।
- ग्लोबल वार्मिंग : पृथ्वी के तापमान के साथ महासागर का तापमान बढ़ रहा है, इससे तूफानों की तीव्रता बढ़ी है।
- समुद्र स्तर वृद्धि : ग्लेशियरों के पिघलने से समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है, तटीय इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ा।
- खाद्य सुरक्षा संकट : फसलें, पशुधन व मत्स्य पालन प्रभावित, इससे भुखमरी और कुपोषण बढ़ने की आशंका।
- संक्रामक रोग : बदलते मौसम और बढ़ते तापमान से मच्छर जनित मलेरिया जैसी बीमारियों का प्रसार बढ़ना।

### अनुचित मानवीय गतिविधियां

- कोयला, तेल, गैस जैसे जीवाश्म ईंधन, वन कटान और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से वायुमंडल में तापमान बढ़ना।
- वन और महासागर कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने वाले प्राकृतिक स्रोत जिनकी क्षमता कम होना।



### भविष्य के अनुमान

- वैज्ञानिकों के मुताबिक उत्सर्जन पर रोक नहीं लगी तो आने वाले वर्षों में पृथ्वी का तापमान काफी बढ़ जाएगा।
- भविष्य में लू, बाढ़ और तूफानों जैसी चरम मौसम की घटनाएं बढ़ने के साथ और अधिक गंभीर हो जाएंगी।
- बढ़ते तापमान और मौसम की विषमताओं के कारण दुनिया में जल और खाद्य संसाधनों की कमी हो सकती है।
- विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान होगा, कुछ जगह मानव अस्तित्व पर भी खतरे की आशंका।

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कोशिशें

- पेरिस समझौता : कई देशों ने ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन से लड़ने को साथ मिलकर काम करने का संकल्प लिया है।
- नवीकरणीय ऊर्जा : कई देश सौर और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिससे जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम की जा सके।
- कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण की कोशिश, उत्सर्जन को कम करने और वनों को बचाने जैसे कार्बन पृथक्करण बढ़ाने के लिए देशों में नीतियां बनाई जा रही हैं।
- विकसित देशों की ओर से विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन की समस्याओं से निपटने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने की हामी भरी गई है।

### अमेरिका के पीछे हटने के नतीजे

- अमेरिका खुद सबसे बड़ा उत्सर्जक, पीछे हटने वैश्विक उत्सर्जन में कमी का लक्ष्य प्राप्त करना कठिन।
- जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर वैश्विक नेतृत्व कमजोर हो जाएगा, अन्य देश भी अनुसरण कर सकते हैं।
- अमेरिका को बढ़ते हरित ऊर्जा बाजार में अवसरों से वंचित होना पड़ सकता है, चीन लाभ उठा सकता है।
- अंतरराष्ट्रीय सहयोग की विश्वसनीयता पर नकारात्मक प्रभाव, अन्य वैश्विक चुनौतियों से निपटने में बाधा संभव।

# गाजा युद्ध खत्म करने के लिए ट्रंप की 20 सूत्री योजना, नेतन्याहू भी सहमत

## हमास के निरस्त्रीकरण और सभी बंधकों की रिहाई योजना के प्रमुख प्रस्ताव

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को वाशिंगटन में गाजा युद्ध को समाप्त करने के लिए 20 सूत्री योजना की घोषणा की। इस योजना में 72 घंटों के भीतर सभी बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के साथ हमास के निरस्त्रीकरण और गाजा पट्टी के लिए एक परिवर्ती शासी निकाय स्थापित करना प्रमुख बिंदु हैं।

दोनों नेताओं ने व्हाइट हाउस में एक साथ खड़े होकर गाजा में 724 दिनों से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से अमेरिकी शांति योजना पर इजराइल की सहमति की घोषणा की। हालांकि कहा जा रहा है कि यह अभी भी अनिश्चित है कि हमास जो वार्ता में शामिल नहीं था, वह इन शर्तों को स्वीकार करेगा या नहीं। ट्रंप ने 20 सूत्री प्रस्ताव रखा जिसे उन्होंने शांति के लिए ऐतिहासिक दिन करार दिया, साथ ही तत्काल युद्ध विराम और इजराइल की औपचारिक स्वीकृति के 72 घंटों के भीतर शेष सभी बंधकों की रिहाई का वादा किया। इस योजना में चरणबद्ध तरीके से इजराइल की वापसी, हमास का निरस्त्रीकरण, सैकड़ों फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई और ट्रंप की अध्यक्षता में गाजा के लिए एक अस्थाई अंतरराष्ट्रीय शासी निकाय की स्थापनाकी बात की गई है जिसमें पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर भी शामिल होंगे।



व्हाइट हाउस में बेंजामिन नेतन्याहू के साथ ट्रंप ने की योजना की घोषणा।

### अमेरिकी राष्ट्रपति की योजना के प्रमुख बिंदु

- गाजा को कट्टरपंथ से मुक्त और आतंकवाद मुक्त क्षेत्र बनाया जाएगा जो अपने पड़ोसियों के लिए खतरा न हो। गाजा का पुनर्निर्माण वहां के नागरिकों के हित में किया जाएगा।
- युद्ध तत्काल समाप्त होगा, इजराइली सेना पीछे हटेगी, 72 घंटे के भीतर जीवित और मृत सभी बंधकों को वापस किया जाएगा। इस दौरान सभी सैन्य गतिविधियां स्थगित रहेंगी।
- इजराइल उम्रकैद की सजा काट रहे 250 कैदियों और 1700 गाजावासियों को रिहा करेगा, जिनमें महिलाएं-बच्चे शामिल होंगे। दोनों ओर से के शव भी लौटाए जाएंगे।
- जो हमास सदस्य शांतिपूर्ण सहअस्तित्व को स्वीकार करेंगे और अपने हथियार त्यागेंगे, उन्हें माफी दी जाएगी। जो सदस्य गाजा छोड़ना चाहेंगे, उन्हें सुरक्षित निकासी दी जाएगी।
- गाजा में तुरंत पूर्ण मानवीय सहायता भेजी जाएगी, जिसका वितरण अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की निगरानी में होगा। इसमें आधारभूत ढांचे का पुनर्निर्माण भी शामिल होगा।
- गाजा का प्रशासन एक अस्थाई, तकनीकी और गैरराजनीतिक फिलिस्तीनी समिति को सौंपा जाएगा, जिसकी निगरानी बोर्ड ऑफ पीस करेगा। निकाय के अध्यक्ष ट्रंप होंगे।
- गाजा के पुनर्निर्माण और आर्थिक विकास के लिए योजना बनाई जाएगी, जिसमें पश्चिम एशिया की आधुनिक शहर परियोजनाओं में योगदान देने वाले विशेषज्ञ शामिल होंगे।
- विशेष आर्थिक क्षेत्र की स्थापना जिसमें व्यापारिक रियायतें और विशेष शुल्क दरें निर्धारित की जाएंगी। किसी को गाजा छोड़ने या रहने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा।
- हमास और अन्य गुटों को गाजा के शासन में भागीदारी की अनुमति नहीं होगी। पूरे क्षेत्र का पूर्ण निरस्त्रीकरण स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों की निगरानी में किया जाएगा।
- अमेरिका अरब देशों और अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ मिलकर गाजा में अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल तैनात करेगा जो स्थानीय फिलिस्तीनी पुलिस बलों को प्रशिक्षित करेगा।
- इजराइल गाजा पर कब्ज़ा नहीं करेगा और न ही उसे अपना हिस्सा बनाएगा। इजराइली रक्षा बल चरणबद्ध रूप से क्षेत्र से हटेंगे, सिर्फ सीमावर्ती इलाके नियंत्रण में रहेंगे।

### हमास ने योजना न मानी तो इजराइल खुद पूरा करेगा काम : नेतन्याहू

प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने योजना पर इजराइल के समर्थन की पुष्टि की और इस समझौते को अपनी सरकार के युद्ध उद्देश्यों से जोड़ा। उन्होंने कहा कि योजना हमारे सभी उद्देश्यों को प्राप्त करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि हमास से उसका राजनीतिक नियंत्रण एवं सैन्य क्षमता छीन ली जाएगी। नेतन्याहू ने चेतावनी दी, अगर हमास ट्रंप की योजना को अस्वीकार कर देता है या अगर इसे स्वीकार करने के बाद इसका विरोध करने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं तो इजराइल खुद ही काम पूरा कर लेगा। यह आसान तरीके से किया जा सकता है या कठिन तरीके से लेकिन यह किया जाएगा।

### हमास ने कहा- ट्रंप की योजना पर गौर करने के बाद जवाब देंगे

**यरूशलम।** हमास ने मंगलवार को कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा शांति योजना पर विचार करके प्रतिक्रिया देगा। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पहले ही योजना का समर्थन कर चुके हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि हमास इस योजना पर सहमत होगा या नहीं। इस बीच इजराइल के विदेश मंत्री गिडियन सार ने कहा है कि उनके देश ने ट्रंप की योजना को स्वीकार कर लिया है और अब हमास को अपना रुख बताना है। सार ने सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड में कहा, अब हम यह देखेंगे कि हमास ट्रंप की योजना स्वीकार करता है या नहीं।

# इंडोनेशिया: इस्लामिक स्कूल की इमारत ढही तीन छात्रों की मौत, 100 से ज्यादा हुए घायल

- **कई छात्र मलबे में दबे, मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका**

**सिदोअर्जो, एजेंसी**

इंडोनेशिया के सिदोअर्जो में इस्लामिक स्कूल की इमारत ढहने से तीन छात्रों की मौत हो गई और 100 से अधिक छात्र घायल हो गए जबकि कई के मलबे में दबे होने की आशंका है।

अधिकारियों ने बताया कि सिदोअर्जो के ईस्ट जावा कस्बे में इस्लामिक स्कूल 'अल खोजिनी इस्लामिक बोर्डिंग स्कूल' की इमारत ढहने की सूचना मिलने के बाद बचावकर्मी, पुलिस एवं सैन्यकर्मी पूरी रात राहत एवं बचावकार्य में जुटे रहे। स्कूल की इमारत जर्जर हालत में थी। बचावकर्मियों को इस दौरान और शव भी दिखे, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। उन्होंने बताया कि घटना के 12 घंटे से भी अधिक समय बाद भी मंगलवार को छात्रों को बाहर निकालने के प्रयास जारी रहे और बचावकर्मियों ने छात्रों तक ऑक्सीजन एवं पानी पहुंचाया।



स्कूल की इमारत के मलबे में दबे छात्रों की तलाश करते बचाव दल।

अधिकारियों ने बताया कि घटना में तीन छात्रों की मौत हुई है और 10 से अधिक घायल हो गए तथा कई अन्य के अब भी मलबे में दबे होने की आशंका है। बचाव अभियान सुबह 10 बजकर 15 मिनट पर अस्थायी रूप से रोक दिया गया था क्योंकि ढह चुके ढांचे में अचानक कंपन महसूस हुआ था। लोग तुरंत अपनी जान बचाने के लिए भागे, क्योंकि उन्हें इमारत के मलबे के गिरने की आशंका थी। बचावकर्मियों ने इलाके में मौजूद सभी लोगों से इमारत से दूर रहने की अपील की, जिनमें घटनास्थल के पास खड़ी 12 से अधिक एंबुलेंस भी शामिल थीं। अपराह्न करीब एक बजकर 45 मिनट पर बचाव कार्य फिर से शुरू हुआ। इनमें अधिकतर छात्र सातवीं से ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ते हैं और उनकी उम्र 12 से 18 साल के बीच है।

## गाजा युद्धविराम: ट्रंप ने शहबाज और मुनीर को बताया सबसे सक्रिय विश्व नेता

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर गाजा संघर्ष को समाप्त कराने की उनकी योजना का 100 प्रतिशत समर्थन करते हैं। ट्रंप ने शरीफ और मुनीर को इस मुद्दे पर बातचीत में शामिल बेहद सक्रिय विश्व नेताओं में शामिल किया।

ट्रंप ने व्हाइट हाउस में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, पूरे क्षेत्र में अपने मित्रों और साझेदारों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद मैं शांति के अपने सिद्धांतों को औपचारिक रूप से जारी कर रहा हूं, जिन्हें लोगों ने वाकई पसंद किया है। उन्होंने कहा, ये सभी कार्य उन राष्ट्रों के साथ पूर्ण विचार-विमर्श के बाद किए गए हैं जिनके बारे में हम बात कर रहे हैं। ट्रंप ने उन विश्व नेताओं का भी धन्यवाद किया जिनके साथ उन्होंने गाजा पर बैठकें और बातचीत की, इनमें शहबाज शरीफ और मुनीर को सबसे सक्रिय बताया।

# एच 1 बी वीजा प्रक्रिया में हो सकते हैं कई बदलाव

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**



- **अमेरिकी वाणिज्यमंत्री लुटनिक ने दिए बदलाव के संकेत**
- **सस्ते तकनीकी सलाहकारों को देश में लाने को बताया गलत**

अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने कहा कि फरवरी 2026 में एच1बी वीजा मामले में एक लाख डॉलर का नया शुल्क लागू होने से पहले इस वीजा प्रक्रिया में 'काफी बदलाव' होंगे। उन्होंने 'सस्ते' तकनीकी सलाहकारों के देश में आने और उनके परिवारों को साथ लाने के विचार की बात को पूरी तरह गलत बताया।

ट्रंप प्रशासन ने इस महीने नए एच1बी कामकाजी वीजा के लिए 1,00,000 अमेरिकी डॉलर के एकमुश्त शुल्क की घोषणा की है। यह आदेश अस्थायी वीजा पर अमेरिका में काम करने के इच्छुक भारतीय पेशेवरों को प्रभावित करेगा। एच1बी की घोषणा पर हस्ताक्षर किए जाने के दौरान ओवल ऑफिस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मौजूद लुटनिक ने कहा था कि 1,00,000 अमेरिकी डॉलर सभी एच1बी वीजा के लिए वार्षिक शुल्क होगा, जिसमें नवीनीकरण और पहली बार आवेदन करने वाले आवेदक भी शामिल हैं।

बड़े पैमाने पर अफरा-तफरी और ऊहापोह के बीच, ट्रंप प्रशासन ने स्पष्ट किया कि एच1बी वीजा के लिए नई शुल्क आवश्यकता मौजूदा वीजा धारकों पर लागू नहीं होगी और यह एकमुश्त भुगतान है जो केवल नए आवेदनों पर लागू होगा। लुटनिक ने न्यूजनेशन के साथ साक्षात्कार में रविवार को कहा, यह प्रक्रिया फरवरी 2026 में लागू होगी, इसलिए मेरा अनुमान है कि अभी से लेकर 2026 तक इसमें कई बड़े बदलाव होंगे।

# चीन, फ्रांस, रूस समेत कई देशों ने किया ट्रंप की योजना का समर्थन

- **योजना को अविलंब लागू करने के साथ पुनर्निर्माण करने की मांग की**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

गाजा में युद्धविराम के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से पेश किए गए 20 सूत्री फार्मूले का दुनिया के तमाम देशों ने समर्थन किया है। इनमें रूस-चीन और फांस के साथ आठ से ज्यादा अरब और मुस्लिम देश भी शामिल हैं।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, फिलिस्तीन और इजराइल के बीच तनाव कम करने के सभी प्रयासों का चीन स्वागत और समर्थन करता है। ट्रंप के समझौते पर टिप्पणी करते हुए शंघाई इंटरनेशनल स्टडीज यूनिवर्सिटी के मिडल ईस्ट स्टडीज इंस्टीट्यूट के प्रोफेसर लियू झोंगमिन ने बताया कि ट्रंप प्रशासन की 20 सूत्री शांति योजना व्यापक रूपरेखा है जिसे गाजा युद्ध का अंत करीब होने के साथ बातचीत और समझौतों के माध्यम से विकसित किया गया है। रूसी सत्ता प्रतिष्ठान 'क्रेमलिन' के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा, रूस हमेशा ट्रंप के ऐसे किसी भी प्रयास का समर्थन करता है जिसका उद्देश्य वर्तमान त्रासदी को रोकना है। हम चाहते हैं कि इस योजना को लागू किया जाए ताकि यह मध्य पूर्व में घटनाओं को शांतिपूर्ण दिशा में लाने में मदद कर सके।

फ्रांस ने गाजा में संघर्षरत पक्षों से इस योजना को अविलंब लागू करने का आह्वान किया ताकि युद्ध समाप्त किया जा सके और शांति तथा सुरक्षा का मार्ग पुनः खोला जा सके, जिससे फिलिस्तीनियों को आत्मनिर्णय का अधिकार, इजरायलियों को सुरक्षा, स्थिरता एवं क्षेत्रीय एकीकरण के अधिकार की गारंटी मिल सके।

### मोदी ने कहा- ये दीर्घकालिक शांति का सही रास्ता



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा संघर्ष समाप्त कराने संबंधी योजना का मंगलवार को स्वागत किया, कहा कि यह फिलिस्तीन और इजराइल के लोगों के साथ पूरे पश्चिम एशियाई क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक शांति, सुरक्षा और विकास का व्यवहार्य मार्ग प्रदान करती है। 'एक्स' पर पोस्ट में मोदी ने आशा जताई कि सभी संबंधित पक्ष राष्ट्रपति ट्रंप की पहल के लिए एकजुट होंगे और संघर्ष को समाप्त करने तथा शांति सुनिश्चित करने के इस प्रयास का समर्थन करेंगे।

### हमास कतर और तुर्की के साथ कर रहा चर्चा

**दोहा।** कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजेद अल अंसारी ने बताया कि हमास, कतर और तुर्की के प्रतिनिधियों के साथ ट्रंप की योजना पर चर्चा कर रहा है। अल अंसारी ने कहा, हमास प्रतिनिधिमंडल के साथ चर्चा अभी भी जारी है। तुर्की प्रतिनिधिमंडल भी वार्ता में शामिल हो गया है। इजराइल के कतर की संप्रभुता का फिर उल्लंघन न करने के वादे पर अल-अंसारी ने कहा कि दोहा इस प्रतिज्ञा से संतुष्ट है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 अक्टूबर, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, नवमी 19.01 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग

(कुंडली चार्ट: मं. 7; के. शु. 5; बु. सू. 6; 8; 4; चं. 9; 3 गु.; 10; 12 श.; 2; रा. 11; 1)

दिशाशूल- उत्तर, ऋतु- शरद।

चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।

ताराबल- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र- पूर्वाषाढ़ा 08.06 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** — आज आप जो भी काम करेंगे लोग, उसमें गलतियां निकालने की कोशिश कर सकते हैं। धार्मिक कर्मों एवं पूजा-पाठ की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। आपके धैर्य और संयम की आज परीक्षा होने वाली है। आपके स्वजन ही आपके प्रति दुर्व्यवहार कर सकते हैं।

**वृष** — आज व्यापार को लेकर आप अत्यंत गंभीर रहेंगे। सभी कार्य योजनाओं के अनुसार होते चले जाएंगे। सहयोगी कर्मचारी आपके प्रति अत्यधिक सत्यनिष्ठ रहेंगे। धार्मिक अनुष्ठानों में आप भाग लेंगे। प्रेमीजन के लिए कुछ महंगे उपहार खरीद सकते हैं।

**मिथुन** — आज इस समय अपनी योजनाओं को ठीक तरह से क्रियान्वित नहीं कर पा रहे हैं। मन में दूसरों का हित करने की भावना प्रबल रहेगी। आपको किसी विशेष काम को लेकर अपनी योग्यता सिद्ध करनी होगी। मानसिक परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।

**कर्क** — आज लीवर के रोग परेशान कर सकते हैं। शाम को मित्रों के साथ गपशप का आनंद उठाएंगे। अपनी शक्ति एवं अधिकारों का दुरुपयोग न करें। ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे आप लोगों के निशाने पर आएं। स्वास्थ्य को लेकर सावधान रहें।

**सिंह** — आज पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर कुछ असमंजस की स्थितियां उत्पन्न होंगी। व्यवसाय में अधिक फेरबदल करने से बचें। आप अनावश्यक कार्यों में समय खराब कर सकते हैं।

**कन्या** — आज समय पूरी तरह से आपके पक्ष का है। प्रेम-संबंधों की मर्यादा बनाए रखें। लोग आपके व्यक्तित्व से अत्यधिक प्रभावित रहेंगे। नौकरी में महत्वपूर्ण स्थान-परिवर्तन हो सकते हैं। योग्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन लेना आपके लिए हितकर सिद्ध होगा।

**तुला** — आज मित्रगण आपके प्रति गलत राय बना सकते हैं। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। परिवार में कोई बड़ा आयोजन हो सकता है। भावुकता में आकर कोई निर्णय न लें। आत्मकेन्द्रित होने से आपको बचना चाहिए।

**वृश्चिक** — आज अपनी जिम्मेदारियों को पूरे मनोभाव से पूर्ण करने में लगे रहेंगे। जीवनसाथी आपको किसी बात के लिए मनाने का प्रयास कर सकते हैं। आप अधिकांश समय आराम करने के मूड में रहेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताना आपको अच्छा लगेगा।

**धनु** — आज पूर्व में की गई गलती दोबारा दोहरा सकते हैं। इसीलिए सतर्क रहें। शरीर में पित्तवृद्धि के कारण मुख में कड़वापन हो सकता है। कार्यक्षेत्र में अपने प्रदर्शन को लेकर संतुष्ट नहीं रहेंगे। कुछ विचित्र प्रकार की अनुभूतियां आपको हो सकती हैं।

**मकर** — आज अपनी सफलता से आप संतुष्ट रहेंगे। कारोबारी यात्रा सफल होने से बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। नए काम को लेकर मन में आशा के भाव अंकुरित होंगे। आप जहां भी रहेंगे वहां का माहौल बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

**कुंभ** — आज आपके दिमाग में चंचलता हावी रहेगी, लेकिन फिर भी आप अपने काम को लेकर निष्ठावान रहेंगे। अपने व्यावसायिक कार्यों की अच्छी मार्केटिंग करने में सफलता मिलेगी। पैतृक संपत्ति से आपको लाभ होगा।

**मीन** — आज बड़े अधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। आय सीमित ही रहेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को कटु आलोचनाओं का सामना करना पड़ेगा। अपनी शक्तियों और अधिकारों का पर्याप्त उपयोग आप नहीं कर पा रहे हैं।

## सुडोकू -116

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 7 | 6 | | 5 | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | | 6 | 5 | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 2 | | 8 | |
| 9 | | | | | | | | 7 |
| | 6 | | 4 | | 8 | | | 5 |
| | | 2 | | | 4 | | | |
| | | 3 | | | | | | 2 |
| | | 5 | | 1 | 7 | | 6 | |

### सुडोकू - 115 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 4 | 3 | 8 | 9 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 2 | 9 | 1 | 5 | 4 | 7 | 6 |
| 1 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 7 | 1 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 4 | 7 | 2 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 2 | 1 | 6 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 | 5 | 9 |



मुझे दबाव से निपटते हुए टीम को मुश्किल स्थिति से निकालना था। मुझे बस क्रीज पर रह कर अपना खेल खेलना था। मुझे पता था कि तिलक के साथ सोझेदारी में दाएं और बाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन बना रहेगा।
– संजू सैमसन, भारतीय क्रिकेटर


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

बरेली, बुधवार, 1 अक्टूबर 2025


हाईलाइट

## सिनर फाइनल में, गॉफ क्वार्टर फाइनल में

चाइना ओपन

**बीजिंग।** शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने एलेक्स डि मिनौर को हराकर चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। सिनेर ने 6-4, 3-6, 6-2 से जीत दर्ज करके हार्डकोर्ट टूर्नामेंट में लगातार नौवे फाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना दानिल मेदवेदेव या लर्नर टियेन से होगा। महिला वर्ग में अमेरिका की कोको गॉफ ने बेलिंडा बेंचिच को 4-6, 7-6, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरी वरीयता गाफ का बेंचिच के खिलाफ कैरियर रिकॉर्ड 4-2 का हो गया है।

## खारी बावली में छतों पर दौड़े उसैन बोल्ट

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे तेज धावक उसैन बोल्ट ने मंगलवार को दिल्ली के खारी बावली की छतों पर जब दौड़ लगाई तो एशिया के सबसे बड़े मसालों की बाजार की पृष्ठभूमि में इतिहास और खेल का ऐसा मिलन हुआ जैसा भारत ने पहले कभी नहीं देखा था। यह पहला मौका था जब अपने मसालों और पतंगबाजी के लिए प्रसिद्ध खारी बावली की विरासत वाली छतें स्प्रिंट ट्रैक में बदल गई। बोल्ट के साथ इस मौके पर पीवी सिंधु, पीआर श्रीजेश और अनिमेष कुजूर जैसे भारतीय ओलंपिक के सितारे भी शामिल थे।

## आईएलटी20 में शारजाह वॉरियर्स से जुड़े कार्तिक

**शारजाह।** भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक मंगलवार को इंटरनेशनल लीग टी-20 (आईएलटी-20) के चौथे सत्र से पहले शारजाह वॉरियर्स टीम से जुड़ गए। कार्तिक ने वॉरियर्स टीम में श्रीलंका के विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस की जगह ली। इस टीम के कोच दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर जेपी डुमिनी हैं। कार्तिक ने कहा कि मैं डीपी वर्ल्ड आईएलटी-20 टूर्नामेंट के लिए शारजाह वॉरियर्स टीम से जुड़कर बहुत उत्साहित हूं। मैं जानता हूं कि वे एक युवा टीम है और जो कुछ खास करने की ख्वाहिश रखते है।

## राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए दें आवेदन : खेल मंत्रालय

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने मंगलवार को इस साल के राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी और 28 अक्टूबर को आवेदन करने की आखिरी तारीख है। खेलों में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रपति हर साल ये पुरस्कार देती हैं, लेकिन राष्ट्रपति भवन में होने वाले समारोह की तारीख अब तक नहीं की गई है। डोपिंग उल्लंघन के मामलों में सजा पा चुके खिलाड़ी तभी पुरस्कार के पात्र होंगे जब सजा की अवधि खत्म हो चुकी हो। मंत्रालय ने कहा कि निलंबन या सजा के दौरान की उपलब्धियां नहीं गिनी जायेंगी।

## भारत-आस्ट्रेलिया ए के बीच पहला वन-डे रद्द

**कानपुर।** भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच पहला अनौपचारिक एकदिवसीय मैच मंगलवार को लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया। ग्रीन पार्क स्टेडियम में लगातार बारिश के कारण टॉस भी नहीं हो सका, जिससे खिलाड़ी और प्रशंसक निराश हुए। पिछले साल बांग्लादेश के खिलाफ भारत के टेस्ट मैच के दौरान ग्रीन पार्क की जल निकासी व्यवस्था समीक्षा के घेरे में आ गई थी जब कुछ देर की बारिश से पूरे दिन का खेल धुल गया था। 3 मैच की अनौपचारिक वनडे श्रृंखला का दूसरा मैच शुक्रवार को इसी मैदान पर खेला जाएगा।

# पाकिस्तानी खिलाड़ियों की छींटाकशी का जवाब कप जीतना था : तिलक

हैदराबाद, एजेंसी

- बोले- आपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी खिलाड़ी आक्रामक थे हमने उन्हें खेलकर जवाब दिया

एशिया कप फाइनल में भारत की जीत के सूत्रधार रहे मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों की छींटाकशी और आक्रामकता का सर्वश्रेष्ठ जवाब खिताब जीतना ही था और उन्होंने शुरुआत में बने दबाव से सहज पार पा लिया था। तिलक के नाबाद 69 रन की मदद से भारत ने दुबई में रविवार को खेले गए फाइनल में पांच विकेट से जीत दर्ज की।

तिलक ने दुबई से कल रात यहां पहुंचने के बाद कहा कि शुरुआत में कुछ दबाव और तनाव था, लेकिन मैने सबसे ऊपर अपने देश को रखा और मैं देश के लिए जीतना चाहता था। मुझे पता था कि दबाव के आगे घुटने टेक दूंगा तो अपने आप को और देश के 140 करोड़ लोगों को निराश करूंगा। उन्होंने कहा कि मैंने बेसिक्स पर भरोसा रखा जो मैंने शुरुआती दिनों में अपने कोचों से सीखे थे और उसका अनुसरण किया। उन्हें सबसे सही जवाब यही था कि हम एशिया कप जीत जाएं और हमने वही किया। तिलक ने स्वीकार किया कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने मैच में छींटाकशी की, लेकिन उन्होंने खामोश रहना पसंद किया। उन्होंने कहा कि आपरेशन सिंदूर के बाद वे हमारे खिलाफ काफी आक्रामक थे। हमने उन्हें खेल को जिस तरीके से खेला जाना चाहिए, वैसे ही खेलकर जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि हमने तीन विकेट जल्दी गंवा दिए और माहौल काफी गर्म हो गया था। मैं जल्दी बल्लेबाजी करने आ गया, लेकिन मैंने किसी को कुछ नहीं कहा और ना ही कोई खराब शॉट खेलकर टीम और देश को निराश किया। एक बार भारत जीत गया तो उन्होंने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मैच के दौरान मेरा फोकस बेसिक्स पर था और मैं उन्हें जवाब नहीं देना चाहता था। मुझे जो कुछ कहना था, वह मैंने मैच के बाद कहा। भारत और पाकिस्तान के मैचों में यह होता है, लेकिन हमारा फोकस मैच जीतने पर था। भारत को आखिरी ओवर में दस रन चाहिए थे और तिलक ने कहा कि वह तब तक दबाव से ऊपर उठ चुके थे।

### दबाव में फाइनल खेलना बहुत अच्छा अहसास रहा

तिलक ने कहा कि मुझ पर आखिरी ओवर में दबाव नहीं था। मैं गेंद दर गेंद रणनीति बना रहा था। मुझे गर्व है कि मैं यह कर सका। तिलक ने इस पारी को अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि मैं इसे सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक कहूंगा। इसके अलावा इंग्लैंड के खिलाफ चेन्नई में मैंने नाबाद 72 रन बनाए थे जो बेहतरीन पारी थी। एशिया कप खेलना और पाकिस्तान के खिलाफ दबाव के हालात में फाइनल खेलना बहुत अच्छा अहसास था। मैं इस पारी को अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी कहूंगा। भारत इसलिए जीत सका क्योंकि बल्लेबाजी के लिए कठिन पिच पर अच्छी साझेदारियां कीं।

### पाकिस्तान का हमसे कोई मुकाबला नहीं

वर्मा ने कहा कि मैं सूर्या भाई से सहमत हूं कि पाकिस्तान का हमसे कोई मुकाबला नहीं है लेकिन यह खेल है और हमें पता था कि फाइनल में वे तैयारी से आएंगे। हमें उसकी अपेक्षा थी और हम उसके लिए तैयार थे। पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी, लेकिन हमने अच्छी साझेदारियां करके जीत दर्ज की और हमे इस पर गर्व है। जीत के सूत्रधार तिलक की तुलना विराट कोहली से भी की गई लेकिन 22 वर्ष के इस बल्लेबाज ने कहा कि जब विराट भाई जैसे लीजैंड के साथ नाम लिया जाए तो यह गर्व की बात है, लेकिन मेरा फोकस सिर्फ देश के लिए मैच जीतने पर है। मुझे खुशी है कि भारत को एशिया कप जिता सका। टी20 विश्व कप मेरा अगला लक्ष्य है और विश्व कप जीतने के बाद ही चैन से सो सकूंगा ।



तिलक वर्मा

# भारत ने श्रीलंका को 59 रनों से हराया

आईसीसी महिला वनडे विश्व कप

## अमनजोत-दीप्ति के अर्धशतक के बाद स्पिनरों की फिरकी में उलझा श्रीलंका

- डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत भारत के 271 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी थी श्रीलंकाई टीम

गुवाहाटी, एजेंसी

अमनजोत कौर और दीप्ति शर्मा के अर्धशतक के बाद भारत ने अपने स्पिनरों के फिरकी के जादू की बदौलत मंगलवार को वर्षा से प्रभावित आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप के 47 ओवर के उद्घाटन मैच में श्रीलंका को 59 रन से हराकर अपने अभियान की शुरुआत जीत से की।

डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत घटाए गए ओवरों की संख्या के बाद भारत ने 47 ओवरों में बने 269 रन बनाए।

जीत के लिए 270 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम ऑफ स्पिनरों दीप्ति (54 रन पर 3 विकेट) और स्नेह राणा (32 रन पर 2 विकेट) तथा बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी (37 रन पर 2 विकेट) की बलखाती गेंदों के सामने 45.4 ओवर में 211 रन पर सिमट गई। कप्तान चामरी अटापट्टू 43 रन बनाकर टीम की शीर्ष स्कोरर रहीं जबकि निलाक्षिका सिल्वा ने 35 रन बनाए। भारत इससे पहले दो ओवर में 4 विकेट गंवाने के बाद एक समय 6 विकेट पर 124 रन बनाकर मुश्किल में था लेकिन अमनजोत (57 रन) और दीप्ति (53 रन) ने सातवें विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी कर भारत को 8 विकेट पर 269 रन के स्कोर तक पहुंचाया। हरलीन देओल (48 रन) ने भी उम्दा पारी खेली। भारतीय पारी के दौरान कई बार बारिश से खलल पड़ा, जिससे मुकाबले को 47 ओवर का कर दिया गया। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने 10 ओवर में एक विकेट पर 49 रन बनाकर सतर्क शुरुआत की। कप्तान अटापट्टू शुरू से ही अच्छी लय में दिखीं। उन्होंने अमनजोत पर पारी का पहला चौका जड़ने के बाद क्रांति गौड़ पर छक्का भी मारा। क्रांति ने हसिनी परेरा (14) को बोल्ड करके विश्व कप में अपना पहला विकेट लिया। हर्षित समरविक्रम ने आते ही अमनजोत पर तीन चौके मारे जबकि अटापट्टू ने दीप्ति का स्वागत छक्के और चौके से किया। दीप्ति ने अटापट्टू को बोल्ड किया।

हर्षिता समरविक्रम (29) और विश्मी गुणारत्ने ने 22वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने हर्षिता को और अमनजोत ने गुणारत्ने को पगबाधा किया। दीप्ति ने लगातार ओवरों में कविशा दिलहारी (15) और अनुष्का संजवनी (06) को पवेलियन भेजकर श्रीलंका का स्कोर 6 विकेट पर 140 रन किया। श्रीलंका को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 114 रन की दरकार थी। स्नेह राणा ने नीलाक्षिका सिल्वा (35) को बोल्ड करके श्रीलंका को झटका दिया और फिर सुगंदिका कुमारी (10) की पारी का अंत किया। चरणी ने अचिनी कुलसूर्या (17) को स्मृति के हाथों कैच कराया जबकि प्रतीका रावल ने इनोका रणवीरा (03) को पगबाधा कर भारत की जीत सुनिश्चित की।

इससे पहले विश्व कप में अपना पहला मैच खेल रहीं अमनजोत ने शुरुआत से ही संयम दिखाया और स्ट्राइक रोटेट की। उन्होंने ढीली गेंदों को सबक सिखाने में भी कोई कोताही नहीं बरती। इस बल्लेबाजों को 18, 37 और 50 रन के स्कोर पर तीन जीवनदान भी मिले। अमनजोत ने 45 गेंद में विश्व कप में अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। अनुभवी बल्लेबाज दीप्ति ने दूसरे छोर पर मोर्चा संभाला और अपना 16वां एकदिवसीय अर्धशतक बनाया। स्नेह राणा ने भी नाबाद 28 रन की पारी खेली और भारत का स्कोर 250 रन के पार पहुंचाया। श्रीलंका की बाएं हाथ के स्पिनर इनोका रणवीरा (4 विकेट) ने भारत का स्कोर 6 विकेट पर 124 रन कर दिया। रणवीरा ने अच्छी तरह जम चुकी हरलीन, जेमिमा रोड्रिग्स (0) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (21) को पांच गेंद के भीतर आउट कर भारतीय मध्यक्रम को ध्वस्त किया। श्रीलंकाई कप्तान चामरी अटापट्टू ने ऋचा घोष को आउट करके भारत को एक और झटका दिया, जिससे भारतीय टीम ने चार रन पर चार विकेट गंवा दिए। उदेशिका प्रबोधनी ने इससे पहले चौथे ही ओवर में फॉर्म में चल रही स्मृति मंधाना (08) को पवेलियन भेजा।



आईसीसी महिला विश्व कप का पहला मैच जीतने के बाद जश्न मनाती भारतीय टीम।

**भारत : 269/8 (47 ओवर)**

| | |
|---|---|
| प्रतीका रावल का गुणारत्ने बो रणवीरा | 37 |
| स्मृति मंधाना का गुणारत्ने बो प्रबोधिनी | 08 |
| हरलीन देओल का कविशा बो रणवीरा | 48 |
| हरमनप्रीत कौर का अनुष्का बो रणवीरा | 21 |
| जेमिमा रोड्रिग्स बो रणवीरा | 00 |
| दीप्ति शर्मा का सुगंदिका बो कुलसूर्या | 53 |
| रिचा घोष का प्रबोधिनी बो अटापट्टू | 02 |
| अमनजोत कौर का गुणारत्ने बो प्रबोधिनी | 57 |
| स्नेह राणा नाबाद | 28 |

**गेंदबाजी :** कुलसूर्या 8-0-42-1, प्रबोधिनी 10-1-55-2, सुगंदिका 9-0-46-0, कविशा 8-0-51-0, रणवीरा 9-0-46-4, अटापट्टू 3-0-24-1

**श्रीलंका : 211/10 (45.4 ओवर)**

| | |
|---|---|
| हसिनी परेरा बो क्रांति | 14 |
| चामरी अटापट्टू बो दीप्ति | 43 |
| हर्षिता समरविक्रम पगबधा बो चरणी | 29 |
| विश्मी गुणारत्ने पगबाधा बो अमनजोत | 11 |
| कविशा दिलहारी का ऋचा बो दीप्ति | 15 |
| निलाक्षिका सिल्वा बो स्नेह | 35 |
| अनुष्का संजीवनी का हरमनप्रीत बो दीप्ति | 06 |
| सुगंदिका कुमारी बो स्नेह | 10 |
| अचिनी कुलसूर्या का स्मृति बो चरणी | 17 |
| उदेशिका प्रबोधनी नाबाद | 14 |
| इनोका रणवीरा पगबाधा बो प्रतीका | 03 |

**गेंदबाजी :** क्रांति 9-0-41-1, अमनजोत 6-0-37-1, स्नेह 10-0-32-2, दीप्ति 10-1-54-3, चरणी 8-0-37-2, प्रतीका 2 .4-0-6-1

दसवें ओवर के बाद बारिश के कारण 80 मिनट तक खेल रुका गया और खेल दोबारा शुरू होने पर रणवीरा ने अपने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल (37) को आउट कर दिया जो अच्छी लय में दिख रही थीं लेकिन उन्होंने कई खाली गेंद खेली।

# दलीप ट्रॉफी में गेंदबाजी ने लय हासिल करने में की मदद : कुलदीप

नई दिल्ली, एजेंसी

इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के दौरान अंतिम एकादश में जगह बनाने में नाकाम रहे स्टार स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि दलीप ट्रॉफी में काफी अधिक गेंदबाजी करने से उन्हें एशिया कप के लिए अपनी लय वापस पाने में मदद मिली। कुलदीप ने इस टूर्नामेंट को 17 विकेट के साथ सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उनका गेंदबाजी औसत 9.29 रहा।

पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को दुबई में हुए फाइनल में उन्होंने विपक्षी बल्लेबाजों को अपनी फिरकी में फंसाते हुए 30 रन देकर चार विकेट झटके। उन्होंने बीसीसीआई द्वारा जारी वीडियो में रिंकू से बातचीत के दौरान कहा कि जब आप लंबे समय तक क्रिकेट नहीं खेलते हैं, तो आपको लय की जरूरत होती है। मुझ दलीप ट्रॉफी में गेंदबाजी का मौका मिला ऐसे में जब मैं टूर्नामेंट के लिए आया तो मेरी गेंदबाजी अच्छी चल रही थी। मेरी भूमिका बीच के ओवरों में रन को नियंत्रित करने और विकेट लेने की थी। कप्तान को मुझ पर भरोसा था और मैंने इसे निभाया। वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल के साथ कुलदीप ने शानदार स्पिन तिकड़ी बनाई। इस तिकड़ी ने अपनी विविधता से बल्लेबाजों को परेशान किया।



कुलदीप यादव

- यादव ने एशिया कप में 9.29 की औसत से लिए सर्वाधिक 17 विकेट

### वरुण ने सैमसन को अपनी ताकत का स्तंभ बताया

अबूझ स्पिनर वरुण ने कहा कि पावरप्ले के साथ-साथ आखिरी ओवरों में गेंदबाजी करने जैसे कठिन कार्य को सौंपने के बाद वह टीम प्रबंधन की उम्मीदों पर खरा उतर कर खुश हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम के लिए यह भूमिका पाकर खुशी हुई और जब जीजी (मुख्य कोच गौतम गंभीर) और (कप्तान) सूर्या ने मुझे बताया कि मुझे इस टूर्नामेंट में मुश्किल भूमिका निभानी होगी, जैसे कि पावरप्ले और आखिरी ओवरों में भी गेंदबाजी करना। वरुण ने संजू सैमसन को अपनी ताकत का बड़ा स्तंभ बताया। इस वीडियो में उनके साथ बाद में सैमसन भी जुड़ गए। सैमसन ने फाइनल में तीन विकेट जल्दी गिरने के बाद उपयोगी पारी खेलकर टीम की जीत में योगदान दिया। वरुण ने सैमसन से बातचीत करते हुए कहा कि यह बंदा मेरे लिए समर्थन का स्तंभ रहा है।

# दीपेश के पंजे से भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 243 रनों पर रोका

अंडर-19

ब्रिस्बेन, एजेंसी

तेज गेंदबाज दीपेश देवधरन के पांच विकेट से भारतीय अंडर-19 टीम ने पहले युवा टेस्ट मैच के शुरुआती दिन मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को पहली पारी में 243 रन पर आउट कर दिया। तमिलनाडु के 17 वर्षीय दीपेश ने 16.2 ओवर में 45 रन देकर पांच विकेट और किशन कुमार ने 16 ओवर में 48 रन देकर तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 91.2 ओवर में आउट हो गई, जिसके बाद दिन का खेल समाप्त हो गया।



ऑस्ट्रेलिया के लिए तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने आए स्टीवन होगन ने 246 गेंदों पर 92 रन बनाए। जेड हॉलिक ने 38 रन बनाकर उनका साथ दिया। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 65 रनों की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की, लेकिन दीपेश और किशन ने शुरुआती ओवरों में एक-एक विकेट लेकर स्कोर दो विकेट पर 30 रन कर दिया। ऑफ-स्पिनर अनमोलजीत सिंह ने कप्तान विल मालजुक (21) का विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को 78 पर 3 विकेट के स्कोर के साथ मुश्किल में डाल दिया। खिलन पटेल और दीपेश ने हॉलिक और विकेटकीपर साइमन बज को पवेलियन भेजा। इससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 5 विकेट पर 167 रन हो गया। ऑस्ट्रेलिया की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही। युवा टेस्ट श्रृंखला से पहले आयुष महात्रे की अगुवाई में भारतीय टीम ने युवा एकदिवसीय श्रृंखला में 3-0 से जीत दर्ज की थी। श्रृंखला का दूसरा युवा टेस्ट मैच सात से 10 अक्टूबर के बीच खेला जाएगा।

# न्यूजीलैंड पर जीत से आगाज करना चाहेगा ऑस्ट्रेलिया

महिला विश्व कप

इंदौर, एजेंसी

सात बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम आईसीसी महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप में बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत दर्ज कर अभियान की शुरुआत करना चाहेगी। मौजूदा टी-20 चैंपियन न्यूजीलैंड से उसे कड़ी चुनौती मिलेगी, लेकिन ऑस्ट्रेलिया को आंतरिक चुनौतियों से भी पार पाना होगा।

ऑस्ट्रेलिया के पास प्रतिभा और विकल्पों की कमी नहीं है और टीम में संतुलन बनाना सबसे बड़ी परेशानी है। बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू और लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहेम चोटों से उबर चुकी हैं। अब ऑस्ट्रेलियाई टीम प्रबंधन को देखना होगा कि अंतिम एकादश में उनकी जगह कैसे बनाई जाए। वेयरहेम और अलाना किंग के रूप में दो लेग स्पिनरों को उतारा जाए या आक्रमण को विविधता देने के लिए मोलिनू को शामिल किया जाए। तेज गेंदबाजी में भी आस्ट्रेलिया के पास मेगान शूट, अनाबेल सदरलैंड, एलिसे पैरी, ताहलिया मैकग्रा और डार्सी ब्राउन हैं। बल्लेबाजी में बेथ मूनी, फीबी लिचफील्ड और एशले गार्डनर के साथ कप्तान एलिसा हीली को मोर्चे से अगुवाई करनी होगी।

**ऑस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्रासन, एशले गार्डनर, किम गार्थ, हीथर ग्राहम, अलाना किंग, फीबी लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिनू, बेथ मूनी, एलिसे पैरी, मेगान शूट, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहेम।

**न्यूजीलैंड :** सोफी डेवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, एडेन कारसन, फ्लोरा डेवोनशर, इजी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रूक हालीडे, ब्री इलिंग, पोली इंगलिस, बेला जेम्स, जेस केर, एमेलिया केर, रोसमेरी मायेर, जॉर्जिया प्लिमर, ली ताहुहू। **मैच : दोपहर तीन बजे।**

# पाक क्रिकेटर अब विदेशी लीग नहीं खेल पाएंगे

इस्लामाबाद, एजेंसी

पीसीबी ने पाकिस्तान के बाहर टी-20 लीग में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों के सभी अनापत्ति प्रमाणपत्र निलंबित कर दिए हैं। बोर्ड के मुख्य परिचालन अधिकारी सुमैर अहमद सैयद ने 29 सितंबर को नोटिस भेजकर खिलाड़ियों और एजेंटों को इस फैसले की जानकारी दी।

ईएसपीएन क्रिकइंफो द्वारा देखे गए नोटिस में लिखा है, पीसीबी अध्यक्ष की स्वीकृति से, लीग व अन्य विदेशी टूर्नामेंटों में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों के सभी अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) अगले आदेश तक स्थगित किए जाते हैं। यह कार्रवाई क्यों की गई, इसका कारण नहीं बताया गया है। रिपोर्टों से पता चलता है कि पीसीबी का लक्ष्य एनओसी को एक प्रदर्शन-आधारित प्रणाली से जोड़ना है, जिसके मानदंड अभी सार्वजनिक नहीं हुए हैं। बोर्ड के दृष्टिकोण से, इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और घरेलू प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करना है। हालांकि, इसकी जानकारी नहीं है कि एनओसी पर वर्तमान निलंबन हटने से पहले मूल्यांकन में कितना समय लगेगा।

यह कदम पाकिस्तान को एशिया कप फाइनल में भारत से मिली हार के बाद उठाया गया है, लेकिन यह उस दौरे से ठीक पहले आया है, जिसमें उन्होंने टी-20 त्रिकोणीय सीरीज भी जीती थी। पाकिस्तान की घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता, कायदे-आजम ट्रॉफ़ी अक्टूबर में है, जो मूल तिथि 22 सितंबर से स्थगित हुई है। बाबर आजम, रिजवान और शाहीन अफरीदी सहित सात पाकिस्तानी खिलाड़ी दिसंबर में शुरू होने वाले बिग बैश लीग में खेलेंगे। 1 अक्तूबर को यूएई में होने वाली इंटरनेशनल लीग 2020 नीलामी के लिए 16 खिलाड़ी शॉर्टलिस्ट में हैं।



- पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने की खिलाड़ियों की एनओसी निलंबित

ट्राफी न दिए जाने पर विवाद

भारतीय बोर्ड ने एसीसी की वार्षिक आम बैठक में उठाया मुद्दा, मोहसिन नकवी अपने रुख पर बरकरार

# एशिया कप विवाद को लेकर बीसीसीआई का रवैया सख्त

दुबई, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में भारत को एशिया कप की विजेता ट्रॉफी प्रदान न किए जाने पर कड़ा ऐतराज़ जताया, लेकिन एसीसी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी अपने रुख पर बरकरार हैं। भारत को रविवार को ट्रॉफी नहीं दी गई थी क्योंकि भारतीय टीम ने पाकिस्तान सरकार में मंत्री और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नकवी से ट्रॉफी लेने से इन्कार कर दिया था।

इस एजीएम में बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और पूर्व कोषाध्यक्ष आशीष शेलार ने किया। एशिया कप की ट्रॉफी एसीसी के कार्यालय में है और यह अब भी स्पष्ट नहीं है कि इसे विजेता टीम के पास कब पहुंचाया जाएगा। एसीसी के सूत्र ने बताया कि ट्रॉफी न सौंपे जाने और मैच के बाद पुरस्कार समारोह के दौरान एसीसी अध्यक्ष (नकवी) द्वारा किए गए कारनामों पर भारत ने आज की बैठक में कड़ा ऐतराज जताया। बैठक में शुक्ला ने स्पष्ट किया कि ट्रॉफी विजेता टीम को सौंपी जानी चाहिए। यह एसीसी की ट्रॉफी है और किसी व्यक्ति की नहीं है। नकवी हालांकि अब भी ट्रॉफी देने पर सहमत नहीं हैं। नकवी ने इससे मना नहीं किया, लेकिन वह ज़िम्मेदारी टाल रहे थे। उन्होंने कहा कि नकवी इस बात पर अड़े रहे कि इस मामले पर एजीएम में चर्चा नहीं होनी चाहिए और इसे किसी और समय अलग से उठाया जाना चाहिए। बैठक का एकमात्र एजेंडा उपाध्यक्ष का चुनाव करना था, लेकिन उसे भी टाल दिया गया। नकवी ने एशिया कप जीतने के लिए बीसीसीआई को बधाई नहीं दी, लेकिन शेलार के जोर देने पर उन्हें भारतीय टीम की औपचारिक प्रशंसा के लिए मजबूर होना पड़ा।




### आईसीसी के पास जाएगा बीसीसीआई

जब बैठक शुरू हुई तो नकवी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ नेपाल को जीतने और एसीसी सदस्य बनने के लिए मंगोलिया को बधाई देकर अपनी बात समाप्त कर दी। तभी शेलार ने सवाल उठाया कि आप एशिया कप खिताब के लिए भारत को बधाई क्यों नहीं दे रहे हैं। उन्होंने नकवी को बधाई देने के लिए मज़बूर किया और पीसीबी प्रमुख सहमत हुए और विधिवत बधाई दी। बीसीसीआई अब इस मामले को आईसीसी के पास ले जाएगा, जिसकी बैठक नवंबर में होनी है।शुक्ला और शेलार ने तर्क दिया कि एसीसी को ट्रॉफी कार्यालय में रखनी चाहिए और बीसीसीआई उसे वहां से एकत्र करवा लेगा। हम वैध विजेता के रूप में ट्रॉफी चाहते हैं।